आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 235 | उज्जैन, सोमवार 07 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# सागर में जहरीली शराब पीने से अब तक 14 लोगों की मौत

## करीब 100 से ज्यादा की हालत गंभीर, 24 लोगों के शरीर नीले पड़े, आबकारी-पुलिस विभाग के पांच अधिकारी सस्पेंड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सागर**

मध्य प्रदेश के सागर जिले के बंडा में शनिवार रात जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें सागर स्थित बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार रात में 100 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बंडा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 14 लोगों की मौत हो गई। इनमें से कुछ लोगों के शरीर नीले पड़ गए हैं। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम बंडा अस्पताल में कराया जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर प्रतिभा पाल और पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी बंडा पहुंचे। अधिकारियों ने अस्पताल



पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कराई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बंडा में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले में सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा के आबकारी उप निरीक्षक रोशनी उरेते को सस्पेंड किया गया है।

- **पांच मरीज बीएमसी रेफर-** हरनाम राय (42), निवासी चौका, उत्तम नत्थू नायक (42), निवासी दलपतपुर, मंगल रजक (40), निवासी गूगरा खुर्द, परम आदिवासी, निवासी हिनौता और धनसिंह आदिवासी (30), निवासी हिनौता को गंभीर हालत में बीएमसी सागर रेफर किया गया है। प्रशासन और पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जहरीली शराब की आशंका को लेकर भी जांच की जा रही है।
- **रिश्तेदार ने बताया आधे घंटे में मौत-** बम्हुराबेड़ा निवासी रामकुमार दांगी ने बताया- उनके चचेरे भाई समेत गांव में 4 लोगों की मौत हुई है। एक व्यक्ति की पहले दिन और तीन की दूसरे दिन मौत हुई। रामकुमार का दावा है कि तीन लोगों ने साथ में शराब पी थी। इसके बाद उनके शरीर अचानक ठंडे पड़ने लगे और करीब आधे घंटे में उनकी मौत हो गई।

### सीएम यादव ने कहा- दोषियों को बख्शेंगे नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई रवाना होने से पहले कहा कि उन्होंने प्रभारी मंत्री और अधिकारियों को घटना की तत्काल जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं करेगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गूगरा चौकी प्रभारी अरक पूरन सिंह और बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा भी निलंबित किए गए हैं। वहीं, संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरज श्रीवास्तव को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतकों में गोलू उर्फ चमन लोधी (45), निवासी गूगरा खुर्द, दिग्विजय लोधी (28), निवासी नौराज, करतार सिंह लोधी (30), निवासी नौराज, उजियार सिंह लोधी (56), निवासी गूगरा खुर्द, रोशन लोधी (30), निवासी पाटन थाना विनायका और राजेंद्र लोधी (32), निवासी नौराज-गूगरा शामिल हैं। गोलू उर्फ चमन को पहले से कैंसर की शिकायत होने की जानकारी भी सामने आई है।

- **जीतू पटवारी बोले- शराब माफिया बेखौफ क्यों हैं-** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पर पोस्ट कर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले भी सागर में जहरीली शराब के कारोबार को कथित सरकारी संरक्षण मिलने का मुद्दा उठा चुकी है। जहरीली शराब का कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा है। शराब माफिया बेखौफ क्यों हैं।
- **उमंग सिंघार बोले- अवैध शराब के कारोबार से मौतें-** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रभावित परिवारों से मिले। सिंघार ने कहा कि मरीजों के शरीर नीले पड़ने और कम समय में मौत होने की बात भयावह है। उन्होंने इसे अवैध शराब के कारोबार और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला बताया।
- **पूर्व विधायक की 1 करोड़ मुआवजा देने मांग-** बंडा के पूर्व कांग्रेस विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा- जिम्मेदार लोगों पर हत्या का केस दर्ज हो। मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की है। उनका दावा है कि पिछले 3-4 दिनों में हजारों लोगों ने यह शराब पी है।

## देश विदेश

### अमेरिका ने ईरानी टैंकर पर हमले का वीडियो जारी किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरानी तेल टैंकर एम/टी काइलो पर किए गए हमले का वीडियो जारी किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड की तरफ से जारी इस वीडियो में काइलो में तेज आग लगी दिखाई दे रही है। टैंकर एक तरफ झुकता है और कुछ देर बाद ओमान की खाड़ी में में डूब जाता है। कैंटकॉम के मुताबिक, टैंकर के चालक दल ने हमला होने के बाद जहाज छोड़ दिया था। यह जहाज कोमोरोस के झंडे के तहत चल रहा था था। हमले में अमेरिकी सेना ने कुल तीन ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया था। इनमें काइलो डूब गया, जबकि दो अन्य टैंकरों को काम करने लायक नहीं छोड़ा गया। इधर ईरान ने रविवार को दावा किया है कि, उसने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी मानवरहित पोत को निशाना बनाया।

### झारखंड के कैबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन

**रांची।** झारखंड की राजनीति के लिए शनिवार देर रात एक बेहद दुखद खबर सामने आई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में कैबिनेट मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख नेताओं में शामिल सुदिव्य कुमार सोनू का निधन हो गया। बताया गया कि गिरिडीह स्थित उनके आवास पर अचानक तबीयत बिगड़ी और उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन उन्हें तुरंत स्थानीय मर्सी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। सुदिव्य कुमार सोनू के निधन की खबर सामने आते ही गिरिडीह में उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने लगी।

### ईरान में सड़क पर पलटा ईंधन टैंकर, धमाके में 11 की मौत

**तेहरान।** पश्चिमी ईरान में एक सड़क हादसे के बाद ईंधन टैंकर में हुए धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई। विस्फोट के कारण आसपास चल रही कई गाड़ियों में भी आग लग गई। हादसे में सात लोग घायल भी हुए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरआईबी के अनुसार, यह हादसा कुर्दिस्तान प्रांत के सनंदाज काउंटी और हमदान प्रांत के हमदान काउंटी के बीच स्थित इंटरसिटी सड़क पर हुआ। यह जानकारी कुर्दिस्तान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज की इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज के प्रमुख बाबक होदाई ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, होदाई ने बताया कि विस्फोट के कारण आसपास चल रही कई गाड़ियों में भी आग लग गई। उन्होंने कहा कि बचाव दल घायलों को सनंदाज के एक अस्पताल में भर्ती करा चुके हैं।

# भगवान श्री महाकालेश्वर की आज राजसी सवारी में भक्तों को होंगे 6 स्वरूपों के दर्शन

## ईशा फाउंडेशन के कैलाश वाद्यम सहित शहर के 5 से अधिक बैंड शामिल रहेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में सोमवार को अंतिम एवं राजसी सवारी मंदिर से निकाली जाएगी। सवारी में भगवान के 6 स्वरूपों में दर्शन श्रद्धालुओं को होंगे। सवारी में प्रमुख आकर्षण ईशा फाउंडेशन कैलाश वाद्यम का 70 सदस्यीय बैंड, शिवनाथ एवं शहर के 5 से अधिक बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। 10 ड्रोन से 500 किलो पुष्प पंखुडी वर्षा, नगर निगम की सिंहस्थ महाकुंभ आधारित प्रस्तुति रहेगी।

सोमवार को निकलने वाली अंतिम एवं राजसी सवारी में पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद एवं डोल रथ पर श्री सप्तधान का मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।



राजसी सवारी में परंपरागत 09 भजन मंडलियों को मिलाकर कुल 70 भजन मंडलियां सम्मिलित होंगी। इसके साथ ही मंदिर का बैंड एवं पुलिस बैंड भी सवारी में शामिल होंगे।

### रामघाट-गोपाल मंदिर पर पूजन

सवारी का शिप्रा तट रामघाट पर जलाभिषेक किया जाएगा। यहां पूजन अर्चन के दौरान दत्त अखाडा घाट से पारंपरिक पूजन होगा। इसके उपरांत राजसी सवारी परंपरागत मार्ग से ढाबा रोड, मिर्जा नईमबेग मार्ग, तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल चौराहा, सतीगेट, खड़े हनुमान, छत्रीचौक, शाही मस्जिद से होकर गोपाल मंदिर पहुंचेगी। श्री सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पर राजघराने से भगवान का पूजन अर्चन आरती होगी। वस्त्र अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद सवारी परंपरागत मार्ग से पटनी बाजार, गुदरी, महाकाल चौराहा से मंदिर पहुंचेगी। मंदिर के मुख्य द्वार पर पालकी को सशस्त्र जवान गार्ड आफ आनर देंगे। मंदिर के सभा मंडप में षोडश पूजन के उपरांत विश्राम होगा।

## सरकार को महाराष्ट्र के छात्रों की आवाज सुननी चाहिए

# नहीं सुनी तो छात्रों की गूंज और तेज होगी : राहुल गांधी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार 6 सितम्बर को कहा कि हजारों छात्र महाराष्ट्र की सड़कों पर विरोध कर रहे हैं, क्योंकि पूरे सिस्टम पर से उनका भरोसा टूट गया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार को उनकी आवाज सुननी चाहिए और तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, नहीं तो, छात्रों की गूंज और तेज होगी। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, हर छात्र बीजेपी शासन से परेशान है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र में हजारों छात्र सड़कों पर हैं, शांति से विरोध कर रहे हैं - इसका कारण सिर्फ एक परीक्षा या भर्ती नहीं है, बल्कि एक भरोसा है जो पूरे सिस्टम से टूट गया है। राहुल गांधी ने कहा, चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, हर स्टूडेंट बीजेपी सरकार से परेशान है। पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियां, पढ़ाई का बहुत ज्यादा खर्च, हॉस्टल में अमानवीय हालात, जहर जैसा खाना, डीबीटी में धोखाधड़ी। उन्होंने कहा, और अब, उन्होंने एमपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था पर कब्जा कर लिया है और उसकी क्रेडिबिलिटी खत्म कर दी है।



## मनोज तिवारी की बेटी रीति की बिग बॉस में एंट्री



### सलमान बोले- बाप पे मत जाना, अंडों को लेकर झगड़ा न करने की सलाह भी दी

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का प्रीमियर आज रात होगा। इससे पहले शो का एक प्रोमो सामने आया। जिसमें भोजपुरी एक्टर और बीजेपी नेता मनोज तिवारी नजर आए। हालांकि, इस बार वह कंटेस्टेंट बनकर नहीं, बल्कि अपनी बेटी रीति तिवारी को शो में छोड़ने पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत मनोज तिवारी के गाना गाते हुए स्टेज पर आने से होती है। सलमान उन्हें दोबारा शो में आने को लेकर चिढ़ाते हैं। इस पर मनोज बताते हैं कि वह खुद हिस्सा लेने नहीं, बल्कि अपनी बेटी को शो में छोड़ने आए हैं। इसके बाद रीति स्टेज पर आती हैं और परफॉर्म करती हैं। सलमान उन्हें घर के अंदर होने वाले झगड़ों को लेकर सलाह देते हुए कहते हैं कि अंडों को लेकर मत लड़ना। इसके बाद सलमान कहते हैं, ऐ बाप पे मत जाना। रीति की बिग बॉस एंट्री के साथ मनोज तिवारी की करीब 16 साल पुरानी बिग बॉस जर्नी भी चर्चा में आ गई। मनोज तिवारी ने 2010 में बिग बॉस सीजन 4 में हिस्सा लिया था। उस सीजन में श्वेता तिवारी, खली, डॉली बिंद्रा और मनोज तिवारी जैसे चर्चित चेहरे घर में मौजूद थे। उस सीजन की विनर श्वेता तिवारी बनी थीं।

## दिल्ली में 5 मंजिला हॉस्टल गिरा

# एक छात्र की मौत, 3 घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें एक स्टूडेंट की मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हैं।

बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी। 6 का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि मलबे में कितने बच्चे फंसे हैं। मौके पर मौजूद एक युवक ने बताया कि उसका एक दोस्त मलबे में दबा है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो। सत्य निकेतन दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास बसा प्रमुख छात्र इलाका है। यहां बड़ी संख्या में छात्र पीजी और



हॉस्टल में रहते हैं। इलाके में कई छात्र आवास हैं और आसपास वेंकटेश्वर कॉलेज, आर्यभट्ट कॉलेज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मैत्रेयी कॉलेज जैसे संस्थान हैं। इसी वजह से यहां दिनभर छात्रों की आवाजाही रहती है। हालांकि, सत्य निकेतन में कुल कितने छात्र रहते हैं, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

# चलती ट्रेन से मां-बाप के सामने बेटे को फेंका, मौत

**एजेंसी ▸▸ मथुरा**

उत्तर प्रदेश में हाथरस से मथुरा आ रही एक पैसेंजर ट्रेन में शुक्रवार दोपहर रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई। गेट के पास बैठने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक सिरफिरे युवक ने मां-बाप के सामने ही उनके बेटे को लात मारकर चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। पटरियों पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। आंखों के सामने कलेजे के टुकड़े की इस तरह दर्दनाक मौत देखकर माता-पिता की चीखों से पूरा डिब्बा दहल उठा।

## युवा रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा, पीएम आउट ऑफ रीच

# नाकामी छिपाने के लिए 'नाराज फूफा', 'दिमागी नक्सल' जैसे जुमले लेकर लाए : मल्लिकार्जुन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी के दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में छात्रों से किए संवाद को राजनीतिक भाषण बताया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया- मोदी जी कल दिल्ली विश्वविद्यालय के एसआरसीसी में गए। यह देश के युवाओं, शिक्षा और उनके भविष्य पर संवाद का अवसर था। लेकिन अफसोस, युवाओं के सवालों का सामना करने के बजाय भाषण फिर एक राजनीतिक प्रचार में बदल गया। कभी नाराज फूफा तो कभी दिमागी



और अर्बन नक्सल। जुमले बदलते रहते हैं, पर मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियां नहीं बदलती। खड़गे ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री जी, आउटरीच तभी करनी पड़ती है, जब आप आउट ऑफ रीच हो जाते हैं। प्रधानमंत्री जी ने अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाया। देश का युवा भी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा है।

### मेरी होम्योपैथी गोली से दिमागी नक्सल बौखला गए : पीएम मोदी

पीएम मोदी शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स कॉलेज के 100वें स्थापना दिवस सामरोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आपकी लैंग्वेज में कहूं तो इस कॉलेज के पूर्व छात्र ओरिजिनल गैंग्स्टर हैं। वे धुरंधर भले न हों, पर दुनियाभर में धूम तो मचाई है। मोदी ने यहां अपनी लाल किले पर दी गई 15 अगस्त की स्पीच का जिक्र भी किया। वे बोले- मैंने उस दिन 'दिमागी नक्सल' कहकर होम्योपैथी की ऐसी गोली दी, जिससे सारे विरोधी बौखलाने लगे।

## नैनो न्यूज

- **यूपी** : सहारनपुर कलेक्ट्रेट में ढहाई मस्जिद के नीचे कुआं मिला, कितना पुराना, जांचने के लिए एएसआई को बुलाया।
- **नई दिल्ली** : दुनिया के नए नक्शे पर भारत की आपत्ति, कहा- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख हमारे नक्शे के मुताबिक दिखें, हमारी सीमाएं अटल, इनसे समझौता नहीं।
- **नई दिल्ली** : सिक्किम में भूस्खलन से दो नदियों का रास्ता बंद, पानी एक जगह जमा, यूपी में घाट डूबे, सड़क पर चिताएं जलीं, एमपी में नदियां उफनाईं।
- **तेहरान** : 8 मुस्लिम देशों ने इजराइली मंत्रियों की निंदा की, गाजा खाली कराने को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया, कहा- इससे शांति को खतरा।
- **इंडोनेशिया** : ज्वालामुखी फटा, 50 हजार फीट तक राख उड़ी, 58 इंटरनेशनल समेत 301 फ्लाइट डिले, जान-माल के नुकसान की खबर नहीं।
- **नई दिल्ली** : शाह ने कहा- नक्सलवाद के बाद नशा भी खत्म करेंगे, रेड कॉरिडोर की सोच वालों ने हथियार डाले, नॉर्थईस्ट में 10 हजार युवाओं का आत्मसमर्पण।
- **नई दिल्ली** : सरकार के 35 रु. प्रतिकिलो प्याज बेचने के बाद भी कीमतें बढ़ीं, देशभर में औसत भाव 50.79 रु. पहुंचा, दिल्ली में 65 और चेन्नई में 63 रु. बिका।

## गुलाबी नगरी जयपुर के हनुमान मंदिर की अनोखी मान्यता

# काले स्वरूप में विराजमान हैं बजरंगबली

**एजेंसी ▸▸ जयपुर**

गुलाबी नगरी के चांदी की टकसाल क्षेत्र में स्थित श्री काले हनुमानजी मंदिर अपनी अनोखी प्रतिमा और धार्मिक मान्यताओं के कारण श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र है। राजस्थान देवस्थान विभाग के रिकॉर्ड में भी चांदी की टकसाल स्थित मंदिर का उल्लेख दर्ज है।

आमतौर पर हनुमानजी की प्रतिमाएं सिंदूरी रंग में दिखाई देती हैं, लेकिन इस मंदिर में बजरंगबली का काले रंग का पूर्वमुखी स्वरूप विराजमान है। मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार काले स्वरूप का संबंध हनुमानजी और शनिदेव से जुड़ी पौराणिक कथा से माना जाता है।

मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं में यह भी मान्यता है कि यहां हनुमानजी की आराधना करने से शनि संबंधी बाधाओं, भय और नकारात्मक प्रभावों से राहत मिलती है। बच्चों को नजर दोष से बचाने के लिए यहां के आशीर्वाद से तैयार नजर के डोरे की भी लोकमान्यता




बताई जाती है। मंगलवार और शनिवार को मंदिर में विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर बजरंगबली के दरबार में पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना करते हैं।

### जोगेश्वर मंदिर में बीमारी से राहत की लोकमान्यता

**एजेंसी ▸▸ जोधपुर**

राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र में स्थित जोगेश्वर मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं के बीच अनेक धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में एक विशेष मान्यता मस्सा और बवासीर जैसी परेशानियों से राहत से भी जुड़ी हुई बताई जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समस्या से परेशान कुछ श्रद्धालु जोगेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की आराधना करते हैं और मंदिर की परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना और मंदिर में की जाने वाली धार्मिक प्रक्रिया से उन्हें राहत मिलती है।

**धार्मिक विश्वास मन को शांति और सकारात्मकता देता-** इसी लोकविश्वास के चलते आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से भी लोग मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर से जुड़ी इस मान्यता की चर्चा समय-समय पर लोगों के बीच होती रहती है। हालांकि, मस्सा या बवासीर का उपचार केवल धार्मिक मान्यता के आधार पर प्रमाणित चिकित्सा उपचार नहीं माना जा सकता। ऐसी समस्या होने पर योग्य चिकित्सक से जांच और उचित उपचार लेना जरूरी है। जोगेश्वर मंदिर में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि धार्मिक विश्वास मन को शांति और सकारात्मकता देता है। यही कारण है कि मंदिर में लोग अपनी विभिन्न परेशानियों से मुक्ति की कामना लेकर पहुंचते हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### एक को बचाया अनेक को बचाया जा सकता था

शहर में एक वृक्ष को मशककत के साथ बचाया गया है। शहर की संस्था ने बकायदा इस कचनार को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया और बचा लिया गया। पूर्नरोपण भी कर दिया गया है। इस एक को बचाने में जो मशक्कत की गई है वो पर्यावरण के प्रेम एवं उसके संरक्षण के सम्मान का घोतक है। विकास के पहिए में पिछले समय से लेकर अब तक इसकी बहुत ही ज्यादा आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पूर्व में भी यही भाव होता तो अन्यानेक क्षेत्रों में अनेकों को बचाया जा सकता था जिन पर आरी चलाई गई उन्हें भी छोटा कर काम चलाया जा सकता था। इसके अभाव में पिछले समय में सैंकड़ों पेड़ों एवं अनेक को हलाल करने के पीछे के नुकसान की भरपाई अगले कई दशकों तक नहीं हो पाएगी। एक समय था शहर में विकास के दौरान वृक्षों को जमकर संरक्षित किया जाता था। उदाहरण के तौर पर विशाला क्षेत्र में सर्विस रोड पर खड़े वृक्ष को देख लिया जाए या फिर एमआर-2 पर खड़े वृक्ष को देख लिया जाए। यही नहीं विशाला में रोड के बीच में युकेलिप्टिस के बड़े वृक्ष इसके सबसे बडे उदाहरण हैं। दोनों ओर सीमेंट कांक्रीट की रोड बनी है और बीच में आधा दर्जन वृक्ष हैं। इससे पूर्व फ्रीगंज के ओव्हर ब्रिज निर्माण में आ रहे दुर्लभ वृक्षों को बचाने के लिए की गई मशक्कत भी तारीफ के काबिल है लेकिन योजना के प्रारूप एवं उसकी डीपीआर बनाने के दौरान ही पर्यावरणीय संरक्षण को महत्व देने की अब महती आवश्यकता बनने लगी है। खुसूर-फुसूर है कि जल संरक्षण के लिए जिस प्रकार से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य कई प्रावधान हैं वैसे ही पर्यावरण के लिए भवनों एवं भूखंडों के नक्शों में ही अब घरेलू वृक्षों को प्राथमिकता के साथ लगाने के लिए शर्तें नगर निवासी के लिए तय की जाने की आवश्यकता आज नहीं तो कल बन पड़ेगी जिस पर भविष्य में आगे बढ़ना ही पड़ेगा। वर्तमान चौड़ीकरण में सड़क के बीच में या सड़क के दोनों ओर एक मीटर के दायरे में अच्छे खासे पौधों का रोपण किया जाता और पूर्व के वृक्षों को भी जहां थे वहीं एक ओर रोपित कर दिया जाता तो विकास में सोने पर सुहागा हो जाता।

## नैनो न्यूज

- शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय ग्रंथालय में राष्ट्रीय पुस्तक वाचन दिवस मनाया गया, पुस्तक पढ़ने से जो ज्ञान प्राप्त होता है, वह जिंदगी भर याद रहता है
- स्व. जगदीश भारतीय पुण्यतिथि एवं चतुर्थ जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर मनाया गया, 21 बटुकों को मंत्र उपचार के साथ भोजन प्रसादी स्व. जगदीश भारतीय की चतुर्थ पुण्य स्मरण पर भारतीय परिवार द्वारा ग्रहण करवाई।
- थोक फल संघ ने सजाया सवारी मार्ग, श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों की सेवा के लिए जुटाया इंतजाम, सोमवार को बाबा महाकाल की निकलने वाली सवारी को लेकर शहर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।
- छत्री चौक के खेरची, फल विक्रेता एवं थोक फल संघ ने सजाया सवारी मार्ग, श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों की सेवा के लिए जुटाया इंतजाम
- भाजपा जनता पार्टी द्वारा संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश, यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी महाराज के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता का संकल्प लिया गया।

## ट्रेंडिंग




हिंदूवादी नेता की जनता से अपील, खड़े हनुमान मंदिर के लिए आगे आएं

# पांडवों ने 5 गांव मांगे थे हम तो केवल एक मंदिर मांग रहे : रुपेश ठाकुर

## शहर के विकास के लिए हमने 60 मंदिर दिए अब केवल खड़े हनुमान मंदिर की मांग





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खड़े हनुमान मंदिर के स्थानांतरण को लेकर जारी विरोध और श्रद्धालुओं की भावनाओं के बीच हिंदूवादी नेता रूपेश ठाकुर ने आमजन से एकजुट होकर आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी विकास कार्य को रोकने के लिए नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आस्था और खड़े हनुमान मंदिर की पहचान को सुरक्षित रखने के लिए है।

रूपेश ठाकुर ने कहा कि शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण जैसे कार्यों के लिए हिंदू समाज ने हमेशा सहयोग किया है। उन्होंने दावा किया कि उज्जैन शहर के विकास के लिए सनातन समाज और श्रद्धालुओं ने करीब 60 मंदिरों को विकास कार्यों के लिए स्थान देने में सहयोग किया है, लेकिन आज जब खड़े हनुमान मंदिर की बात सामने आई है तो सरकार और प्रशासन से केवल एक मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं की भावना का सम्मान करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा, हम सरकार से बहुत कुछ नहीं मांग रहे हैं। हमने शहर के विकास के लिए अनेक मंदिरों को दिया है। आज हमारी मांग केवल एक है–हमारा खड़े हनुमान मंदिर।

रूपेश ठाकुर ने कहा कि यह बात और भी पीड़ादायक है कि प्रदेश में सनातन संस्कृति और हिंदू आस्था की बात करने वाली सरकार होने के बावजूद श्रद्धालुओं की मांग को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि खड़े हनुमान मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और हजारों श्रद्धालुओं की भावनाओं का केंद्र है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, व्यापारी, युवा और आम श्रद्धालु एकजुट होकर इस विषय में अपनी आवाज बुलंद करें।

### श्रद्धालुओं की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए

- रूपेश ठाकुर ने अपने संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम यहां से बल लेकर गए थे और आंदोलन के माध्यम से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के संघर्ष में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब सनातन समाज एकजुट होता है तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन की लड़ाई नहीं था, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के संघर्ष, त्याग और एकजुटता का परिणाम था। उसी तरह खड़े हनुमान मंदिर की आस्था और सम्मान के लिए भी समाज को आगे आना होगा।
- यदि हम आज अपनी आस्था के मुद्दे पर एकजुट नहीं हुए तो आने वाले समय में हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को लेकर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। हमें शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार और प्रशासन तक पहुंचानी होगी।
- उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि पूरे सनातन समाज का आंदोलन है। सभी लोग मतभेद भुलाकर खड़े हनुमान मंदिर के सम्मान और श्रद्धा की रक्षा के लिए आगे आएं।
- गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों की प्रक्रिया के चलते खड़े हनुमान मंदिर का स्थानांतरण शहर में धार्मिक आस्था और विकास के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु लगातार अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं और प्रशासन से धार्मिक परंपराओं एवं जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उचित समाधान की मांग कर रहे हैं।
- विकास जरूरी है, लेकिन विकास के साथ आस्था और विरासत का सम्मान भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में हिंदू समाज कभी बाधक नहीं रहा है और आगे भी नहीं रहेगा, लेकिन खड़े हनुमान मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अंत में कहा, अब सभी को आगे आना होगा। यह केवल खड़े हनुमान मंदिर की लड़ाई नहीं, बल्कि हमारी आस्था, हमारी पहचान और हमारी धार्मिक विरासत के सम्मान की बात है।

## क्या केवल प्रशासन की कोशिश या फिर बजरंगबली की इच्छा?

उज्जैन में 200 वर्षों से अधिक प्राचीन माने जाने वाले खड़े हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को विस्थापित करने का प्रयास इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कल तक प्रशासन ने काफी मेहनत, संसाधन और तकनीकी प्रयासों के बावजूद प्रतिमा को हटाना तो दूर, उसे हिला भी नहीं पाया था। आज सुबह से एक बार फिर नए विशेषज्ञों और तकनीकी संसाधनों के साथ विस्थापन का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भक्तों के मन में एक अलग ही भाव चल रहा है।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो किसी देवी-देवता की प्राचीन प्रतिमा केवल पत्थर, धातु या किसी भौतिक संरचना का स्वरूप नहीं होती। वर्षों और सदियों से उस स्थान पर होने वाली पूजा, आराधना, मंत्रोच्चार और भक्तों की श्रद्धा उस स्थान को आस्था का केंद्र बना देती है। यही कारण है कि जब किसी प्राचीन देव प्रतिमा के स्थान परिवर्तन की बात आती है तो भक्तों के मन में भावनाएं स्वाभाविक रूप से उमड़ पड़ती हैं। हनुमानजी को तो स्वयं शक्ति, भक्ति और संकल्प का प्रतीक माना जाता है।

रामभक्त हनुमान के बारे में कहा जाता है कि जहां श्रीराम का नाम होता है, वहां हनुमानजी की उपस्थिति भी मानी जाती है। हनुमानजी को संकटमोचन कहा गया है। वे भक्तों के कष्ट दूर करने वाले, धर्म की रक्षा करने वाले और असंभव को संभव बनाने वाले देवता के रूप में पूजे जाते हैं। ऐसे में जब प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी कल प्रतिमा अपने स्थान से नहीं हिली, तो भक्तों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि– क्या यह केवल तकनीकी कठिनाई थी, या फिर बजरंगबली की कोई इच्छा?

सनातन परंपरा में एक गहरी मान्यता है कि ईश्वर की इच्छा के बिना कोई कार्य पूर्ण नहीं होता। मनुष्य योजना बना सकता है, संसाधन जुटा सकता है, मशीनें लगा सकता है और अपनी पूरी शक्ति लगा सकता है, लेकिन परिणाम क्या होगा, इसे लेकर भक्त अंततः ईश्वर की इच्छा को ही सर्वोपरि मानते हैं।

कल का दृश्य भी कुछ ऐसा ही था। प्रयास होते रहे, मेहनत होती रही, व्यवस्थाएं की गईं, लेकिन प्रतिमा नहीं हिली। अब आज फिर नए विशेषज्ञों को बुलाया गया है। नई तकनीक और नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। प्रशासन अपने स्तर पर पूरी तैयारी के साथ काम कर रहा है। लेकिन दूसरी ओर भक्तों की नजरें बजरंगबली पर टिकी हुई हैं। भक्तों का कहना है कि हनुमानजी जहां विराजमान हैं, वहां सदियों की आस्था जुड़ी हुई है। यदि उनका स्थान परिवर्तन होना है तो वह भी उनकी इच्छा और उचित धार्मिक विधि-विधान के अनुसार ही होना चाहिए।

यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम को लोग केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास के नजरिए से भी देख रहे हैं।

आध्यात्मिक रूप से देखा जाए तो हर घटना अपने साथ एक संदेश लेकर आती है। संभव है कि यह पूरा घटनाक्रम लोगों को यह याद दिला रहा हो कि शक्ति केवल मशीनों में नहीं होती, शक्ति श्रद्धा में भी होती है। हनुमानजी स्वयं विनम्रता और सेवा के सबसे बड़े प्रतीक हैं। अपार शक्ति होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में कभी अहंकार नहीं किया। उन्होंने हमेशा स्वयं को श्रीराम का सेवक माना। शायद यही संदेश आज भी सबसे महत्वपूर्ण है कि मनुष्य चाहे कितना भी शक्तिशाली हो जाए, उसे श्रद्धा, विनम्रता और धर्म के प्रति सम्मान बनाए रखना चाहिए।

खड़े हनुमानजी महाराज के विस्थापन का प्रयास सफल होगा या नहीं, प्रतिमा अपने नए स्थान पर जाएगी या अपने पुराने स्थान पर ही विराजमान रहेगी–यह तो आने वाला समय बताएगा।

लेकिन भक्तों के लिए इस समय सबसे बड़ी बात यही है कि– जो भी हो, वह विधि-विधान, श्रद्धा और बजरंगबली की इच्छा के अनुरूप हो। क्योंकि भक्तों की आस्था कहती है– जहां राम का नाम, वहां हनुमान का धाम। और जहां हनुमानजी की इच्छा, वहीं पूर्ण होगा काम।

आज फिर प्रशासन प्रयास कर रहा है। नए विशेषज्ञ आए हैं। तकनीक और अनुभव का उपयोग हो रहा है। लेकिन हजारों भक्तों की निगाहें इस पूरे घटनाक्रम पर टिकी हुई हैं।



हर कोई बस यही देख रहा है कि–

### आखिर बजरंगबली क्या चाहते हैं?

क्या आज प्रतिमा आसानी से अपने नए स्थान पर जाएगी?
या फिर एक बार फिर भक्तों की आस्था के सामने कोई ऐसा दृश्य आएगा, जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर देगा, आस्था की दुनिया में हर घटना का उत्तर केवल तर्क से नहीं मिलता। कुछ बातें विश्वास से जुड़ी होती हैं और कुछ प्रश्नों का जवाब समय स्वयं देता है। फिलहाल उज्जैन में खड़े हनुमानजी महाराज को लेकर चल रहे इस घटनाक्रम पर पूरे क्षेत्र की नजर बनी हुई है। हे पवनपुत्र हनुमानजी महाराज! जो भी हो, वह धर्म, आस्था और भक्तों के कल्याण के लिए मंगलमय हो।

रात में हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की

## भू-स्कैनिंग का इंतजार, खड़े हनुमान जी के पुजारी बीमार

### राजसी सवारी के बाद ही इस मामले में प्रशासन की कार्यवाही आगे बढ़ेगी

कंठाल से गोपाल मंदिर सड़क चौड़ीकरण में आ रहे खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने का पेंच रविवार को भी उलझा ही रहा। जमीन की गहराई की स्कैनिंग के लिए मशीन और विशेषज्ञ दोनों नहीं आ सके हैं। मंदिर के पंडित जी महेश बैरागी का रक्तचाप बढ़ने एवं शारिरिक थकान के चलते बीमार पड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

रविवार को भी खड़े हनुमान जी का पूजन अर्चन वाटर प्रुफ टेंट में ही पूर्ववत स्थल पर ही जारी रहा। पूरे दिन श्रद्धालुओं का यहां भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आना जाना चलता रहा। मंदिर की और से पूर्ववत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का दौर भी चलता रहा है। शनिवार रात नगर निगम की यहां पहुंची मशीनों के विरोध में हिंदुवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध कर दिया था। इसके बाद यहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय पार्षद एवं अन्य के खिलाफ नारेबाजी भी की थी। रविवार को नगर निगम ने यहां कोई कार्रवाई नहीं की है। मंदिर के सेवक जय वासवानी ने बताया कि रविवार को जमीन के अंदर प्रतिमा की गहराई को लेकर स्कैनिंग करने के लिए कोई नहीं पहुंचा। सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर भगवान के दर्शन किए हैं। पुजारी महेश बैरागी के अस्वस्थता को लेकर वासवानी का कहना था कि उनका बीपी बढ़ने और अधिक शारिरीक श्रम की स्थिति के कारण निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया गया है वे पूरी तरह से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इधर अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि राजसी सवारी के बाद ही इस मामले में आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।



## मक्सी रोड फोरलेन निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत शहर में एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे मक्सी रोड फोरलेन मार्ग निर्माण कार्य का शनिवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन मार्ग निर्माण कार्यों में एमपीआरडीसी और नगर निगम दोनों विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

शहरी क्षेत्र में नगर निगम एवं एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि उज्जैन-मक्सी मार्ग के कुल 38 किलोमीटर हिस्से में फोरलेन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में लगभग 7 किलोमीटर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रगतिरत है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के पश्चात एमपीआरडीसी द्वारा संबंधित हिस्से में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। फोरलेन मार्ग निर्माण कार्य में अब तक लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि नगर निगम एवं एमपीआरडीसी के अधिकारी कार्यों की सतत निगरानी करते हुए निर्माण कार्य में गति बनाए रखें, ताकि किसी भी स्तर पर कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ महापर्व-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग नियमित रूप से कार्य की प्रगति की समीक्षा करते रहें।

## चेयरमैन रेल्वे बोर्ड को वेरे मजदूर संघ ने स्वागत कर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




रेल्वे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार कुमार के उज्जैन आगमन पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में एवं महाप्रबंधक परे एवं मंडल रेल प्रबंधक रतलाम की उपस्थिति में स्वागत कर रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निम्न समस्याओं प्रमुख रूप से शामिल थी :-

1 रतलाम मंडल में नई रेल आवासों का निर्माण करने एवं मरम्मत के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराना।
2 ट्रैक मेंटेनर केडर को विभिन्न विभागों की सीमित विभागीय परीक्षाओं में शामिल करना।
3 पश्चिम रेलवे में जीडीसीई परीक्षाओं के नियमित रूप से आयोजन करना।
4 रेल कर्मचारियों को नई पेंशन योजना से मुक्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू करना।
5 उत्पादकता आधारित बोनस का भुगतान वास्तविक मूल वेतन के आधार पर करना।
6 ट्रैक मेंटेनर हेतु रक्षक उपकरण उपलब्ध कराना।
7 सभी पॉइंट्स मैन कर्मचारियों को 12 घंटे की ड्यूटी से मुक्त कर 8 घंटे ड्यूटी रोस्टर लागू करना।
8 उच्च वेतनमान ग्रेड पे 5400 प्रदान करने से छुटी हुई सुपरवाइजर कैटेगरी को शीघ्र प्रदान करना।
9 रतलाम मंडल में पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना करना।
10 न्यायालय प्रकरण के कारण लंबित ट्रेन मैनेजर केडर के पदोन्नति हेतु उचित निराकरण करना।

इस अवसर पर वेस्टर्न रेल्वे मजदूर संघ की महिला समिति मंडल सचिव ऊषा खींची, उज्जैन शाखा उपाध्यक्ष अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, किशोर सिंह, अखिलेश कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक सतीगेट के पुरातन स्वरूप में नए का घालमेल


### सौंदर्यीकरण के नाम पर लोहे की मेहराबदार डिजाइन, मूल स्वरूप को लेकर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर की पहचान और ऐतिहासिक धरोहर माने जाने वाले प्राचीन सतीगेट का पुरातन स्वरूप अब शायद ही पहले जैसा दिखाई दे। सतीगेट के सौंदर्यीकरण के तहत गेट के ऊपरी हिस्से पर मजबूत लोहे की मेहराबदार डिजाइन वाली फ्रेम लगाने का काम देर रात तक जारी रहा। भारी-भरकम लोहे की फ्रेम को गेट के ऊपर तक पहुंचाने के लिए विशालकाय क्रेन की मदद ली गई। हालांकि, ऐतिहासिक गेट के ऊपर आधुनिक डिजाइन का यह घालमेल उसके मूल स्वरूप से कितना मेल खाता है, इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं।

**दोनों ओर सड़क की चौड़ाई में अंतर-** सतीगेट के दोनों ओर सड़क की स्थिति भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कंठाल की ओर से सराफा की तरफ प्रवेश करने पर गेट के दायीं ओर अपेक्षाकृत चौड़ी सड़क दिखाई देती है, जबकि बायीं ओर संकरी गलीनुमा सड़क नजर आती है। मौके पर मौजूद स्थानीय रहवासियों ने सड़क की चौड़ाई में इस अंतर को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि ऐतिहासिक क्षेत्र के विकास में सभी दिशाओं में समान और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**राजसी सवारी से पहले युद्धस्तर पर काम-** बाबा महाकाल की राजसी सवारी को देखते हुए क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। हालांकि, जल्दबाजी में काम पूरा करने की कोशिश में कहीं-कहीं खामियां दिखाई देने लगी हैं। एक ओर रेडीमेड नालियों के स्लैब और ढक्कन लगाने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी ओर सतीगेट को सजाने-संवारने का कार्य भी जारी है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या जल्दबाजी के बजाय काम को योजनाबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा रहा है।






### आस्था के स्थलों को लेकर भी चिंता

कंठाल से छत्रीचौक तक पैदल मार्ग पर चलने पर कई प्राचीन देवस्थलों की स्थिति श्रद्धालुओं को चिंतित करती है। विकास कार्यों के दौरान कुछ देवस्थलों के मूल स्थान और स्वरूप प्रभावित हुए हैं। टकसाली गणेशजी एक दुकान के भीतर अस्थायी रूप से प्रतिष्ठापित नजर आते हैं, जबकि संकटमोचक हनुमानजी भी बेहद संकरी जगह में दिखाई देते हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### संयुक्त संचालक कृषि ने धार विकासखंड का किया भ्रमण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत संयुक्त संचालक, कृषि इंदौर संभाग इंदौर जतेन्द्रसिंह द्वारा विकासखंड धार का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम एकलदुना स्थित मां कालका बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित का निरीक्षण किया गया। संयुक्त संचालक जितेन्द्रसिंह ने बीज की गुणवत्ता एवं उत्पादन संबंधी जानकारी ली। बैठक में संस्था के संचालक श्री पदमसिंह पटेल सहित लगभग 35 कृषक/सदस्य उपस्थित रहे। कृषकों को बीज की गुणवत्ता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान कृषक अजय पाटीदार के 4 एकड़ क्षेत्र में अंतरवर्तीय फसल के रूप में पिंक टाइवान अमरूद (जाम) के साथ सोयाबीन की जे.एस. 2506 किस्म का अवलोकन किया गया। दिलीप पाटीदार के 7 एकड़ क्षेत्र में अंतरवर्तीय फसल के रूप में पिंक टाइवान अमरूद (जाम) के साथ सोयाबीन की जे.एस. 2506 किस्म का निरीक्षण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने सांदीपनि विद्यालय के बच्चों के साथ किया सफर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बापट चौराहा मेट्रो स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर इंदौर मेट्रो ट्रेन को रवाना किया। इंदौर में ऐतिहासिक मेट्रो परियोजना की दूसरे चरण की विधिवत रूप से शुरूआत हो गई है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक उषा ठाकुर, विधायक मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, एससीएस संजय दुबे, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### जिलों के शिक्षा अधिकारियों से मुख्यमंत्री का सीधा संवाद

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश का भविष्य गढ़ने में युवा शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में बड़ी संख्या में युवा अधिकारियों और शिक्षकों को शिक्षा व्यवस्था की मैदानी जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा ऊर्जा, नई सोच, तकनीकी समझ और नवाचार की क्षमता का उपयोग शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किया जाना चाहिए। प्रत्येक शिक्षा अधिकारी यह संकल्प लेकर कार्य करे कि उसके जिले में कोई भी बच्चा पीछे न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर इंदौर के सांदीपनि शासकीय अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम एजुकेशन डायलॉग को संबोधित कर रहे थे।

### लोक परिवहन के क्षेत्र में इंदौर को मिली बड़ी सौगात



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में मेट्रो ट्रेन का विस्तार केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि विकास के एक नए अध्याय की शुरूआत है। आज मेट्रो का नया चरण शुरू हुआ है और आने वाले समय में इसके और चरण पूरे होंगे। मेट्रो के माध्यम से इंदौर को उज्जैन और पीथमपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने का कार्य क्रमशः आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में मेट्रो ट्रेन के नये चरण के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेट्रो के पहले चरण को मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद अब इसका विस्तार शहर के अंदरूनी क्षेत्रों तक हो रहा है। यह सिलसिला लगातार आगे बढ़ेगा और आने वाले समय में मेट्रो इंदौर सहित पूरे मालवा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को नयी दिशा देगी। इंदौर के मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 2 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत से सुपर कॉरिडोर-3 से मालवीय नगर तक मेट्रो कॉरिडोर का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

- **देवास – अवैध अड्डे पर पुलिस का छापा-** अंबे नगर कॉलोनी में पुलिस ने कार्रवाई कर कथित देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ किया। महिला संचालिका समेत कई लोगों को पकड़ा गया।
- **सुसनेर – बिजली को लेकर किसानों का आक्रोश-** परसूलियां कलां में किसानों ने बिजली कंपनी के खिलाफ विरोध जताया। किसानों ने पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर घेराव की चेतावनी दी।
- **रतलाम – रेलवे से जुड़ी गतिविधियां तेज-** रतलाम रेल मंडल में रेलवे से संबंधित गतिविधियों और सेवाओं को लेकर विभागीय स्तर पर काम जारी है। यात्रियों से जुड़ी व्यवस्थाओं पर भी नजर है।
- **शाजापुर – मंडी में किसानों से संवाद-** कृषि उपज मंडी में किसानों से उनकी समस्याओं और फसल संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। मंडी व्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने अपनी बातें रखीं।
- **मंदसौर – मंडी बंद होने से किसान परेशान-** मंडी बंद रहने से दूर-दराज से उपज लेकर पहुंचे किसान परेशान हुए। किसानों को अपनी कृषि उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ा।
- **आगर – 200 करोड़ की सिंचाई परियोजना-** आगर-मालवा में करीब 200 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना से जुड़ी योजना चर्चा में है। इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है।

ब्यावरा के 21 वर्षीय युवक ने महीनों तक चलाया सफाई अभियान, सोशल मीडिया पर वायरल हुई मुहिमे

# बिट्टू तबाही ने बदली अजनार नदी की तस्वीर

### विदेश से मिला नौकरी का ऑफर, केविन पीटरसन और डच पर्यावरणविद् बॉयन स्लैट भी हुए प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़/ब्यावरा**

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा से सामने आई एक युवा की कहानी इन दिनों देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर ह्यबिट्टू तबाहीह्न के नाम से पहचान बनाने वाले सुरेंद्र सिंह चौधरी ने प्रदूषण और कचरे से जूझ रही अजनार नदी की सफाई का बीड़ा उठाया और महीनों तक लगातार मेहनत कर नदी के एक हिस्से की तस्वीर बदल दी। उनके सफाई अभियान के वीडियो और पहले-बाद की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनका काम देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहुंच गया है।

बिट्टू के अनुसार उन्होंने 26 जनवरी 2026 को अजनार नदी की स्थिति देखकर इसे साफ करने का संकल्प लिया था। नदी में प्लास्टिक की बोतलें, कचरा, शैवाल और अन्य गंदगी जमा थी। उन्होंने किसी बड़े सरकारी अभियान का इंतजार नहीं किया और स्वयं नदी में उतरकर सफाई शुरू कर दी। शुरूआती दौर में उनके पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण तक नहीं थे। बाद में उन्होंने अपनी जेब से लगभग 30 हजार रुपये खर्च कर सफाई के लिए जरूरी सामान और डस्टबिन आदि खरीदे।

इस अभियान का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि बिट्टू को तैरना तक नहीं आता था। इसके बावजूद वे नदी में उतरकर कचरा निकालते रहे। लंबे समय तक गंदे पानी में काम करने के कारण उन्हें त्वचा संबंधी परेशानी भी हुई, लेकिन उन्होंने सफाई अभियान बंद नहीं किया। उनके कुछ दोस्तों ने शुरूआत में सहयोग किया, हालांकि बाद में बिट्टू ने काफी काम अकेले ही जारी रखा।

### परिवार से भी छिपाकर शुरू किया काम



बिट्टू ने एक बातचीत में बताया कि शुरूआत में उनके परिवार को भी उनके अभियान की जानकारी नहीं थी। वे दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने या घूमने का बहाना बनाकर नदी तक पहुंचते थे और वहां सफाई करते थे। गर्मी, सर्दी और अन्य परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपना अभियान जारी रखा। बाद में जब उनकी मेहनत सामने आई तो स्थानीय स्तर पर भी उन्हें सहयोग मिलने लगा। बिट्टू ने नदी से निकलने वाली पूजा सामग्री को अन्य कचरे से अलग करने का प्रयास किया। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने पूजा सामग्री से कंपोस्ट खाद तैयार करने की दिशा में भी काम किया। यानी उनका उद्देश्य केवल नदी से कचरा निकालना ही नहीं, बल्कि निकलने वाले कचरे के बेहतर उपयोग का रास्ता तलाशना भी रहा।

**सोशल मीडिया ने पहुंचाई देश-दुनिया तक कहानी-** नदी की सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें तथा बिट्टू के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए तो लोगों का ध्यान उनकी ओर गया। जिस स्थान पर पहले बड़ी मात्रा में कचरा दिखाई देता था, वहां सफाई के बाद पानी और नदी का स्वरूप काफी बेहतर नजर आया। इस बदलाव ने लोगों को प्रभावित किया और बिट्टू की मुहिम तेजी से वायरल हो गई।

### आनंद महिंद्रा ने भी की सराहना

बिट्टू की मुहिम को उद्योगपति आनंद महिंद्रा की ओर से भी सराहना मिली। इसके बाद उनकी कहानी और व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंची। एक छोटे शहर के युवा द्वारा सीमित संसाधनों में नदी सफाई का अभियान चलाए जाने को लोगों ने नागरिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बताया।

**केविन पीटरसन भी हुए प्रभावित-** बिट्टू की कहानी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच चुकी है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान केविन पीटरसन ने सोशल मीडिया पर बिट्टू के प्रयास की तारीफ की। पीटरसन की टिप्पणी के बाद भी बिट्टू की कहानी को बड़ी संख्या में लोगों ने देखा और साझा किया।

**नीदरलैंड के पर्यावरणविद् ने दिया नौकरी का ऑफर-** बिट्टू के काम की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि तब सामने आई जब द ओशन क्लीनअप के संस्थापक और सीईओ बॉयजन स्लैट ने उनके काम पर ध्यान दिया। रिपोर्टों के अनुसार स्लैट ने बिट्टू को अपने संगठन के साथ काम करने का प्रस्ताव दिया और उन्हें नीदरलैंड आने का निमंत्रण दिया। समुद्रों और नदियों में प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के लिए काम करने वाली संस्था के प्रमुख का यह प्रस्ताव बिट्टू की मुहिम के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को दशार्ता है।

**तबाही नाम से विकास की ओर-** बिट्टू ने अपने नाम के साथ तबाही शब्द के इस्तेमाल को लेकर भी बताया है कि यह नाम उन्होंने कई वर्ष पहले अपनाया था, लेकिन अब वे इसी नाम को सकारात्मक काम और विकास से जोड़ना चाहते हैं। उनका कहना है कि नाम चाहे कुछ भी हो, उसका इस्तेमाल समाज के लिए अच्छे काम में किया जा सकता है।

**सिर्फ सफाई नहीं, समाज के लिए संदेश भी-** बिट्टू की कहानी अजनार नदी तक सीमित नहीं है। यह सवाल भी सामने लाती है कि नदियों और जलस्त्रोतों में कचरा आखिर पहुंचता क्यों है। एक युवक ने व्यक्तिगत स्तर पर सफाई की शुरूआत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन नदी को लंबे समय तक स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्थानीय नागरिकों, प्रशासन और संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है। बिट्टू की मुहिम का सबसे बड़ा संदेश यही है कि बदलाव की शुरूआत किसी बड़े बजट या बड़े पद से नहीं, बल्कि इच्छा और पहल से भी हो सकती है। हालांकि नदी की स्थायी सफाई के लिए कचरा रोकना, नालों के प्रदूषित पानी का प्रबंधन और नियमित निगरानी भी उतनी ही आवश्यक होगी।

### बिट्टू तबाही से उज्जैनवासियों को क्या सीखना चाहिए?

**अजनार नदी के लिए अकेला युवक उतरा मैदान में, उज्जैन में शिप्रा के लिए कब जागेगी सामूहिक जिम्मेदारी?**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

राजगढ़ के ब्यावरा में एक युवा द्वारा अजनार नदी की सफाई के लिए शुरू की गई मुहिम ने यह साबित किया है कि बदलाव के लिए हमेशा बड़े सरकारी अभियान का इंतजार करना जरूरी नहीं होता। एक व्यक्ति भी पहल करे तो समाज और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा सकता है। उज्जैनवासियों के लिए इस कहानी में सीख और भी बड़ी है। यहां शिप्रा नदी है—जिसके किनारे महाकाल की नगरी बसी है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं और जहां धार्मिक पर्वों पर लाखों लोग नदी से जुड़ते हैं। इसके बावजूद शिप्रा को स्वच्छ रखने की चुनौती आज भी बनी हुई है। बिट्टू की मुहिम यह सवाल खड़ा करती है कि क्या उज्जैन में भी कोई युवा, सामाजिक संगठन, व्यापारी, धार्मिक संस्था और आम नागरिक मिलकर शिप्रा के लिए स्थायी जनअभियान खड़ा कर सकते हैं?

शिप्रा को केवल सफाई अभियान के दौरान साफ करने से काम नहीं चलेगा। नदी में कचरा, प्लास्टिक और पूजा सामग्री न पहुंचे, नालों का गंदा पानी नदी में न मिले और घाटों पर स्वच्छता बनी रहे—इसके लिए नदी को अपनी जिम्मेदारी मानने की मानसिकता जरूरी है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिप्रा की सफाई केवल नगर निगम, प्रशासन या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। जिस नदी को उज्जैनवासी मां के रूप में पूजते हैं, उसकी स्वच्छता में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए। बिट्टू तबाही ने अजनार के लिए जो किया, उससे उज्जैन यह सीख सकता है कि शिकायत करने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन समाधान के लिए पहला कदम उठाने वाले कम होते हैं। अगर उज्जैन के हजारों नागरिक यह संकल्प लें कि नदी में कचरा नहीं डालेंगे, दूसरों को भी रोकेंगे और शिप्रा के किनारे नियमित स्वच्छता अभियान चलाएंगे, तो यह किसी भी सरकारी योजना से बड़ा जनआंदोलन बन सकता है।

अब पीपीपी मॉडल से चलेगी बसें! इंदौर समिट में खुलेंगे निवेश के 12 बड़े रास्ते

# एमपी के यात्री परिवहन में बड़े बदलाव की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

यात्री परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार पहली बार मोबिलिटी विजन-2030 तैयार कर रही है। इस विजन में अगले कुछ वर्षों में प्रदेश के शहरों और कस्बों के बीच सार्वजनिक परिवहन को कैसे मजबूत किया जाए। इसके साथ इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने, डिजिटल टिकटिंग लागू करने और परिवहन व्यवस्था को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने पर भी विचार होगा। इसमें पीपीपी मॉडल को प्रोत्साहित करने, परिवहन के क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने, आज और भविष्य की चुनौतियां और रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसके लिए इंदौर में 11 और 12 सितंबर को सम्मेलन होने जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सम्मिलित होंगे।

सम्मेलन में निजी बस संचालक, नीति निमार्ता, परिवहन प्राधिकरण, बस निमार्ता, टेक्नोलाजी कंपनियां, निवेशक और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के प्रतिनिधि मंथन करेंगे। इसका उद्देश्य नागरिक केंद्रित यात्री परिवहन इकोसिस्टम के निर्माण पर चर्चा और साझेदारी को बढ़ावा देना है।

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना और पीपीपी मॉडल पर जोर

समिट में सबसे अहम चर्चा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को लेकर होगी। इसके तहत बस सेवा को बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र के साथ मिलकर चलाने की योजना है। यानी सरकार का जोर बसें खरीदकर खुद चलाने के बजाय पीपीपी माडल पर निजी कंपनियों की पूंजी और विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने पर रहेगा। एक-दो माह के भीतर सुविधा देने की तैयारी है। निजी ऑपरेटर बसें चलाने के साथ उनके रखरखाव, फ्लीट मैनेजमेंट यानी वाहनों के बेड़े की देखरेख और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने में भूमिका निभाएंगे।

### 12 क्षेत्रों में खुलेंगे निवेश के रास्ते

सम्मेलन में परिवहन के भविष्य से जुड़े करीब 12 क्षेत्रों पर विशेषज्ञ और कंपनियां अपने सुझाव देंगी। इनमें बस निर्माण, इलेक्ट्रिक व हाइड्रोजन मोबिलिटी, डिजिटल टिकटिंग, फ्लीट मैनेजमेंट, चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, एआई और डेटा एनालिटिक्स, स्मार्ट बस स्टाप, पैसेंजर इन्फार्मेशन सिस्टम, मोबिलिटी-एज-ए-सर्विस और परिवहन वित्त प्रमुख हैं। इसमें कंपनियों को सरकार के अधिकारियों के साथ आमने-सामने बैठक करने और अपने समाधान बताने का मौका भी मिलेगा। पायलट प्रोजेक्ट और निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी।

## त्रुटिपूर्ण निर्माण: उज्जैन में टाटा कंपनी की लापरवाही सड़क में हुआ गड्ढा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



शनिवार सुबह तारामण्डल के सामने स्थित तिराहे पर बिरला हास्पिटल से इंजिनियरिंग कालेज मार्ग से त्रिवेणी विहार क्षिप्रा विहार की ओर जाने वाली सड़क पर टाटा प्रोजेक्ट की सीवरेज लाइन डालने में हो रही लापरवाही और त्रुटिपूर्ण निर्माण की हकीकत

सामने आ गई कुछ महा पुर्व सीवरेज लाइन के लिए सड़क खोदकर डाले गई पाइपलाइन डालने के पश्चात बनाई गई यहाँ सड़क में बड़ा सा गड्ढा हो गया। इस व्यस्ततम मार्ग पर वाहनो का आवागमन सतत बना रहता है वो तो गनीमत रही रात के समय गुजरने वाले वाहनो को इस गड्ढे का खमियाजा भुगतना नही पड़ा सुबह जब इसका पता चला तो ट्राफिक डाइवर्ट करवा कर इस गड्ढे को भरवाने के लिए क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि कारण परमार ने त्वरित कार्यवाही करवाकर इस मार्ग को आवागमन योग्य करने में जिम्मेदारी का निर्वाह किया। इस मार्ग से रात्रि के समय वीडियोकोच यात्री बसो के साथ इन्दौर-देवास-मक्सी की ओर जाने वाले टू व्हीलर व फोर व्हीलर बड़ी संख्या में निकलते हैं।

# उज्जैन आकाशवाणी आज इतिहास कायम करेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर की भव्य राजसी सवारी इस बार रेडियो प्रसारण के माध्यम से देश-दुनिया के श्रद्धालुओं तक विशेष अंदाज में पहुंचेगी। आकाशवाणी उज्जैन इतिहास कायम करते हुए सोमवार को दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लगातार 8 घंटे राजसी सवारी का विशेष सजीव प्रसारण करेगा। यह प्रसारण मध्यप्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ होगा। आकाशवाणी उज्जैन के कार्यक्रम अधिकारी ब्रह्मप्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि रेडियो प्रसारण के इतिहास में गैर-खेल गतिविधियों के क्षेत्र में इतनी लंबी अवधि तक लगातार सजीव प्रसारण की यह अनूठी पहल है। बाबा महाकाल की राजसी सवारी के संपूर्ण मार्ग, विभिन्न पड़ावों, धार्मिक अनुष्ठानों, परंपराओं और श्रद्धालुओं की आस्था का आँखों देखा हाल प्रस्तुत किया जाएगा।

### रिकार्डस में दर्ज के लिए नामांकित

आकाशवाणी उज्जैन की कार्यक्रम प्रमुख अनामिका चक्रवर्ती ने बताया कि इस विशेष कवरेज को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए नामांकित किया गया है। अनुभवी उद्घोषकों एवं कमेंटेटरों की टीम सवारी की प्रत्येक महत्वपूर्ण गतिविधि का सजीव और भावपूर्ण वर्णन करेगी।

### आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रसार

इस विशेष प्रसारण का उद्देश्य उज्जैन की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को देश-विदेश के लाखों श्रोताओं तक पहुंचाना है। जो श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से राजसी सवारी में शामिल नहीं हो सकेंगे, वे भी रेडियो के माध्यम से घर बैठे बाबा महाकाल की सवारी का दिव्य अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

### यहां सून सकेंगे श्रोता

श्रद्धालु एफएम 102.5 मेगा हट्र्ज, News On AIR मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रसारण सुन सकेंगे। इसके अलावा मोबाइल में Google पर "Akashvani Ujjain Live" सर्च करके भी सजीव प्रसारण से जुड़ा जा सकता है।

## भागवत कथा के समापन पर निकली शोभायात्रा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड**

ग्राम खारोल खेड़ा में आयोजित सप्त दिवशी श्रीमद् भागवत कथा का समापन रविवार को शोभायात्रा तथा संत के सम्मान के साथ हुआ सोमवार से शुरू हुई कथा के समापन दिवस की कथा का वृतांत सुनाते हुए कथावाचक पंडित राहुल कृष्ण जोशी ने पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा धर्म अर्थ काम और मोक्ष सभी का अपनी अपनी जगह महत्व है धर्म की राह पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा सफलता प्राप्त करता है अंतिम दिन की कथा के समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दलजीत कौर गुर की और से पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप फ्रेंड्स क्लब के संयोजक प्रताप सिंह गुर ने कथावाचक पंडित जोशी का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

पुराने महाकाल थाना के पास पारंपरिक निर्माण सामग्री से बराबर काम जारी था पुरातन द्वार का

# खुदाई के दौरान 14वीं सदी का ऐतिहासिक महाकाल द्वार ढहा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

14 वीं सदी के पुरातन महाकाल द्वार का जिर्णोद्धार पारंपरिक निर्माण सामग्री से जारी था। इसी दरमियान पास में सडक के निर्माण के लिए गहरी खुदाई की गई थी। यहां रिटेनिंग वाल का निर्माण भी जारी है। इसी दौरान शनिवार झरविवार रात को महाकाल मंदिर से रामघाट जाने वाले प्राचीन मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक महाकाल द्वार ढह गया। यह काम करोडों की लागत से चल रहा है।

द्वार ढहने की सूचना पर रविवार सुबह स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीईओ संदीप शिवा के अनुसार महाकाल द्वार के समीप सडक निर्माण कार्य के दौरान खुदाई चल रही है। यहां स्टीवेशन किया गया था। रिटेनिंग वाल बनाते हुए जिर्णोद्धार का काम चल ही रहा था। बडा काम 22 करोड की रोड का है। उसी के तहत द्वार का भी रिनोवेशन जारी था अभी उसमें कुछ काम किया गया था। पूरा क्षेत्र बेरिकेडस से पैक था जिससे की इसमें आवाजाही न हो सके। नए सिरे से पुरातन स्वरूप में ही महाकाल द्वार बनाया जाएगा।

### बारिश के कारण संभावित

पिछले दिनों हुई बारिश के कारण मिट्टी में नमी बढ़ने और जमीन के सेटलमेंट की वजह से द्वार की संरचना प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। कार्यपालन यंत्री कमल सक्सेना ने मिडिया को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, द्वार के ढहने की स्थि?ति रात में हुई है। आसपास सडक के लिए खुदाई का काम चल रहा था। ऐसे में जमीन के धंसने यानी सेटलमेंट के कारण द्वार के गिरने की आशंका है। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान की जानकारी नहीं है। महाकाल मंदिर से करीब 100 मीटर दूर स्थित यह द्वार रामघाट जाने वाले पुराने मार्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में होने के कारण यह रास्ता बंद था।

**आधुनिक की बजाय परंपरागत निर्माण सामग्री-** इस द्वार के जीर्णोद्धार में आधुनिक सीमेंट के बजाय पारंपरिक चूना तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा था। चंदेरी और ललितपुर से आए कारीगर चूना, गुड़, मैथी, गूगल, उड़द के पानी, ईंट के चूरे और रेत जैसे पारंपरिक मिश्रण से निर्माण कार्य कर रहे थे। द्वार के गिरने के बाद अब निर्माण गुणवत्ता, आसपास चल रही खुदाई और जमीन की स्थिति को लेकर जांच की जा रही है।

**14 वीं शताब्दी ईस्वी का द्वार-** श्री महाकालेश्वर मंदिर के उत्तर में स्थित यह स्थान महाकाल द्वार के नाम से जाना जाता है। यह द्वार लगभग 14वीं शताब्दी ईस्वी के आरंभ का माना जाता है। महाकाल द्वार ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और इसे मध्यकालीन काल से रामघाट और महाकाल मंदिर के बीच संपर्क मार्ग के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। इसका निर्माण बेसाल्ट पत्थर और ईंटों से किया गया है। महाकाल द्वार परिसर में एक मेहराबदार प्रवेश द्वार, पत्थर की सीढ़ियां, मंदिर से प्राप्त नक्काशीदार पत्थरों के अवशेष और एक पुराना मार्ग है। सदियों से इस द्वार का उपयोग स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों द्वारा रामघाट को महाकालेश्वर मंदिर से जोड़ने वाले मार्ग के रूप में किया जाता रहा है। इसकी स्थापत्य विशेषताओं से पता चलता है कि मध्ययुग में दिल्ली के तीसरे सुल्तान द्वारा किए गए विनाश के बाद इस स्थल का अलग-अलग कालखंडों में जीर्णोद्धार हुआ। 18वीं शताब्दी में सिंधिया शासन के दौरान और आधुनिक दौर में सिंहस्थ कुंभ (2004) के समय भी यहां पुनरुद्धार कार्य किए गए।

# भाजपा नगर कार्यसमिति में अग्रवाल समाज का बोल-बाला

### संगठन की नई टीम में समाज का समीकरण भारी या संयोग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

खैर, संख्या ने तो सबका ध्यान खींच ही लिया है! आईडीए और युवा मोर्चा की घोषणा बनी बीरबल की खिचड़ी! कब से पक रही है, लेकिन पकने का नाम ही नहीं ले रही! घोषणा की तारीख पर तारीख और इंतजार पर इंतजार...

अब कार्यकर्ताओं में सवाल– आखिर इस खिचड़ी में ऐसा क्या है जो स्वाद आने का नाम नहीं ले रहा? पहला ऐसा चुनाव, जहां दोनों दल चाहते हैं कोर्ट लगा दे स्टे! वार्ड क्रमांक 58 के उपचुनाव की घोषणा हो गई, लेकिन सियासी चर्चा कुछ अलग ही है। बताया जा रहा है कि दोनों प्रमुख दलों की दिली इच्छा है कि वार्ड 60 की तरह यहां भी माननीय न्यायालय से स्टे मिल जाए! क्योंकि सवाल सीधा है—सिर्फ 8 महीने के पार्षद बनने के लिए चुनाव कौन लड़े?

जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री एयरपोर्ट पर... और शंकर की बांसुरी! जन्माष्टमी के रंग में इंदौर का सियासी माहौल भी कृष्णमय नजर आया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट पर रहे तो सांसद शंकर लालवानी की बांसुरी ने खूब सुर्खियां बटोरीं। और बात सिर्फ बांसुरी तक नहीं रुकी... मोरपंख ने भी पूरी कृष्णलीला में रंग भर दिया!

आईडीए की पिच पर फिर बाहरी कप्तान? इंदौर विकास प्राधिकरण की सियासी पिच पर कप्तानी को लेकर फिर चचाओं का बाजार गर्म है। एक बार कप्तान बाहर से आया था, अब सवाल उठ रहा है—क्या इस बार भी वही कहानी दोहराई जाएगी? आई पी एल में तो विदेशी कप्तान देखे हैं, अब आई डी ए की पिच पर बाहरी कप्तान की बारी फिर आएगी क्या?

न्यूज कालम




## शिक्षक दिवस पर साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम, टीआई ने विद्यार्थियों को किया सचेत

**मनावर।** जेसीज हायर सेकेंडरी स्कूल मनावर में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विशेष साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनावर टीआई राजेश यादव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देते हुए सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया। श्री यादव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल संबंधित माध्यम से शिकायत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक दिवस के अवसर पर किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए छोटी कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया और एक दिन के लिए शिक्षकों की जिम्मेदारियों का अनुभव प्राप्त किया।

## गढ्डों के बीच बैठकर युवा कांग्रेस ने किया हवन, सड़कों की मरम्मत हेतु की कामना



**खरगोन।** शहर की जर्जर एवं खस्ताहाल मुख्य सड़कों के सुधार के लिए युवा कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन कर नगर पालिका और शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। बारिश के बीच, बीच सड़क पर जुटे कार्यकताओं ने हवन कर नगर पालिका एवं प्रशासन को सदबुद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डाली। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के डायवर्सन रोड़, सनावद रोड़, बिस्टाना रोड़, औरंगपुरा सहित राधावल्लभ की सड़क अब रास्ता कम और हादसों का गड्ढा ज्यादा बन चुकी है। नगर पालिका और जिला प्रशासन को कई बार आवेदन-निवेदन कर सुधार के लिए सचेत कर चुके है, लेकिन कोई ध्यान नही दे रहा, नतीजतन लोग हादसों के शिकार हो रहे है। हाल ही में सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने भी बैठक में अधिकारियों को हिदायत दी थी कि सड़क हादसे रोकने कागजों पर योजना न बनाएं, जमीनी स्तर पर काम करें, इसके बाद भी अधिकारियों के रवैये एवं संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर कोई फर्क पड़ता नजर रही आ रहा। यह समस्या इस साल की नही है, वर्षो से बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे।

## रेलवे स्टेशन पर लोकार्पण को लेकर तैयारियां तेज,स्टेशन पर मंच निर्माण शुरू



**टांडा(धार)।** टांडा क्षेत्र सहित धार जिलेवासियों के लिए ८ सितंबर का दिन खास होने जा रहा है। वर्षों से जिस रेल सुविधा का क्षेत्रवासियों को इंतजार था, वह अब साकार होने जा रही है। टांडा रोड रेलवे स्टेशन से धार जिले में रेल सेवा के शुभारंभ का यह महत्वपूर्ण अवसर होगा। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को बड़ौदा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नए रेलखंड एवं यात्री रेल सेवा का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्टेशन परिसर में डॉम व मंच निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों का लगातार स्टेशन पर आना-जाना बना हुआ है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं धार-महू सांसद सावित्री ठाकुर के उपस्थित रहने की जानकारी है। इसके साथ ही रेलवे की ओर से क्षेत्र के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में पहुंचाने के लिए भी कहा जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## विहिप स्थापना दिवस पर सेवा, संस्कार और संस्कृति को मजबूत करने का संकल्प

**बेड़िया।** विश्व हिंदू परिषद के ६२वें स्थापना दिवस पर बेड़िया प्रखंड में कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना, सेवा भावना को बढ़ावा देना तथा सनातन संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के साथ नई पीढ़ी को संस्कार और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना जरूरी है। कार्यकताओं एवं समाजजनों ने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने और समाज को संगठित एवं जागरूक बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला सह मंत्री पूरन वर्मा, जिला सह संयोजक हेमराज चौहान, चेतन राठौड़, राकेश वर्मा, भीम राठौर, हेमंत वागे, मयंक पाठक एवं जिला सत्संग प्रमुख संजय पाठक सहित कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।



# आनंद परिसर में इस्कॉन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



आनंद परिसर में इस्कॉन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शहरवासी शामिल हुए। पूरे परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के नाम, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी एवं मयूर राजानी ने बताया कि आयोजन इस्कॉन सेंटर प्रमुख अखिल बंधु, गोपालदास प्रभु जी एवं नेताई प्रिया प्रभु जी के दिशानिर्देश में जन्मोत्सव की शुरूआत मधुर हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन से हुई। जैसे-जैसे कीर्तन आगे बढ़ा श्रद्धालु भगवान के नाम पर झूमते और नृत्य करते नजर आए।

भक्तिमय संगीत और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। इस दौरान नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से मनुष्य जीवन के महत्व को समझाया गया। नाट्य में बताया गया कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे केवल भौतिक सुखों में व्यर्थ नहीं करना चाहिए। मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम को जागृत करना और आध्यात्मिक चेतना को विकसित करना है। पश्चात सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां भी हुईं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। वहीं, श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं पर आधारित कथा का भी आयोजन किया गया। प्रवक्ता ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं मधुर वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण करते हुए भगवान की लीलाओं से आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन की महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी के रथ का भी निर्माण किया गया था। रथ पर विराजमान भगवान के सुंदर श्रृंगार और दर्शन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे।

बाल गोपाल के झूले के दर्शन के साथ श्रद्धालुओं को भगवान को झूला झुलाने का अवसर भी मिला। इसके बाद श्री श्री राधा-कृष्ण का अभिषेक विधिवत रूप से किया गया, जिसमें खंडवा की कई जानी-मानी हस्तियों ने भी सहभागिता की। इस मौके पर भक्तों द्वारा नंदगांव की भव्य एवं आकर्षक झांकी भी तैयार की गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और सभी को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सुंदर अनुभूति कराई। भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच फरियाली प्रसादी एवं छप्पन भोग का वितरण किया गया। भक्तों को भगवान का चरणामृत भी वितरित किया गया। रात्रि १२ बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के अवसर पर भव्य महाआरती एवं पुष्प अभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा परिसर हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा और श्रद्धालु भगवान के नाम पर भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। इस बार के जन्माष्टमी महोत्सव में खंडवा के कई इस्टाग्राम एवं यूट्यूब, इन्फ्लुएंसर ने भी सहभागिता की।

उन्होंने कार्यक्रम की भव्यता, आध्यात्मिक वातावरण और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस्कॉन खंडवा का यह आयोजन केवल जन्माष्टमी उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, उनकी लीलाओं और मनुष्य जीवन के वास्तविक उद्देश्य का संदेश भी देकर गया। इस महोत्सव के अवसर पर भागवत कथा वक्ता परंपरा प्रभु जी, दीपक, नितेश आदि उपस्थित थे।



## 200 मरीजों की हुई जांच, शुगर-मोटापे और फैटी लिवर की गंभीर समस्या

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

श्री बीसा नीमा महाजन समाज पंचायत ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को राधाकुंज मांगलिक परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरुकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें इंदौर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिप्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

डॉ. हरिप्रसाद ने किडनी रोग पीड़ित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार भी किया। इस दौरान उन्होंने आयोजित सभा में कहा कि आज के दौर में खान-पान के चलते नई-नई तरह की बीमारियां पैर पसारने लगी है। जबकि हैजा, मलेरिया जैसी वायरल बीमारियां खत्म हो चुकी है। स्वस्थ शरीर के लिए उचित खान-पान, नियमित व्यायाम जरुरी है।

उन्होनें कहा आज के समय में ज्यादातर मामले जो मरीज शुगर और मोटापे से पीड़ित हैं, या जिन्हें नियमित शराब पीने की आदत है, उनमें फैटी लिवर और लिवर फाइब्रोसिस (लिवर की कठोरता) की समस्या सबसे ज्यादा पाई जाती है। शिविर में मरीजों को दर्द रहित फाइब्रोस्कैन तकनीक के जरिए मात्र 5 से 10 मिनट में उनके लिवर की सटीक स्थिति बताई गई और बचाव के तरीके समझाए गए।

## बुरहानपुर में 'दीदी की राखी' बनी स्नेह और विश्वास की पहचान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

रक्षाबंधन पर बुरहानपुर की 'दीदी की राखी' अब सिर्फ राखी भेजने की औपचारिकता नहीं, बल्कि 28 साल पुरानी आत्मीय परंपरा बन चुकी है। विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस की ओर से हर साल बुरहानपुर-नेपानगर विधान सभा के हर बूथ से लेकर लोकसभा क्षेत्र, प्रदेश और देशभर में 1 लाख से अधिक स्नेही बंधुओं तक संदेश के साथ रक्षा सूत्र भेजा जाता है।

इस वर्ष 1 लाख 18 हजार से अधिक रक्षा सूत्र घर-घर पहुंचाए गए। खास बात यह है कि यह राखी डाक से नहीं, बल्कि कार्यकर्ता स्वयं घर-घर जाकर देते हैं, जिससे व्यक्तिगत संपर्क और आत्मीयता बनी रहती है। हर साल सूची का नवीनीकरण किया जाता है, पुराने नाम अपडेट होते हैं और नए परिवार जुड़ते हैं। इस रिश्ते की गहराई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भाई तक राखी नहीं पहुंचती, तो वह सीधे अर्चना चिटनिस से नाराजगी भी जताता है। वहीं किसी स्नेही भाई के निधन के बाद भी उसके परिवार तक राखी भेजना जारी रहता है। इस वर्ष राखी के साथ विशेष संदेश दिया गया - च्च्संशय को निष्ठा, निष्ठा को विश्वास, विश्वास को संकल्पित मन दें। भटके लोगों को राह, राह को ध्येय और ध्येय तक बढ़ते कदम दें। साथ ही कार्ड पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख किया गया - च्च्रक्षाबंधन पर स्नेह, वंदे मातरम... आइये, आपसी विश्वास और प्रेम के साथ हम सब मिलकर बांधें सूत्र संकल्प का...ज्ज कार्ड पर विक्रम संवत 2083 के हिंदू नववर्ष 19 मार्च 2026 का भी उल्लेख कर भारतीय सांस्कृतिक चेतना से जोड़ा गया।

## गोगा नवमी पर बुरहानपुर में भव्य चल समारोह, विधायक अर्चना चिटनिस ने किया छड़ी का पूजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

गोगा नवमी के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज के आराध्य देव लोकदेवता वीर गोगा जी महाराज के जन्मोत्सव पर शनिवार रात्रि शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया।

चल समारोह में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस शामिल हुईं। उन्होंने समाजजनों के साथ वीर गोगा जी महाराज की छड़ी का विधिवत पूजन-अर्चन किया और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

समारोह में वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। वीर गोगा जी के जीवन, शौर्य और लोक आस्था को दर्शाती आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि गोगा नवमी केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि लोकपरंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है। वीर गोगा जी का शौर्य और लोककल्याण का संदेश हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आस्था से शक्ति, संस्कारों से एकता और सेवा से समाज का उत्थान होता है।

इस अवसर पर महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, पूर्व महापौर अतुल पटेल, चिंतामन महाजन, संभाजीराव सगरे, धनराज महाजन, हेमेन्द्र महाजन, गजेन्द्र पाटिल, आदित्य प्रजापति, कालू जंगाले, धरम सौदे, रूद्रेश्वर एंडोले, शिवकुमार पासी, गौरव शिवहरे, राजकुमार वाघ, चिंटू राठौर, अक्षय मोरे, भरत रावल, संतोष गवई, अक्षय पाटिल, प्रशांत रावतोले एवं दर्शन पाटिल सहित जनप्रतिनिधि और समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

## पुराने विवाद में युवक से मारपीट

**खंडवा।** छैगांवमाखन थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसोद में पुराने विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ग्राम गांधवा निवासी अखिलेश पाटीदार का अनिल पाटीदार से विवाद हुआ। गाली देने से मना करने पर मारपीट कर पत्थर से चोट पहुंचाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

## मजदूरी के पैसे को लेकर मारपीट

**खंडवा।** पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम भूतनीखेड़ा में मजदूरी के पैसे को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार महेश पिता अमरसिंह सुतार के साथ राकेश कोरकू ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना 3 सितंबर की रात की है, जिसकी रिपोर्ट 4 सितंबर को दर्ज कराई गई।



## ढोल की थाप पर थिरका सनावद

**सनावद।** शाम ढलते ही खंडवा रोड का वाल्मीकि शिव मंदिर आस्था के केंद्र में बदल गया। ढोल-ताशों की गूंज, सजी हुई बग्गी और हाथों में लहराते छड़ी-निशान के बीच गोगा महाराज के जयकारों ने ऐसा माहौल बनाया कि देखते ही देखते शहर की सड़कें श्रद्धालुओं से भर गईं। अवसर था गोगा नवमी पर निकले भव्य चल समारोह का। शनिवार शाम करीब 7 बजे वाल्मीकि शिव मंदिर से शुरू हुआ यह चल समारोह केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि समाज की परंपरा, आस्था और एकता की जीवंत तस्वीर नजर आया। डीजे की धुन और ढोल-ताशों की थाप के बीच युवा पूरे उत्साह से आगे बढ़ते रहे, वहीं वरिष्ठजन भी इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने। चल समारोह में गोगा देव की पवित्र छड़ी और निशान विशेष आकर्षण रहे। श्रद्धालु इन्हें लेकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। सजी हुई बग्गी ने भी लोगों का ध्यान खींचा। मुख्य मार्गों और चौराहों से गुजरते हुए जुलूस ने शहर में पर्व का रंग घोल दिया।जुलूस के स्वागत के लिए शहर में कई स्थानों पर मंच बनाए गए थे। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल और नगर पालिका प्रशासन सहित विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया। पुष्पवर्षा के साथ गोगा देव के निशान का पूजन हुआ।

## आधुनिक दौर में शिक्षकों का अपडेट होना जरूरी- डॉ. सोमानी

**मंदसौर।** स्थानीय श्री माहेश्वरी माध्यमिक स्कूल में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद स्व. जगदीशचंद्र सोनी की स्मृति में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ महिला शिक्षाविद डॉ. योगिता सोमानी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के दौर में शिक्षकों का अपडेट होना बेहद जरूरी है क्योंकि अपडेट शिक्षक ही बच्चों को आज के समय के अनुसार तैयार कर सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष नवाल ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है और शिक्षक ही समाज के असली रचनाकार हैं। विशेष अतिथि पंकज परवाल एवं गौरव काबरा ने बच्चों को प्रतिस्पर्धा के दौर में धैर्य के साथ सुदृढ़ शिक्षा की ओर बढ़ने की सीख दी। स्वागत भाषण संघ अध्यक्ष अरुण भदादा ने दिया, संचालन विजय पलोड ने किया तथा आभार राहुल सोनी ने माना। इस अवसर पर स्व. जगदीशचंद्र सोनी की स्मृति में शिक्षकों को माला, शाल-श्रीफल, उपहार एवं बॉलपेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज व मंदिर ट्रस्ट के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## प्रभु को साथी मानकर करें कर्म, यही जीवन का सच्चा सार

**मंदसौर।** अंतरराष्ट्रीय भागवताचार्य दशपुररत्न स्व. पं. मदनलाल जोशी की स्मृति में बालिका गृह च्अपना घरज् में स्मरण प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी संत सनिष्ठानंद महाराज के सानिध्य में संपन्न इस कार्यक्रम में पं. जोशी के धार्मिक व सांस्कृतिक योगदान को याद किया गया। स्वामीजी ने बच्चों को जीवन में सफलता के पांच सूत्र बताते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय रखें, दूसरों को देखकर विचलित न हों, कार्य के प्रति सकारात्मक सोच रखें, पूरी तरह समर्पित रहें और सफलता मिलने पर अहंकार से बचें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन सेवा और परोपकार के लिए मिला है।



## शिक्षकों के सम्मान के साथ मेधावियों का बढ़ाया हौसला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब सनावद स्नेह एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक, मेधावी विद्यार्थी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शासकीय-निजी विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालय जूनापानी के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों तथा कक्षा १२वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी विशेष सम्मान मिला। पूर्व जिला शिक्षाधिकारी केके डोंगरे ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को स्वयं सोचने और सीखने की क्षमता देना है। क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा क्षेत्र में सहयोग का भरोसा दिलाया। ला. अनिता जैन ने क्लब की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। जवाहर नवोदय विद्यालय में गणित विषय में शत-प्रतिशत परिणाम के लिए व्याख्याता संगीत गोल्हानी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई शाखा प्रबंधक पीयूष मिश्रा सहित क्लब पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# समाज की मजबूती के लिए माहेश्वरी समाज ने शुरू की सामाजिक जनगणना

### समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने फार्म भरकर किया अभियान का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



समाज की वास्तविक स्थिति और भविष्य की आवश्यकताओं का आंकलन करने के उद्देश्य से धार जिला माहेश्वरी समाज द्वारा सामाजिक जनगणना अभियान की शुरूआत की गई। जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी के निर्देशन में शनिवार, 5 सितंबर को जिलेभर में अभियान का एक साथ शुभारंभ हुआ। बाग में माहेश्वरी मांगलिक भवन से जिला जनगणना प्रभारी एवं जिला सचिव मनोज माहेश्वरी के नेतृत्व में अभियान की शुरूआत हुई। बाग समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने जनगणना फार्म भरकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

अभियान के तहत समाज के पदाधिकारियों एवं युवा संगठन के सदस्यों ने घर-घर पहुंचकर परिवारों को जनगणना फार्म वितरित किए। परिवारों से आवश्यक जानकारी जुटाने के साथ ही फार्म भरवाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। जनगणना के माध्यम से समाज के परिवारों की संख्या, पारिवारिक स्थिति और अन्य आवश्यक सामाजिक जानकारियों का व्यवस्थित संकलन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित झंवर, जिला उपाध्यक्ष संदीप झंवर, प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय अगाल, जिला युवा संगठन अध्यक्ष अंकित झंवर, बाग समाज उपाध्यक्ष संजय लड्ढा, सचिव अखिलेश जाजू, संगठन मंत्री दिलीप बाहेती, कोषाध्यक्ष बृजमोहन जाजू, युवा संगठन अध्यक्ष रजत मानधन्या सहित जगदीश तापड़िया, आतुर लड्ढा, रजत अगाल, वेदांश अगाल, राज मालानी, ऋषभ झंवर, नितिन बाहेती एवं मानद झंवर सहित समाजजन मौजूद रहे।

**जनगणना से सामने आएगी समाज की वास्तविक तस्वीर**

समाज के वरिष्ठ सदस्य कमलेश राठी ने कहा कि सामाजिक जनगणना समाजहित में महत्वपूर्ण पहल है। इससे समाज की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियां समाज के प्रत्येक परिवार को एकजुटता की माला में पिरोने का कार्य करती हैं। ऐसी गतिविधियों से समाज में आपसी संपर्क और सहभागिता भी मजबूत होती है।

**पदाधिकारी करेंगे परिवारों का सहयोग**

बाग समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने बताया कि जनगणना फार्म की आवश्यक पूर्ति एवं जानकारी उपलब्ध कराने में समाज संचालन समिति के पदाधिकारी और युवा संगठन के साथी परिवारों को सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने समाज के सभी परिवारों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

## न्यूज -कॉलम

### बैतूल से तराना लाया गया टिप्पणी करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणियां और पोस्ट कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले आरोपी सैयद अकरम को तराना पुलिस रविवार को बैतूल से लेकर आई है। थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया ने बताया कि आरोपी ने तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर के अधिकारिक इंस्टग्राम पेज पर सोमवार को निकलने वाली शाही सवारी को लेकर टिप्पणी कर धमकी दी थी। उसके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सचिव पंचदशनाम जूना अखाड़ा और मंहत ओम भारती ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी को साइबर टीम की मदद से ट्रेस किया था और बैतूल पुलिस की मदद से उसे राउंडअप किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये टीम बैतूल भेजी गई थी। जहां से आरोपी को तराना लाया गया है। फिलहाल पूछताछ कर उसकी गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है। सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 299, 196(1)(ए), 351(2), 352 बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### होमगार्ड के 150 जवानों के साथ तैनात रहेंगे 350 वॉलटियर



**उज्जैन।** आज शाम बाबा महकाल की राजसी सवारी को लेकर होमगार्ड विभाग रामघाट से नृसिंहघाट तक सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगा। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि रविवार से ही 150 जवानों के साथ 350 आपदा मित्र (वॉलटियरों) की तैनाती की दी गई है। 8 मोटर बोट से रामघाट की छोटी रपट से लेकर नरसिंहघाट तक निगरानी की जा रही है। तैनाती में एसडीआरएफ के तैराक, गोताखोर, होमगार्ड के नाविक और उनकी डिजास्टर रिस्पांस टीम आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ व्यवस्था संभाल रही है। महाकाल मंदिर से निकलने वाली राजसी सवारी शाम 6 बजे के लभ्गाग रामघाट पहुंचेगी। जहां बाबा की पालकी का पूजन अभिषेक होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं की संख्या भी अधिक होगी। सभी की सुरक्षा व्यवस्था में तैनाती की गई है। आपदा मित्र लाइव जैकेट के श्रद्धालुओं के साथ क्षिप्रा नदी में किसी का प्रकार का हादसा ना हो इसको लेकर अलर्ट पर रहेगें और डूबतों को बचाने में अपनी भूमिका निभायेगें।

### पारिवारिक विवाद में पत्नी के साथ पति ने की मारपीट

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद में रविवार को एकतानगर में रहने वाली पुनीबाई के साथ पति कैलाश केवट ने मारपीट की और घायल कर दिया। पुनीबाई को घायल हालत में पड़ा देख पड़ोसी उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती कर मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी है। पुलिस घायल पुनीबाई के बयान दर्ज करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि मारपीट करने के बाद पति घर से भाग निकला था, पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### बाइक चालक पर 28 दिन बाद दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** इंदौररोड पर 8 अगस्त को 2 बाइक में भिड़ंत हो गई थी। एक बाइक पर सवार सुनील पिता शोभाराम सिसौदिया 27 साल निवासी मनावर धार की मौके पर मौत हो गई थी, उस साथी सुनील पिता लक्ष्मण डावर 18 साल ग्राम डाबड धार घायल हुआ था। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। दूसरी बाइक पर सवार युवक भिड़ंत के बाद मामूली घायल हुआ था, जो घटनास्थल से भाग निकला था। पुलिस के अनुसार आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखने के बाद पता चला कि बाइक क्रमांक एमपी 09 डीसी 9706 के चालक ने टक्कर मारी थी। जांच पूरी होने के 28 दिन बाद उक्त बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसकी गिरफ्तारी कर बाइक जप्त की जायेगी।

### ईट से हमला कर पिता को जान से मारने की दी धमकी

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरी नगर में रहने वाले नाथु पिता रामसिंह 60 वर्ष पर ईंट से पुत्र सोनू ने हमला किया और घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घायल नाथुसिंह को परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर पुत्र के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। घायल ने बताया कि पुत्र आये दिन पार्टी करता है और नशा कर घर लौटता है। उसे पार्टी करने से मना किया था, लेकिन उसने विवाद करते हुये ईंट से हमला किया। पुलिस के अनुसार पुत्र घर से फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## दिल्ली में तीन दिनों की तलाश के बाद पकड़ाया आरोपी...

# ठिकाने बदल रहा था ब्लैकमेल करने वाला युवक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

फ्रेंडशिप एप पर नाबालिग से दोस्ती कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को दिल्ली में तीन दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह पुलिस से बचने के लिये बार-बार ठिकाने बदल रहा था।

भाटपचलाना कस्बे में रहने वाली नाबालिग ने 1 सितंबर को परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी सोशल मीडिया फ्रेंडशिप एप के माध्यम से अंशु थामसन से पहचान हुई थी। कुछ दिनों तक बातचीत हुई इस दौरान उसने फोटो ले लिये। अब ब्लैकमेल कर रहा है और फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। उसके द्वारा 40 हजार की मांग की जा रही है। मामला नाबालिग से जुड़ा और गंभीर होने पर थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने मामले में अंशु थामसन के खिलाफ धारा 78(2) बीएनएस, 11/12 पॉक्सो एक्ट तथा 67, 67(बी) आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।





तकनीकी साक्ष्यों से पता चला कि वह दिल्ली के बेगमपुर रोहिणी सेक्टर राजीवनगर का रहने वाला है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई, जहां से शनिवार रात उसे गिरफ्तार कर भाटपचलाना लाया गया। पूछताछ और मोबाइल बरामद करने के बाद उसे रविवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### 3 थाना पुलिस और सायबर टीम की भूमिका

बताया जा रहा है कि मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर टीआई स्तर पर जांच के लिये खाचरौद थाना पुलिस को विवेचना सौंपी गई। भाटपचलाना में प्रभारी एसआई स्तर के है। नाबालिग के बयान दर्ज करने के लिये नागदा थाना एसआई योगिता उपाध्याय को बुलाया गया। तकनीकी साक्ष्य के लिये सायबर प्रभारी प्रतिक यादव की मदद ली गई, साक्ष्य मिलने पर भाटपचलाना प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, गिरधारी कनेल, विजय जाट, हितेश निम्बोला और उदय यादव की टीम दिल्ली पहुंची थी।

### 3 दिनों तक पुलिस ने बचने का प्रयास

थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि आरोपी की तलाश में एक टीम दिल्ली रवाना की गई थी। उसने अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिया था और पुलिस से बचने के लिये ठिकाने बदलने लगा था, तीन दिनों तक उसकी तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तलाश की जाती रही, उसके बाद वह गिरफ्त में आ सका। आरोपी प्रायवेट कंपनी में काम करता है। जानकारी मिली कि वह फ्रेंडशिप एप के माध्यम से युवती को अपने जाल में फंसाता था और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था।

### अलग-अलग नम्बरों से करता था कॉल

नाबालिग ने शिकायत में बताया था कि अंशु ने दोस्ती के बाद उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। वह 40 हजार रूपये मांग रहा था, हर बार अलग-अलग नम्बर से कॉल कर फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा था। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर परिजनों को पूरी बात बताई थी। पुलिस ने नाबालिग के मोबाइल पर आ रहे सभी नम्बरों की जांच की लेकिन उसने सभी बंद कर लिये थे। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर उसका पता लगाया।

## 7 पार्किंग स्थल किये निर्धारित, भारी वाहन होगें डायवर्ट....

# राजसी सवारी- आज 16 मार्गो पर प्रतिबंधित रहेंगे वाहन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आज बाबा महाकाल की राजसी सवारी महाकालेश्वर मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जायेगी। जिसके चलते यातायात पुलिस ने प्लान जारी कर 16 मार्गो पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। सुबह 11 बजे से प्लान लागू कर दिया जायेगा।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार और विक्रम कनपुरिया ने बताया कि सोमवार को निकलने वाली बाबा महाकाल की राजसी सवारी में लाखों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान जारी किया गया है। मंदिर की ओर जाने वाले 16 मार्ग हरिफाटक टी-बेगमबाग, दानीगेट-रामानुजकोट, गुदरी-कहारवाडी-रामघाट, तेलीवाडा- कमरी मार्ग, निकास चौराहा-तेलीवाडा, क्षीरसागर- कंठाल, बियावानी-तेलीवाडा, नरेंद्र टॉकीज-कंठाल, नरसिंहघाट टर्निंग- जयसिंहपुरा, भार्गव तिराहा-टंकी चौक, केडी गेट-कमरी मार्ग, चक्रतीर्थ टर्निंग-दानीगेट, तोपखाना-लोहे का पुल, नलिया बाखल-बेगमबाग, बारह खोली-बेगमबाग और बांसफोड गली से गुदरी तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। सुबह 11 बजे से सवारी के पुनः मंदिर पहुंचने तक मार्ग पूरी तरह से वाहनों के लिये प्रतिबंधत रहेगा। प्लान के अनुसार देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पार्क करने के लिये 7 पार्किंग स्थल बनाये गये। जिसमें भोपाल, इंदौर, देवास की ओर से आने वाले दर्शनार्थी अपना वाहन वाकणकर पार्किंग, मन्नत गार्डन पार्किंग और कर्कराज पार्किंग में खडा कर सकेगें। बडनगर और नागदा की ओर से आने वाले वाहनों को कार्तिक मेला ग्राउण्ड में पार्क कराया जायेगा। मक्सी और आगर की ओर से आने वाले श्रद्धालु अपना वाहन क्षीर सागर स्टेडियम के साथ सामाजिक न्याय परिसर मे खडा कर सकेंगे। सवारी के दौरान भारी वाहनों की आवजही को भी डायवर्ट किया जायेगा। सभी बडे वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

### यह रहेगा शाही सवारी का मार्ग

भगवान महाकाल की राजसी सवारी महाकालेश्वर मंदिर परिसर से शाम 4 बजे पूरे वैभव के साथ शुरू होगी, जो महाकाल घाटी, गुदरी चौराहा, पानदरीबा, कहारवाडी और रामानुजकोट होते हुए रामघाट पहुंचेगी। रामघाट पर पालकी में विराजित भगवान चंद्रमौलेश्वर और गजराज पर आरूड मनमहेश का शिप्रा जल से पूजन-अर्चन किया जाएगा। उसके बाद रामघाट से सवारी गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, कमरी मार्ग, टंकी चौक, तेलीवाडा, कंठाल, सतीगेट, खडे हनुमान और गोपाल मंदिर पहुंचेगी। यहां सिंधिया स्टेट की ओर से पूजन के बाद सवारी पटनी बाजार, गुदरी और महाकाल घाटी होते हुए पुनः महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

### श्रद्धालुओं और शहरवासियों से अपील

यातायात पुलिस द्वारा देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं और शहरवासियों से अपील की गई है कि राजसी सवारी के दौरान यातायात नियमों का पालन करे और प्रतिबंधत मार्ग पर वाहन लेकर ना आये। तय पार्किंग में वाहनों को खडा किया जाये। सवारी मार्ग पर गलियों में वाहन खडा ना करें। पुलिस के निर्देशों का पालन करें, अन्यथा वाहन जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

# गार्डन में खड़ी कार आग की लपटो में घिरी

### परिवार ने उपद्रवियों पर जताई जलाने की शंका

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शनिवार-रविवार रात तराना स्थित गार्डन में खडी कार आग की लपटों से घिर गई। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले पूरी कार जल चुकी थी। कार मालिक के परिवार के उपद्रवियों पर पेट्रोल छिडककर आग लगाने की शंका जताई है।

तराना तहसील के तोबरीखेडा में कल्याणसिंह ने अपनी जायलो कार घर से कुछ दूरी पर गार्डन में खडी की थी, वह निजी काम से दिल्ली चले गये थे। शनिवार-रविवार रात कुछ लोगों ने कार को आग की लपटों से घिरा देखा। परिवार को सूचना दी गई और आग पर काबू पाने के लिये बाल्टियों में पानी भरकर बुझाने के प्रयास शुरू किये, आग पर काबू पाया जाता उससे पहले कार पूरी तरह से जल चुकी थी, आग से टायरों में ब्लास्ट भी हुआ। मामले की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि कार के पास ही मैजिक खडी थी जो आग की लपटो में आने से बच गई। कार मालिक के परिजनों ने क्षेत्र के उपद्रवियों पर आग लगाने की शंका जताई है। उनका कहना था कि गार्डन से पेट्रोल की बोतल मिली है।

कार मालिक और परिवार ने पुलिस से आग लगाने वालों का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कहीं है। मामले में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि आगजनी स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद ही आग लगने का घटनाक्रम सामने आ पायेगा। अगर कोई संदिग्ध या फिर आग लगाने वालों की जानकारी मिलती है तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा।

### आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में युवा कैंसर जागरूकता पर 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**उज्जैन।** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के नाद ब्रह्मा कन्वेंशन सेंटर में 5 और 6 सितंबर को किशोर एवं युवा कैंसर जागरूकता पर 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के कैंसर विशेषज्ञ, चिकित्सक, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ और कैंसर विजेताओं ने हिस्सा लिया। इंदौर के किशोर एवं युवा सहायता न्यास के तत्वावधान में हुए इस सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में होने वाले कैंसर की समय पर पहचान, आधुनिक उपचार और बीमारी के बाद जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना था। न्यास के वाइस प्रेसिडेंट तथा आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल एवं हिमेटोलॉजी प्रोफेसर डॉ. कर्नल प्रकाश चितलकर ने जागरूकता बढ़ाने और समय पर पहचान कर बेहतर कैंसर देखभाल सुनिश्चित करने का संदेश दिया। विशेषज्ञों के अनुसार इस आयु वर्ग में कैंसर के शुरुआती लक्षण कई बार सामान्य बीमारियों जैसे लग सकते हैं। इसलिए शरीर में असामान्य गांठ, सूजन, लंबे समय तक बुखार, अकारण वजन में बदलाव, अत्यधिक थकान, दर्द या असामान्य रक्तस्त्राव को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बीमारी की जल्दी पहचान होने से उपचार के परिणाम बेहद सकारात्मक होते हैं। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों के बीच ज्ञान व अनुभव का आदान-प्रदान करना और समाज को जागरूक करना है। विशेषज्ञों ने कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, कार-टी सेल थेरेपी, सर्जरी और लक्षित उपचार जैसी नवीनतम पद्धतियों पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही उपचार के दौरान और बाद में मरीज के मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर, सामाजिक जीवन तथा प्रजनन व दीर्घकालीन स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन में डॉ. दिनेश पेंढारकर, डॉ. अशोक शिनॉय, डॉ. प्रियेश दुबे, डॉ. सौरभ कर्णावट, डॉ. मंजू पुरोहित, डॉ. रूणु शर्मा, डॉ. निकिता तिवारी, डॉ. हेमेन्द्र मिश्रा, डॉ. पप्पू मेहर सहित कैंसर सर्वाइवर गुनिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. अर्चित जैन और डॉ. ज्योति बाजपेयी भी वर्चुअल माध्यम से जुडे। सभी विशेषज्ञों ने आमजन से अपील की कि वे लंबे समय तक बने रहने वाले किसी भी स्वास्थ्य लक्षण पर तत्काल योग्य चिकित्सक से परामर्श लें।

### श्रीकृष्ण पर्व में गूंजे राष्ट्रीय लोक गायक सुंदरलाल मालवीय के भजन

**उज्जैन।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा स्थानीय मुरली मनोहर मंदिर में ीकृष्ण पव का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध राष्ट्रीय लोक गायक सुंदरलाल मालवीय और उनके साथियों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुंदरलाल मालवीय का भक्ति गायन रहा। उन्होंने और उनके समूह ने अपने सुरों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के विविध भावों और लीलाओं को मंच पर साकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय लोक गायक मालवीय जल्द ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उनके उत्कृष्ट गायन ने उपस्थित कला-प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस निःशुल्क आयोजन में शहर के संगीत प्रेमियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। उपस्थित श्रोताओं ने गीत-संगीत के इस संगम के माध्यम से लोकमंगल की भावना का भरपूर आनंद लिया।

### शिक्षक दिवस पर रॉयल हाइट्स स्कूल में भव्य आयोजन

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिक्षकों का किया सम्मान

जीरापुर। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संचालक रणधीर सिंह चौहान, प्रबंधक यशवर्धन सिंह, प्राचार्य शैलेंद्र जोशी, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल एवं भोला सेन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने

# पिता घर पहुंचे तो फंदे लटका मिला पुत्र

### पत्नी के नहीं लौटने पर लगाई फांसी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रक्षाबंधन पर मायके गई पत्नी वापस नहीं लौटी तो शराबी पति ने फांसी लगा ली। उसने दोस्त को कॉल किया था, पिता देखने घर पहुंचे तो पुत्र फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।



फाजलपुरा में रहने वाले महेश लश्करी रविवार सुबह काजीवाडा धोबी गली में रहने वाले पुत्र योगेश लश्करी के घर पहुंचे थे, जहां उन्होने पुत्र का फंदे पर लटका पाया और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन से पत्नी मायके गई हुई है। योगेश शनिवार शाम को पिपलीनाका ससुराल पहुंचा था, लेकिन पत्नी नहीं आई थी। योगेश शराब पीने का आदी था और कपडो पर प्रेस करने का काम करता था। रात में उसने दोस्त को कॉल किया था और मरने की बात कहीं थी। दोस्त की सूचना पर माता-पिता रात को भी घर आये थे उसने दरवाजा नहीं खोला था, पूर्व में भी वह नशे में हरकत कर चुका था, जिसके चलते माता-पिता दरवाजा नहीं खुलने पर फाजलपुरा घर लौट गये थे, सुबह दोबारा उसे देखने पहुंचे थे। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में नशे की हालत और पत्नी के नहीं लौटने पर फांसी लगाना सामने आया है। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

# 20 से अधिक शिक्षकों का सम्मान, की छात्रवृत्ति की घोषणा

### शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा और सामाजिक विकास की आगामी योजनाओं का हुआ ऐलान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था अर्थात दर्पण फाउंडेशन द्वारा हरसोदन स्थित राधा कुंज फार्म हाउस में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आसपास के 10 से 12 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 20 से अधिक शिक्षकों और प्राचार्यो का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर संस्था ने शिक्षा, खेल और सामाजिक विकास से जुड़ी अपनी आगामी वृहद योजनाओं की घोषणा भी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी, उपाध्यक्ष धीरज जाट और उपस्थित शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। फाउंडेशन की ओर से सभी शिक्षकों एवं प्राचार्यो को स्मृति चिह्न,





प्रमाण-पत्र और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने संस्था के उद्देश्यों और वर्तमान में किए जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला। सम्मानित शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए इस पहल की सराहना की।

उपाध्यक्ष धीरज जाट ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 18 सितंबर को संस्था के द्वितीय स्थापना दिवस पर नारी सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम होगा, जिसमें बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक आधुनिक पुस्तकालय स्थापित करने और आगामी वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की बड़ी घोषणा भी की गई। इसके अलावा 2 अक्टूबर को उज्जैन में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सह-सचिव सुनील, कोषाध्यक्ष सतीश और प्रचारक विशाल पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सचिव रवि पाटीदार ने सभी अतिथियों का आभार माना। अंत में राष्ट्रगान के बाद आयोजन का समापन हुआ। समारोह में लगभग 100 गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षकों पर मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का दायित्व




इस दुनिया में शक्ति का आधार ज्ञान है। इसीलिए वैदिक काल से ही गुरुओं को पूजने की परंपरा रही है। एक आदर्श जीवन की ओर बढ़ने, भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर चलने और सद्कर्मों की प्रेरणा गुरु ही प्रदान कर सकता है। असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योमार्मृतं गमय में गुरु से यही प्रार्थना की गई है। गुरु के शिक्षक में बदल जाने की कोई निश्चित तारीख नहीं, यह क्रमिक विकास की ही देन है। आज हम संक्रांति काल से गुजर रहे हैं। सत्य, अहिंसा, प्रेम, शांति जैसे शाश्वत मानवीय मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा आवश्यक है, क्योंकि इनमें आई गिरावट ने संपूर्ण मानवता के लिए त्रासद स्थितियां पैदा कर दी हैं। ऐसे में, आज के शिक्षकों का दायित्व है, उस चेतना का संचार, जो जीवन-मूल्यों के उत्प्रेरक का कार्य करती है। आज ज्यादातर विद्यार्थी कई तरह के दुराग्रहों के साथ शिक्षा केंद्रों में पहुंचते हैं। ऐसे में, यदि शिक्षक ही विवश हो जाएं और वे गलत को गलत न कह सकें, तो इससे एक असभ्य समाज का निर्माण होगा। शिक्षकों में इतना आत्मबल होना चाहिए कि वे निःसंकोच विवेकशील दिशा-निर्देश कर सकें। निस्संदेह, विद्यार्थियों के पास आज ज्ञान के कई स्रोत हैं। इंटरनेट की मदद से वे अपनी जिज्ञासाएं दूर करने में समर्थ हैं, पर इंटरनेट सच्चे शिक्षक की तरह तथ्यों व तर्कों में अपने जीवनानुभवों का समावेश कर विद्यार्थियों को सही राह नहीं दिखा सकता। आदिकाल में वात्सल्य व सम्मान के सहारे गुरु और शिष्य आजीवन एक अटूट रिश्ते में बंध जाते थे। उसी पवित्र-प्रगाढ़ रिश्ते की जरूरत इस भौतिकवादी युग में आन पड़ी है। तभी हम फिर से कल्याणकारी विश्व की ओर मजबूती से बढ़ सकेंगे।

**सम्पादकीय**

## डिग्री नहीं, रोजगार चाहिए

पीढ़ियों से भारतीय मध्यमवर्गीय सपने का एक तय और सख्त फॉमूर्ला रहा है-खूब पढ़ाई करो, किसी अच्छे कॉलेज में एडमिशन लो, एक चमचमाती डिग्री हासिल करो और आराम से एक स्थिर करियर की तरफ बढ़ जाओ। शिक्षा को हमेशा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच और आगे बढ़ने का जरिया माना जाता था। आज वह सुरक्षा कवच कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। नुक्कड़ की चाय की दुकानों से लेकर टियर-2 शहरों के कोचिंग हब और कॉर्पोरेट बोर्डरूम तक, हर जगह एक ही गूंज सुनाई देती है-डिग्री नहीं, रोजगार चाहिए। आज भारत एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है।

पीढ़ियों से भारतीय मध्यमवर्गीय सपने का एक तय और सख्त फॉमूर्ला रहा है-खूब पढ़ाई करो, किसी अच्छे कॉलेज में एडमिशन लो, एक चमचमाती डिग्री हासिल करो और आराम से एक स्थिर करियर की तरफ बढ़ जाओ। शिक्षा को हमेशा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच और आगे बढ़ने का जरिया माना जाता था। आज वह सुरक्षा कवच कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। नुक्कड़ की चाय की दुकानों से लेकर टियर-2 शहरों के कोचिंग हब और कॉर्पोरेट बोर्डरूम तक, हर जगह एक ही गूंज सुनाई देती है-डिग्री नहीं, रोजगार चाहिए।

आज भारत एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश के रूप में, जहां हमारे पास एक विशाल युवा ताकत (डेमोग्राफिक डिविडेंड) है, हर साल लाखों युवा कार्यबल में शामिल होते हैं लेकिन इसके साथ ही एक बड़ी विडंबना भी है कि एक तरफ इंडस्ट्रीज को बेहतरीन टैलेंट की कमी खल रही है, तो दूसरी तरफ डिग्रियां हाथ में लिए लाखों युवा या तो बेरोजगार हैं या अपनी योग्यता से कम स्तर का काम करने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि नीति आयोग ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश में 15 से 20 वर्ष की आयु के करीब आठ करोड़ सत्तर लाख (8.7 करोड़) युवा ऐसे हैं जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं,न रोजगार में हैं और किसी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अगर इतनी बड़ी सख्या में युवा एक तरह से खाली बैठे हैं तो आखिर किस आधार पर सरकार की ओर से दावा किया जाता है कि युवा आबादी ही देश की ताकत है और वही भविष्य की दिशा तय करेगी। आज समस्या शिक्षा की कमी नहीं है, बल्कि रोजगार में योग्यता की गहरी खाई है। इसके पीछे कई कारण हैं। देश भर के कई उच्च शिक्षण संस्थान आज भी दशकों पुराने सिद्धांतों और तरीकों को पढ़ा रहे हैं। जब तक छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करता है, तब तक तकनीक और कॉर्पोरेट जगत पूरी तरह बदल चुका होता है।

**हकीकत : सिर्फ आंकड़े नहीं**

## अर्थ के लगभग समस्त क्षेत्रों में भारत की प्रगति अतुलनीय



प्रहलाद सबनानी
(दैनिक अवन्तिका)

कुछ माह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने भारत एवं रूस की अर्थव्यवस्थाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि ये अर्थव्यवस्थाएं मृतप्राय हैं और दोनो मिलकर भी अमेरिकी अथवा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकती हैं। परंतु, वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही में भारत द्वारा सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते ही अमेरिका ने यू टर्न लेते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था की तारीफ की है एवं वहां के कुछ अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को चलायमान बनाए रखने में भारतीय अर्थव्यवस्था का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। वृद्धिगत आधार पर वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जो चीन की हिस्सेदारी के बहुत करीब पहुंच गई है।

भारत में भी कुछ वर्गों को भारतीय अर्थव्यवस्था में आए इस उछाल पर आश्चर्य हो रहा है एवं वे यह विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर बिगड़े हुए हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था कैसे बनी रह सकती है। इस तरह के प्रशन्नों का उत्तर पाने के लिए हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों को हमें समझना होगा।

वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2026) के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की गई है, इसमें अर्थव्यवस्था के समस्त क्षेत्रों का योगदान स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। उक्त वृद्धि दर किसी एक विशेष कारण के चलते सम्भव नहीं हुई है। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.2 प्रतिशत की रही है, निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत से बढ़कर 7.7 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 8 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, निजी उपभोग में 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 7.1 प्रतिशत, सकल पूंजी निर्माण में 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 11.9 प्रतिशत, वित्तीय क्षेत्र में 12.1 प्रतिशत, व्यापार, होटेल एवं यातायात के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत, कृषि के क्षेत्र में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। इसी अवधि में सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी 80.32 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 88.27 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। इस प्रकार के विकास को विस्तृत आधार वाला विकास कहा जाता है।

किसी भी देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि का आशय यह है कि उस देश में आर्थिक गतिविधियाँ तेजी पकड़ रही हैं। आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने से उस देश में कर संग्रहण की राशि में भी वृद्धि दृष्टिगोचर होनी चाहिए। भारत में हाल ही के समय में कर संग्रहण में भी सराहनीय सुधार हुआ है। वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण माह अगस्त 2026 में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गया है। आंतरिक वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.37 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा है तो वहीं आयात वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 0.62 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इसी प्रकार, आय कर की विवरणी फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और वित्तीय वर्ष 2025-26 वर्ष के लिए आय कर की विवरणी फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या 7.80 करोड़ के स्तर को पार कर गई है, जो पिछले वर्ष 7.30 करोड़ के स्तर तक ही पहुंच सकी थी।

अन्य देशों में सकल घरेलू उत्पाद में दर्ज की गई वृद्धि दर की तुलना यदि भारत में दर्ज हुई वृद्धि दर से करते हैं तो ध्यान में आता है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत की रही है, सिंगापुर में 5.9 प्रतिशत, चीन में 4.3 प्रतिशत, दक्षिणी कोरीया में 3.7 प्रतिशत, अमेरिका में 2.1 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम में 2.1 प्रतिशत, जर्मनी में 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में औसत वृद्धि दर लगभग 3 प्रतिशत की रही है। इसी कारण से यह कहा जा रहा है कि पूरे विश्व में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। और तो और, भारत ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों (विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, ऐशियन विकास बैंक) द्वारा पूर्व में दिए गए अनुमानों से भी आगे बढ़कर आर्थिक विकास दर को हासिल किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था एवं भारतीय अर्थशास्त्रियों ने 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त समस्त अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए भारत ने आर्थिक विकास किया है।

भारतीय कम्पनियों द्वारा अपने व्यवसाय एवं लाभप्रदता में हासिल की गई वृद्धि दर से भी यह झलकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक तरह से अपने सुनहरे दौर से गुजर रही है। निजी गैर वित्तीय कंपनियों के परिचालन लाभ में आकर्षक 19.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। स्टॉक मार्केट में सूचिबद्ध विनिर्माण इकाईयों के परिचालन लाभ में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। यात्री वाहनों की जुलाई 2026 माह में बिक्री 34.3 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ 4.58 लाख इकाईयों के स्तर को पार कर गई है। ट्रैक्टर की बिक्री भी 28.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.17 लाख इकाईयों के स्तर से ऊपर रही है। दो पहिया वाहनों की बिक्री 28.3 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज की गई और यह 18.18 लाख इकाईयों के स्तर से ऊपर निकल गई है। डिजिटल भुगतान की संख्या में 16.6 प्रतिशत की वृद्धि एवं राशि में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। जुलाई 2026 माह में ही बिजली की मांग में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। डीजल की खपत में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त समस्त आंकड़ों से यह सिद्ध होता है कि भारत में आर्थिक गतिविधियाँ अपने चरम स्तर पर पहुंच रहीं हैं और इनमे आकर्षक वृद्धि दर लगातार बनी हुई है। इसी के चलते ही भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि दर होते हुए दिखाई दे रही है। इस आलेख में दिए गए आकड़ों को किसी एक संस्थान ने नहीं जारी किया है बल्कि अलग अलग विभिन्न संस्थानों द्वारा इन्हें जारी किया गया है और यह भारत के विकास को एक ही दिशा में अर्थात ऊपर की ओर जाता हुआ दिखा रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशक जो अभी तक भारत के पूंजी बाजार से अपने निवेश को निकाल रहे थे उन्होंने भारत के शेयर बाजार में जुलाई 2026 माह में 210 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं अगस्त 2026 माह में 310 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है,

### अदालत

कस्बे की पुरानी सत्र अदालत की तीसरी सीढ़ी पर जकड़ी वह लोहे की हथकड़ी न्याय व्यवस्था के उस जंग लगे चरित्र का प्रतीक थी जो केवल गरीब की कलाई और पत्थर के खंभों का साथ निभाना जानती है। सालों से लगा वह ताला दरअसल कानून की वह चुप्पी थी जिसकी चाबी फाइलों के किसी ऐसे ढेर में दफन हो गई थी जहाँ दीमक भी रिश्वत खाकर ही कागज कुतरती थी। सुबह के दस बजते ही कचहरी में मुकदमों की तारीखों का ऐसा मेला सजता जैसे कोई आध्यात्मिक कुंभ हो जहाँ पुण्य नहीं बल्कि पाप का सौदा होता है और मुंशी अपने बस्तों पर फाइलों का ढेर ऐसे सजाते मानो वे न्याय की अर्थी के सजावटी सामान हों। काली कोट वाले वकीलों की जिरह का शोर गूँजता तो लगता कि तर्क और कुतर्क के बीच सत्य कहीं कोने में दुबक कर अपनी जान बचा रहा है। उसी भीड़ के बीच सफेद खद्दर का झोला टांगे और पुरानी चमड़े की चप्पल पहने विश्वनाथ काका ठीक दस बजे आकर उसी तीसरी सीढ़ी पर ऐसे जम जाते जैसे वे खुद किसी निष्प्राण धारा की जीवंत व्याख्या हों। काका का पूरा दिन उस हथकड़ी को सहलाने में बीतता जो शायद जेलर के दिल से ज्यादा कोमल हो चुकी थी और वे हर पुलिस वाले की वर्दी को ऐसे ताकते जैसे वर्दी के भीतर का इंसान खोजने की नाकाम कोशिश कर रहे हों। जब भी कोई नया सिपाही किसी कैदी को पेशी पर लाता तो काका बड़ी उम्मीद से अपनी लाठी सीधी करते और पूछते कि क्या आज उस बड़े थाने से कोई नया फरमान आया है या आज भी इस हथकड़ी का कोई खरीदार नहीं मिला। सिपाही अपनी टोपी ठीक करता और एक ऐसी कड़वी मुस्कान देता जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने सिस्टम की गटर में अपनी संवेदनाएं विसर्जित कर दी हों। वह काका को पागल समझकर आगे बढ़ जाता क्योंकि इस देश में जो सच के लिए ठहरा हुआ है उसे विक्षिप्त घोषित करना ही सबसे सुरक्षित कानूनी प्रक्रिया है। अदालत में हाल ही में आए युवा मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा इतने सख्त और न्यायप्रिय थे कि उन्हें देखकर लगता था कि शायद वे अभी न्याय के उस कारखाने से नए-नए निकले हैं जहाँ आदर्शों की पॉलिश अभी उतरी नहीं है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 सितंबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:15 सूर्यास्त 18:35
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकादशी 17:04 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - पुनर्वसु 18:14 उपरांत पुष्य
योग - व्यतिपात 06:41 उपरांत वरियान 03:38 उपरांत परिघ
करण - बालव
चन्द्रमा - मिथुन में है। 12:38 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 24 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से काम पूरे होंगे। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। वरिष्ठों का सहयोग रहेगा।

**वृषभ-** कारोबार विस्तार से जुड़े विचार सामने आ सकते हैं, लेकिन किसी बड़े सौदे में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन-** वित्तीय लाभ के योग हैं और अटका हुआ पैसा मिल सकता है।

**कर्क-** अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता दिखाने का अवसर मिल सकता है। वरिष्ठों का सहयोग रहेगा।

**सिंह-** कारोबार में नए संपर्क बनेंगे। किसी नई योजना पर काम शुरू करने से पहले समीक्षा करें।

**कन्या-** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से बढ़िया रिटर्न मिल सकता है। प्रेम जीवन में उत्साह रहेगा।

**तुला-** पार्टनर के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा। ऊर्जा अच्छी रहेगी, लेकिन आराम की अनदेखी न करें।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर अपनी योजनाओं को हर किसी से साझा न करें। शांत रहकर काम करें।

**धनु-** जोखिम वाले फैसलों से बचें और मौजूदा कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान दें।

**मकर-** वित्तीय स्थिति में उतार-चढ़ाव रह सकता है, इसलिए बजट का पालन करें।

**कुंभ-** जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आराम और पर्याप्त पानी का ध्यान रखें।

**मीन-** के हुए प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक दृष्टि से दिन बहुत भाग्यशाली रहेगा और धन की आवक सुचारू रहेगी।

**समसमयिक**

## गरीबी रेखा की भांति अमीरी रेखा का निर्धारण हो



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

लोक कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं के लिये नीतियां बनाने हेतु आवश्यक डेटा संकलन जनगणना के माध्यम से किया जाता है। लोक कल्याण का अर्थ किसी जाति, वर्ग या धर्म विशेष का कल्याण न होकर समस्त देशवासियों के कल्याण से है। परंतु सभी राजनीतिक दलों द्वारा उठाई जातिगत जन गणना की मांग के पीछे उद्देश्य संसाधनों के समान वितरण का भाव न होकर आरक्षण वृद्धि द्वारा राजनीतिक लाभ हेतु विभिन्न जातियों की जनसंख्या का डेटा संकलन प्रतीत होता है। समस्त देशवासियों का कल्याण और जाति आधारित आरक्षण दो परस्पर विरोधाभासी विचार है। परिपक्व लोकतंत्र में शासन की नीतियां समस्त नागरिकों के हितार्थ होती है। जाति मुक्त समाज की संकल्पना को धत्ता बताती केवल जाति विशेष या वर्ग विशेष पर केंद्रित नीतियां स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण नहीं।

आरक्षण नीति के युक्तियुक्त करण हेतु आवश्यक है कि गरीबी रेखा की भांति अमीरी रेखा निर्धारित की जाए। इस रेखा के ऊपर वाले को जाति आधारित आरक्षण सहित समस्त अतिरिक्त लाभ समाप्त हो। वर्तमान आरक्षण फॉर्मूला कुछ परिवारों की संपन्नता का साधन मात्र है। वास्तविक वंचित आज भी वंचित है, वर्तमान आरक्षण नीति के चलते यह सदैव वंचित रहेगा। यह नीति वंचितों के विकास से अधिक समाज विभाजन का कारण बन रही है। आजादी के समय कई जातियां जो सामान्य वर्ग में थी पिछड़ी बनकर शनैः शनैः आरक्षण के दायरे में आती गई, समाज के चार वर्ण अंग्रेजों की विभाजनकारी नीति से 1931 की जातीय जनगणना में 4000 जातियों में बंटे एवं स्वतंत्र भारत की जातीय आरक्षण नीति के चलते जनगणना 2011 में यह छियालीस लाख से अधिक जातियों, उप जातियों में विभाजित हुए। जातियों के विभाजन द्वारा नए जाति समूह बनने एवं पिछड़ों की सूची में शामिल होने की यह स्पर्धा आज भी जारी है। 2027 की जनगणना में यह और बढ़ेगी।

## उज्जैन में आनंद भयो जय, महाकाल की

उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की।
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की।
जय महाकाल की, जय महाकाल की,
जय महाकाल की, जय महाकाल की।
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
सवारी महाकाल की, झाँकी महाकाल की।
टोली महाकाल की, पालकी महाकाल की।
ढोल बजे, जयकारे गूँजे, गूँजे हर गली-गली,
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
पुजारी महाकाल के, पंडे महाकाल के।
कहार महाकाल के, हम सब सेवक महाकाल के।
भक्ति में मन रम जाए, हर मुख बोले यही,
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
नंदी महाकाल का, नगरी महाकाल की।
भक्त महाकाल के, मंडली महाकाल की।
क्षिप्रा तट पर गूँजे, जय-ध्वनि शशिभाल की,
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
जय महाकाल की, जय महाकाल की,
जय महाकाल की, जय महाकाल की।
महाकाल की भक्ति में, झूमे सारी नगरी,
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
उज्जैन में आनंद भयो, जय महाकाल की॥
जय महाकाल की! जय महाकाल की!



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

## नौनिहालों : लाड़लियों में सुपोषण

**पोषण आहार सप्ताह विशेष**



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

सुपोषित स्वस्थ्य एवं सशक्त बालिकाएँ जो कि भविष्य में देश की आधी आबादी होंगी जो एक स्वस्थ्य एवं सशक्त भारत के निर्माण में महती भूमिका अदा कर सकती है।

पौष्टिक आहार की उपलब्धता शासन प्रशासन के साथ ही परिजनों/ पालकगण की भी नैतिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय प्रक्षेत्र में बालिकाओं के पोषण-आहार व स्वास्थ्य को प्राथमिक दर्जा देना बेहद आवश्यक है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तथा निश्चित समयावधि में आयरन-टेबलेट्स के वितरण द्वारा संपूर्ण पोषण आहार का प्रयास सतत जारी है, परन्तु शरीर में लौह तत्व के अलावा, विटामिन्स, मिनरल्स, केल्शियम आदि भी जरूरी होते हैं। अतः मात्र आयरन टेबलेट्स से पुर्ति नहीं होगी, बालिकाओं के संपूर्ण विकास के लिये मल्टीविटामिन्स टेबलेट्स व हैल्दी डाइट-चार्ट के हिसाब से प्रतिदिन का मेनू द्वारा सुधार लाया जा सकता है। मध्यान्ह भोजन में ई-टेंडर प्रक्रिया में भी आवश्यक बदलाव जरूरी हैं। निम्नतम दर से जारी किये जाने वाले टेंडर्स में फुड-क्वालिटी, भोजन-सामग्री की उपलब्धता भी प्रभावित होती है। इस संदर्भ में ज्यादा कड़ी प्रतिस्पर्धा के स्थान पर एक समाज-सेवा का समभाव भी प्रबल होना ही चाहिए। बालिकाओं में कुपोषण पर अंकुश-सूत्र लागू करने के लिये मुख्यतः महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग को उच्चतम लक्ष्य तय करते हुए संयुक्त प्रयासों द्वारा समस्या का उन्मूलन संबंधी कार्यक्रम निरंतर होना चाहिए। बेहद खेद का विषय है कि पूर्व में मध्यान्ह भोजन व पोषण आहार कार्यक्रम में बड़े स्तर पर काफी अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी जांच व आवश्यक कार्यवाही से निश्चित रूप से अच्छा संदेश जायेगा। वहीं भविष्य में इस प्रकार से गड़बड़ियाँ नहीं होंगी। बालिकाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना किसी भी सरकार का मुख्य एजेंडा होना चाहिए। वर्तमान सरकार के वचन-पत्र में इसे समाहित किया गया है तो पूर्णतः लागू भी होना चाहिए। जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों का समय-समय पर कार्य निष्पादन का रिपोर्ट कार्ड सार्वजनिक किया जाना श्रेयस्कर होगा। जहाँ अच्छे कार्य को प्रोत्साहित किया जावे, वहीं नाकारा कर्मचारी वर्ग को निंदा प्रेषित कर विभागीय कार्यवाही तो होना ही चाहिए। बालिकाओं में कुपोषण से जंग के दौरान यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि टीकाकरण का अपना बेहद महत्व है और सामान्यतः नवजात के अस्पताल में जन्म लेने के समय से आयु-वर्ष 10-12-15 साल तक टीकाकरण फाईल का संभाले रखना माता-पिता व परिजनों दायित्व है। क्योंकि कोई भी टीका छूटने पर उसके अभाव में होने वाली बिमारियों में कुपोषण भी शामिल हो तो उग्र-व्याधियों की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।भोजन में अच्छी क्वालिटी का आयोडिन-युक्त नमक हमेशा से ही जरूरी माना जाता है ताकी शरीर व मस्तिष्क का सही विकास हो, इसका तो प्रचार-प्रसार भी गाँव-गाँव तक पहुंच चुका है। वहीं सरलतम उपलब्ध गुड-चना/दाना भी पौष्टिकता से भरपूर होता है व रक्तअल्पता (एनिमिया) को दूर रखता है। समय-समय पर बालिकाओं में हिमोग्लोबिन लेवल चेक करवाना अब सस्ता है। शासकीय अस्पतालों से इसकी मदद लेनी चाहिए जहाँ यह निःशुल्क सेवा है।अब जबकि शासकीय चिकित्सालयों में न्यूनतम दर पर डायलिसिस जैसी सुविधा उपलब्ध है, तो फिर बालिकाओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी पेड्स भी उपलब्ध होने चाहिए। अनियमित माहवारी के दौरान भी रक्तअल्पता (एनिमिया) की संभावना रहती है। स्वच्छता व गंभीर बिमारियों से बचाव का कारगर तरीका यही है कि वेडिंग मशीन द्वारा इससे ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करवाया जाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों, नगर परिषदों को भी इसकी पहल में सक्रियता से भाग लेना चाहिए।

**धर्म-आस्था**

## सितारों की चमक से परे, बाबा की भक्ति का आध्यात्मिक उजास



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

सिनेमा की दुनिया में सफलता का पैमाना अक्सर सितारों की लोकप्रियता, बड़े बजट और जोरदार प्रचार से तय किया जाता है। लेकिन कभी-कभी कोई फिल्म इन तमाम स्थापित मानकों से अलग रास्ता चुनकर दर्शकों के मन में जगह बना लेती है। ऐसी ही फिल्मों की परंपरा में वह फिल्म उल्लेखनीय है, जिसकी प्रेरणा नीम करौली बाबा की आध्यात्मिक यात्रा, हनुमान भक्ति और उनसे जुड़ी लोकप्रचलित लीलाओं से मिलती है।

यह कहानी सिर्फ पर्दे पर दिखाई गई किसी संत की जीवनगाथा नहीं, बल्कि उस विश्वास की अभिव्यक्ति है जो भौतिक सफलता से कहीं आगे जाता है। नीम करौली बाबा का जीवन स्वयं में ऐसा अध्याय है, जिसमें साधारण जीवन के बीच असाधारण आध्यात्मिक अनुभूतियों की अनेक कथाएं सुनने को मिलती हैं। भक्त उन्हें हनुमानजी का अनन्य उपासक मानते रहे हैं और बाबा से जुड़ी कई घटनाएं आज भी श्रद्धालुओं के बीच उनकी कृपा और चमत्कारी लीलाओं के रूप में कही-सुनी जाती हैं।

नीम करौली बाबा का व्यक्तित्व जितना सहज था, उनके बारे में प्रचलित प्रसंग उतने ही रहस्यमय। बाबा के आश्रमों में आने वाले लोगों के अनुभवों में बार-बार एक बात सामने आती है, आस्था को उन्होंने कर्म, सेवा और प्रेम से जोड़ा। उनके लिए ईश्वर की भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं थी; जरूरतमंद की सहायता और मनुष्य में ईश्वर के दर्शन भी उसी साधना का हिस्सा थे। फिल्म की सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह इन आध्यात्मिक भावों को केवल चमत्कार के आकर्षण में नहीं समेटती, बल्कि बाबा के व्यक्तित्व में मौजूद भक्ति, करुणा, सेवा और विश्वास को केंद्र में रखती है। यही वजह है कि कथा दर्शक को मनोरंजन के साथ आत्ममंथन का अवसर भी देती है।

बाबा से जुड़ी लीलाओं की अनेक कथाएं भक्तों के बीच प्रचलित हैं, कहीं संकट में पड़े व्यक्ति को अप्रत्याशित सहायता मिलने की बात आती है, तो कहीं बाबा की सहज-सी कही बात बाद में जीवन का मार्गदर्शन बन जाती है। इन प्रसंगों की सत्यता को श्रद्धा और व्यक्तिगत अनुभव के संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए, लेकिन इतना निश्चित है कि इन कथाओं ने कई पीढ़ियों के मन में बाबा के प्रति गहरी आस्था पैदा की है। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों पर फिल्म बनाना आसान नहीं। यहां कहानी को भावुकता और आस्था के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। फिल्म की सराहना इसलिए भी बनती है कि उसने उस संसार को पर्दे पर लाने का प्रयास किया, जहां विश्वास को तर्क की कसौटी पर नहीं, बल्कि अनुभूति के स्तर पर महसूस किया जाता है।

नीम करौली बाबा की लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं रही। उनकी शिक्षाओं और व्यक्तित्व ने देश-विदेश के अनेक लोगों को प्रभावित किया। यही व्यापक आकर्षण इस कथा को सिनेमा के लिए भी विशेष बनाता है। बाबा की सादगी, उनका हनुमानजी के प्रति समर्पण और लोगों के जीवन में विश्वास जगाने वाली उनकी छवि फिल्म को सामान्य धार्मिक कथा से अलग पहचान देती है। बाबा के जीवन और उनकी स्मृति का सबसे मजबूत आधार उनकी हनुमान भक्ति है। हनुमानजी के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा से जुड़े अनेक प्रसंग आज भी भक्तों के बीच सुनाए जाते हैं। फिल्म में यही भक्ति कथा को भावनात्मक शक्ति देती है। हनुमानजी भारतीय जनमानस में शक्ति, साहस, समर्पण और सेवा के प्रतीक हैं। नीम करौली बाबा के जीवन को इसी दृष्टि से देखने पर उनकी साधना का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है, ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और मानवता के प्रति सेवा। फिल्म इस संदेश को सहज तरीके से दर्शकों तक पहुंचाती है।

बड़े बजट और बड़े सितारे किसी फिल्म को चर्चा तो दिला सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक याद रहने के लिए कहानी में कुछ ऐसा होना जरूरी है जो दर्शक के भीतर उतर जाए। नीम करौली बाबा से प्रेरित यह फिल्म इसी कसौटी पर अलग दिखाई देती है।

यहां आकर्षण किसी अभिनेता के चेहरे से अधिक उस संत के व्यक्तित्व का है, जिसकी सादगी में भक्तों को शक्ति दिखाई दी और जिसकी कथित लीलाओं ने लोगों के विश्वास को मजबूत किया। यही कारण है कि ऐसी फिल्में केवल बॉक्स ऑफिस की गणना तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि आस्था और संस्कृति के दस्तावेज का रूप भी ले सकती हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,000 रवा- 1,50,700 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## गोगा नवमी पर जाहरवीर गोगादेव का चल समारोह

**देवास।** गोगा नवमी के अवसर पर शनिवार रात लोक आराध्य जाहरवीर गोगादेव महाराज का भव्य चल समारोह निकाला गया। क्षत्रिय चौहान परिवार में जन्मे गोगादेव महाराज के चल समारोह में कई निशान और आकर्षक झांकियां शामिल हुईं। समारोह को लेकर श्रद्धालुओं और समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। चल समारोह अध्यक्ष रवि सांगते ने बताया कि आयोजन वाल्मीकि समाज छोटी पाती देवास की ओर से किया गया। शनिवार रात उज्जैन रोड स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर से चल समारोह की शुरूआत हुई। यहां से यह एमजी रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। चल समारोह में कई आकर्षक झांकियां शामिल की गई थीं।

## स्कूल 15 दिन से बंद, सरपंचों ने शिकायत की

**देवास।** देवास जिले के कोथमीर गांव का सरकारी प्राथमिक स्कूल करीब 15 दिन से बंद है। शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्कूल बंद मिला। पंचायत ने मौके पर पंचनामा बनाया। सरपंच मिथलेश कोचले, पंचायत सचिव अमरसिंह मुजाल्दे और पंच स्कूल की स्थिति देखने पहुंचे थे। सरपंच मिथलेश कोचले ने कहा कि गांव का सरकारी स्कूल नियमित खुलना चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई न रुके। उन्होंने नियमित शिक्षक नहीं होने पर अतिथि शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की। जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी ने बताया कि पुराने अतिथि शिक्षक के नहीं आने से स्कूल बंद था। अब नए अतिथि शिक्षक की व्यवस्था कर दी गई है। एक और शिक्षक को भी स्कूल में तैनात किया गया है।

## संत रविदास की पावन माटी का हो रहा पूजन

**आगर-मालवा।** संत रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 20 अगस्त से जिला मुख्यालय आगर-मालवा से शुरू हुई कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान जारी है। शनिवार को यात्रा बड़ौद तहसील के नानादेहरिया, पिपलियाचाचा, रणायरा, केलवा, खजूरी सौंधिया और बिजनगरी पहुंची। रात्रि विश्राम बिजनगरी में रहा। जिला संयोजक शेखर उइके ने बताया कि अभियान के तहत आगर, नलखेड़ा और सुसनेर तहसील के गांवों में भ्रमण किया जा चुका है। यात्रा जोगिबर्डिया, टोकड़ा, रामनगर, बड़ौद, कड़वाला, मदकोटा और सुदवास सहित अन्य गांवों में पहुंचेगी।

## विद्यार्थियों की कापियां दोबारा जांचने की मांग

**सोयतकला।** शासकीय महाविद्यालय सोयतकला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम में कुछ विषयों में अनुत्तीर्ण घोषित किए जाने के बाद विद्यार्थियों में चिंता और असंतोष है। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कालेज प्राचार्य के माध्यम से कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने और मूल्यांकन में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवश्यक सुधार करने की मांग की गई। परिषद ने विद्यार्थियों के हित में तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय नगर अध्यक्ष कुलदीप राठौर, संजय जोगी सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### शाजापुर में अभियान चला रहे विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने फैसले का किया स्वागत

# बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मान्यता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए भारत में चल रहे अभियानों को एक बड़ी वैश्विक सफलता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित करते हुए 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है।

शाजापुर जिले में बाल विवाह के खिलाफ जमीनी स्तर पर काम कर रही संस्था विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक समाज संगठनों के लिए गर्व का विषय बताया है। यह संस्था देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का एक सहयोगी संगठन है, जो लंबे समय से वैश्विक स्तर पर इस दिवस को घोषित करने की मांग कर रहा था।

शिक्षक दिवस पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के निदेशक श्रीराम रघुवंशी ने कहा कि भारत की पहल अब पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर की तारीख चुनना भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि 2024 में इसी दिन भारत सरकार ने जेआरसी जैसे संगठनों के साथ मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। रघुवंशी ने कहा कि यह जश्न मनाने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का क्षण है। जब तक जिले के किसी भी गांव का एक भी बच्चा बाल विवाह के डर में जी रहा है, तब तक हमारी लड़ाई अधूरी है।

### कानून के साथ जन-जागरूकता पर जोर

शाजापुर में संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन की मदद से जिले में कानूनी हस्तक्षेप कर कई बाल विवाह रुकवाए गए हैं। हालांकि, सिर्फ कानून से पूरी रोकथाम संभव नहीं है। इसलिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शपथ दिलाई जा रही है। बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। साथ ही पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का दोबारा स्कूलों में दाखिला कराया गया है। धर्मगुरुओं और शिक्षकों को मुहिम से जोड़कर इसे एक वास्तविक जन-अभियान का रूप दिया गया है, जिसकी गूंज अब संयुक्त राष्ट्र तक सुनाई दे रही है।

### शिक्षक पर जिले भर में हुए विविध आयोजन

# नपा ने 29 शिक्षकों व 8 मेधावियों को नवाजा, एक्सीलेंस कॉलेज में गुरु वंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



समाज को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरुओं के सम्मान में शनिवार को पूरा शाजापुर शहर कृतज्ञ नजर आया। शिक्षक दिवस पर जिलेभर में जहां एक ओर विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में विविध आयोजन हुए, वहीं शहर के प्रमुख मंचों से भी राष्ट्र निमार्ताओं का शॉल, श्रीफल और तिलक लगाकर वंदन किया गया। एक तरफ नगर पालिका परिषद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व होनहार विद्यार्थियों का गौरव बढ़ाया, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवाओं ने गुरु-शिष्य परंपरा की शानदार मिसाल पेश करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

नगर पालिका परिषद द्वारा नपा सभाकक्ष में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 29 शिक्षक-शिक्षिकाओं और कक्षा 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शहर में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले 8 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को शॉल, श्रीफल और मां राजराजेश्वरी की तस्वीर भेंट कर उनके प्रति सम्मान ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि सुसंस्कार देकर उनके भविष्य को एक सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों का सार्वजनिक सम्मान करने से उनका हौसला और आत्मविश्वास कई गुना बढ़ता है। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, शहर के गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

दूसरी ओर, गुरु-शिष्य परंपरा की भावना को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, युवा प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

### आसमान से बरसता पानी और सिस्टम की बेरुखी में

# किसानों का धरना पांचवें दिन भी जारी, आज निकलेगी बीमा कंपनी की अर्थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

लगातार हो रही बारिश और जिम्मेदारों की घोर अनदेखी दोनों ही शाजापुर के किसानों का संकल्प नहीं तोड़ पाए हैं। यही कारण है। कि भारतीय किसान संघ तहसील शाजापुर के बैनर तले चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को पांचवें दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रहा। किसानों ने हुंकार भरी है कि यदि उनकी जायज मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो आने वाले समय में जिले की सड़कों पर उग्र आंदोलन और चक्काजाम देखने को मिलेगा।

वर्तमान में सोयाबीन की फसल पीला मोजेक और अफलन जैसी बीमारियों की चपेट में है, वहीं खरीफ 2025 की बीमा दावा राशि का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। इन्हीं मुद्दों को लेकर सैकड़ों किसान धरने पर डटे हैं। किसान संघ ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रशासनिक अधिकारी या सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ने धरना स्थल पर आकर किसानों का दर्द जानने की जहमत नहीं उठाई। इस कुंभकर्णी नींद को तोड़ने के लिए किसान संघ ने सोमवार को तहसील स्तर पर बीमा कंपनी की अर्थी निकालने का ऐलान किया है। किसान संघ के जिला मंत्री ने मुकेश पाटीदार ने बताया कि भारतीय किसान संघ की मांग है कि खरीफ सीजन 2025 में हुए नुकसान को 100 प्रतिशत मानकर किए गए सर्वे को ही आधार बनाया जाए, क्रॉप कटिंग के माध्यम से प्रत्येक किसान को 45,000 रुपये के मान से बीमा राशि का अविलंब भुगतान किया जाए।

### आंदोलन के बीच नई कार्यकारिणी गठित

धरना स्थल पर ही किसान संघ ने अपनी ताकत बढ़ाते हुए नई ग्राम इकाइयों का गठन किया है। सर्वसम्मति से लाखन सिंह गुर्जर ग्राम नारायणगांव को अध्यक्ष और भगवान सिंह नायक को मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं अशोक सोलिया को सर्वसम्मति से भरड़ ग्राम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष ललित, जिला प्रचार प्रमुख भारत नाहर, तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, तहसील मंत्री ज्ञान सिंह गुर्जर, तहसील उपाध्यक्ष विक्रम सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह राजपूत, हिम्मत सिंह राजपूत, जितेंद्र पाटीदार, दिलीप प्रजापत, दिनेश मंडलोई, सत्यनारायण सिरोलिया और बालकृष्ण सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# दो दिन में चार इंच से अधिक बारिश, नदियों का बढ़ा जलस्तर

### शुजालपुर में अब तक 740 मिमी बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

क्षेत्र में तीसरे दिन भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। पिछले दो दिनों में शुजालपुर तहसील में चार इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। 5 सितंबर तक शुजालपुर में कुल 740 मिमी यानी करीब 29.1 इंच बारिश दर्ज की गई है। यह तहसील की सामान्य वार्षिक बारिश 981.7 मिमी की तुलना में करीब 9.5 इंच कम है। वहीं लगातार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम में ठंडक घुलने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है।

लगातार बारिश के चलते शुजालपुर क्षेत्र में बहने वाली जमधड़ नदी दूसरे दिन भी अच्छी धारा के साथ बहती रही। वहीं नेवज नदी में भी लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। अनुविभाग के विभिन्न तालाबों में पानी की अच्छी आवक होने लगी है।

### गोविंद नगर में जलभराव से परेशानी

सिटी मंडी मार्ग पर शासकीय महाविद्यालय के पीछे स्थित गोविंद नगर के रहवासी पिछले दो दिनों से जलभराव के कारण परेशान हैं। यहां करीब 50 परिवार निवासरत हैं, जिन्हें मुख्य मार्ग से कॉलोनी तक आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी अशोक परमार ने बताया कि यहां बने मकान नगर पालिका की अनुमति एवं अन्य प्रक्रिया के बाद निर्मित हुए हैं। भूमि का डायवर्शन भी वर्ष 2013 में हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद कॉलोनी में अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। मुख्य मार्ग से कॉलोनी तक पहुंचने वाले रास्ते पर घुटनों तक पानी जमा है।

# थायराइड ठीक करने के बहाने महिला से रेप कर आरोपी ने बनाए संबंध बनाए

### विरोध करने पर जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया थाना क्षेत्र के बोलाई गांव में एक महिला ने नारायण गिरी नामक बाबा पर थायराइड ठीक करने का झांसा देकर रेप करने और बाद में कई बार जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने शनिवार शाम आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



### मंदिर में खाना बनाने का काम करती थी महिला

महिला के मुताबिक, करीब तीन साल पहले वह बोलाई गांव के बड़ा हनुमान मंदिर में नारायण गिरी के यहां खाना बनाने और अन्य कामों के लिए आई थी। करीब छह महीने बाद उसे थायराइड की समस्या हुई।

### इलाज के बहाने जबरदस्ती करने का आरोप

शिकायत के अनुसार, 12 जुलाई 2024 की रात करीब 10.30 बजे नारायण गिरी ने महिला से कहा कि उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने से थायराइड ठीक हो जाएगा। महिला ने इसका विरोध किया, लेकिन आरोप है कि आरोपी ने जबरदस्ती उसके साथ संबंध बनाए। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी उसकी मर्जी के खिलाफ कई बार संबंध बनाए गए। उसके अनुसार यह सिलसिला 5 मार्च तक चलता रहा। घटना किसी को बताने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देने की बात भी शिकायत में कही गई है।

मंदिर की गरिमा बनाए रखने की मांग को लेकर हिंदू संगठन ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि नारायण गिरी संत का चोला धारण कर मंदिर परिसर के एक कमरे में रह रहा है और अलग-अलग महिलाओं से अनुचित संबंधों की शिकायतें सामने आई हैं।

### ऑडियो में आरोपी ने गलती स्वीकार किया

मामले से जुड़ी एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आई है। इसमें महाराज नारायण गिरी द्वारा जबलपुर की कथा वाचक से महिला से जुड़े घटनाक्रम को लेकर बातचीत की जा रही है। रिकॉर्डिंग में वह कथित रूप से अपनी गलती स्वीकार करता सुनाई दे रहा है। हालांकि, पुलिस ने अभी ऑडियो की पुष्टि नहीं की है। मामले की जांच जारी है।



## गौलाना के नए सीएचसी भवन में शुरू हुई ओपीडी, मरीजों को सुविधा से मिल रहा इलाज

**शाजापुर।** लंबे इंतजार के बाद गौलाना और इसके आसपास के दर्जनों गांवों के मरीजों को इलाज के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौलाना के नवनिर्मित और सर्वसुविधायुक्त भवन में स्वास्थ्य सेवाएं विधिवत रूप से शुरू कर दी गई हैं। पुरानी बिल्डिंग की कमियों को पीछे छोड़ते हुए, अब मरीजों को एक स्वच्छ, बड़े और बेहतर माहौल में चिकित्सकीय परामर्श मिलने लगा है। कलेक्टर ऋतु बाफना के निर्देश पर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की सुविधाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए सबसे पहले ओपीडी और एएनसी सेवाओं को नए भवन में सफलतापूर्वक शिफ्ट कर दिया है। पुरानी बिल्डिंग की तुलना में नए परिसर में जगह अधिक होने और व्यवस्थाएं सुदृढ़ होने के कारण मरीजों को अब डॉक्टरों से परामर्श लेने में सुविधा हो रही है। वर्तमान में ओपीडी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं, लेकिन मरीजों की संपूर्ण जांच और प्रसव सुविधाओं को भी जल्द ही नए भवन से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शेष बची महत्वपूर्ण सेवाएं पैथोलॉजी लैब और लेबर रूम को भी आगामी तीन दिनों के भीतर पूरी तरह से नए भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसके बाद अस्पताल अपनी पूरी क्षमता के साथ नए परिसर से संचालित होने लगेगा।

## खुले चेंबर में गिरा मवेशी एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

**शुजालपुर।** सिटी-मंडी फोरलेन मार्ग पर सांदीपनि विद्यालय के बाहर बने मार्केट के सामने वाले खुले नाले के चेंबर में शनिवार सुबह एक मवेशी गिर गया। चेंबर संकरा होने से वह काफी देर तक अंदर फंसा रहा। सूचना पर नगर पालिका का दल मौके पर पहुंचा और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। मवेशी के शरीर पर चोटें आई हैं। फोरलेन किनारे नाले के कई चेंबर बिना ढक्कन और सुरक्षा जाली के खुले पड़े हैं। रहवासियों का कहना है कि इनके कारण मवेशियों के साथ राहगीरों के भी हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने सभी चेंबरों पर मजबूत ढक्कन या सुरक्षा जाली लगाने की मांग की है। इस मवेशी को निकालने के लिए नगर पालिका के सफाई अमले से जुडे कर्मचारियों ने काफी मेहनत की और मवेशी को सुरक्षित बाहर निकाला।



## महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग ने मनाई जन्माष्टमी जीवन में खेल का महत्व बताया

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग की ओर से शिक्षक दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थी और खिलाड़ी शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार और चरित्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ लेकर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित खेल गतिविधियों से जुड के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों को स्मरण किया।



**भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्यादित**
**अपेक्स बैंक भवन, द्वितीयतल, 21, भरतपुरी, उज्जैन (म.प्र.)**
**(पंजीयन क्रमांकः ए.आर./ यू.जे.एन./1058/92)**

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था की 32वी (बत्तीसवीं) वार्षिक साधारण सभा दिनांक 19/09/2026 को प्रातः 11.00 बजे से पाण्डया खेड़ी, उज्जैन पर आयोजित की गयी हैं। सभा की सूचना सदस्यों को व्यक्तिशः/डाक द्वारा भेजी जा चुकी हैं। किसी कारण वश सूचना प्राप्त न होने की दशा में इस सूचना को आमन्त्रण मान्य करते हुए सभा में उपस्थिति प्रार्थनीय हैं। गणपूर्ति के अभाव में सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घण्टा पश्चात प्रारम्भ होगी। स्थगित बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

**- संचालक मण्डल**

### सीसीटीवी ने खोला वृद्धा की चेन चोरी का राज

# पुलिस ने 2.50 लाख की चेन तीन दिन में बरामद की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



82 वर्षीय लकवाग्रस्त वृद्ध महिला को 500 रुपए के छुट्टे कराने के बहाने बातों में उलझाकर पर्स से चोरी की गई 22 ग्राम सोने की चेन अकोदिया पुलिस ने तीन दिन में बरामद कर ली। चेन की कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई गई है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस के अनुसार 2 सितंबर को दिनेश पिता वंशीलाल सोनी निवासी अकोदिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 82 वर्षीय माताजी कमला बाई फोटोकॉपी की दुकान पर बैठी थीं। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति 500 रुपए के छुट्टे कराने के बहाने उनके पास आए और उन्हें बातों में उलझाकर पर्स से रुपए निकालने का प्रयास किया। बाद में पर्स देखने पर उसमें रखी सोने की चेन गायब मिली। पुलिस ने सूचना पर अपराध दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। मुखबिर से संदिग्धों के भोपाल में होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची। तलाश के दौरान एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा। उसने भागते समय जेब से पीले रंग की पॉलीथिन फेंक दी। पुलिस ने पॉलीथिन की जांच की तो उसमें चोरी की गई सोने की चेन मिली। जांच में आरोपियों की पहचान अकबर पिता लीलाधर अली और मोहसिन निवासी रेलवे स्टेशन ईरानी डेरा भोपाल के रूप में हुई। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### लाहोटी के कैमरे से मिली मदद

पुलिस के अनुसार अकोदिया निवासी गोपाल लाहोटी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपियों की पहचान में महत्वपूर्ण मदद मिली। पुलिस ने लाहोटी का फू लमाला श्रीफ ल व शॉल से सम्मान कर आभार जताया। साथ ही आमजन से घरों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, उनि. तेजप्रकाश बाहेर सहित शुजालपुर मंडी, अकोदिया, कालापीपल और भोपाल की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधित भवन गृह नगर पालिक निगम गृह क्रमांक ए-5/2 व ए-5/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग, श्रेणी एलआईजी, स्थित ऋषि नगर कॉलोनी, जिला उज्जैन, कुल क्षेत्रफल 92.97 वर्गमीटर, दो मंजिला भवन है। जिसकी चर्तुःसीमा निम्नानुसार है चतुर्सीमा उत्तर/पूर्व में शेष भाग भवन क्रमांक ए-5/2 व ए-5/1, दक्षिण पश्चिम में भवन क्रमांक ए-5/3, पश्चिम उत्तर में ए-5 सड़क, पूर्व/दक्षिण में भवन क्रमांक ए-7/12 है। को क्रय करने का सौदा प्रथमतः मूलस्वामी श्रीमती लीना जैन पति श्री पवन जैन, निवासी-45, विधानगर, सांवेर रोड, उज्जैन से योगेश वसंत येवले पिता श्री वसंत हरि येवले निवासी सी 96 पार्श्वनाथ सिटी, देवास रोड उज्जैन से किया है, तथा द्वितीय योगेश वसंत येवले पिता श्री वसंत हरि येवले ने उक्त संपत्ति का सौदा श्री अशोक शर्मा पिता श्री एमपी शर्मा निवासी ऋषिनगर अनूपूरक उज्जैन को किया है, तृतीय सौदा श्री अशोक शर्मा ने मेरे पक्षकार को क्रयानुबंधित अनुबंध के आधार पर कर लिया है मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है। पूर्व में उक्त संपत्ति की जाहिर सूचना दिनांक 03-09-2026 दैनिक अवन्तिका में त्रुटिवश गलत जानकारी दर्ज होने के कारण उक्त जाहिर सूचना निरस्त समझी व मानी जावे।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने बाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन की विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 06-09-2024

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - DF-7, Ist Floor, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़**
**उज्जैन मोबाईल नंबर 99260-68606**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी जीतेन्द्र आंजना पिता श्री कमलसिंह जी आंजना, निवासी- 04, त्रिवेणी विहार सांवेर रोड़, गोयलाखुर्द, उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि सर्वे नम्बर 1017 रकबा 0.570 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1029 रकबा 0.990 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1030 रकबा 0.990 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1031 रकबा 1.100 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1032 रकबा 0.860 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1033 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 986 रकबा 0.250 हेक्टर, सर्वे नम्बर 987 रकबा 1.700 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1015 रकबा 0.730 हेक्टर, सर्वे नम्बर 983 रकबा 0.730 हेक्टर, कुल किता 10 कुल रकबा 8.050 हेक्टर भूमि, ग्राम भडला तहसील नागदा जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभाव शून्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-06/09/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

## करोड़पति दवा कारोबारी को नौकर ने गला काटकर मारा

**कानपुर।** कानपुर में 63 साल के करोड़पति दवा कारोबारी की हत्या उनके नौकर ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने रविवार शाम 8:15 बजे दोनों को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी विशाल गौतम और राज किशोरी हैं। विशाल कारोबारी का नौकर है। उसने बताया- हमने कारोबारी की बहू के कहने पर हत्या की थी। उन्होंने पैसे देने के लिए कहा था। इससे पहले रविवार तड़के 3 बजे कारोबारी का शव फ्लैट के कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिला था। पूरे कमरे में खून फैला था। घटना शहर के पॉश इलाके कल्याणपुर में रतन आर्बिट अपार्टमेंट की है। वारदात शनिवार रात 10:30 बजे से तड़के 3 बजे के बीच हुई। उस वक्त कारोबारी का बेटा, बहू और पोता पार्टी में गए थे। जब वे लोग लौटे, तो फ्लैट का मेन गेट खुला था। अंदर जाने पर पिता का शव मिला। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को फोन कर बुलाया। पुलिस ने घर में लगा की फुटेज खंगाली। इसमें 2 संदिग्ध घर में जाते दिखे। इसके आधार पर दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इसके अलावा पुलिस ने अपार्टमेंट के मेन गेट और आसपास लगे की फुटेज भी खंगाली। अपार्टमेंट के एंट्री गेट रजिस्टर जब्त किया।

## दिल्ली में 5 मंजिला इमारत गिरी 4 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 गंभीर रूप से घायल हैं। जो इमारत गिरी वो 40-50 साल पुरानी थी। मरने वालों में एक छात्र और एक मजदूर है, जबकि 2 की पहचान अभी नहीं हुई है। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी। 12 का रेस्क्यू कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में 20-25 कमरे थे और हर कमरे में 2 स्टूडेंट्स रहते थे। हादसे के वक्त अंदर 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। बिल्डिंग के मालिक का नाम आनंद बंसल है, जो गुरुग्राम में रहता है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर शेयर किया। उसने लोगों से रेस्क्यू की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने भास्कर रिपोर्टर को बताया कि यह युवक उसका दोस्त है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो।

## सिक्किम में लैंडस्लाइड, दो नदियों का रास्ता बंद

**सिक्किम।** सिक्किम के नगा फॉरेस्ट इलाके में नगा-टोसा रोड की नई सड़क कटिंग पर शनिवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। यह लैंडस्लाइड 'थेंग टनल' के सामने तीस्ता और च्याकोजंग नदियों के संगम के पास हुई। इससे दोनों नदियों का बहाव रुक गया और इलाके में पानी इकट्ठा होने लगा। वहीं, यूपी के 18 जिलों में रविवार को बारिश का अलर्ट है। 26 जिलों के 3.53 लाख लोग बाढ़ से परेशान हैं। प्रयागराज में घाट डूबने से सड़क पर चिताएं जलानी पड़ रही हैं। उधर, बिहार के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। पटना के गांधी घाट पर गंगा ने 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार को यहां जलस्तर 50.57 मीटर पहुंच गया। 2016 में 50.52 मीटर दर्ज किया गया था। मध्य प्रदेश में नर्मदा समेत कई नदियां उफान पर हैं। बरगी, भदभदा और कलियासोत डैम के गेट खुल चुके हैं। प्रदेश में अब तक 30 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

## उदयपुर-खाने में कॉकरोच की शिकायत पर टूरिस्ट को पीटा

**उदयपुर** उदयपुर के मीरा रेस्टोरेंट में टूरिस्ट के खाने में कॉकरोच निकला। टूरिस्ट ने इसकी शिकायत की तो रेस्टोरेंट संचालक और स्टाफ ने उसके साथ मारपीट की। घटना धानमंडी थाना क्षेत्र में देहलीगेट चौराहा की शनिवार रात करीब 10:30 बजे की है। इस दौरान मौके पर एक पुलिसकर्मी भी मौजूद था, लेकिन वह मारपीट करने वालों को रोक नहीं पाया। टूरिस्ट के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट आई। उसे इलाज के लिए एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर क्रॉस एफआईआर करवाई है। थानाधिकारी गजवीर सिंह ने बताया- खाने में कॉकरोच दिखने पर विवाद हुआ था। इसमें टूरिस्ट जयेश पटेल (35) घायल हुआ है। मामले में जांच जारी है। मामले में संचालक रामचंद्र साहू को पुलिस ने कस्टडी में ले रखा है। पूछताछ की जा रही है। टूरिस्ट अपने परिवार के साथ खाना खा रहा था। खाने में कॉकरोच दिखने पर उसने स्टाफ से शिकायत की। टूरिस्ट अपने परिवार के साथ खाना खा रहा था। खाने में कॉकरोच दिखने पर उसने स्टाफ से शिकायत की।

## दुबई से सतना पहुंची पत्नी पति को ढूंढ रही

**सतना।** दुबई से सतना पहुंची एक महिला अपने पति सुनील ठाकुर को ढूंढ रही है। महिला ने सतना पुलिस से मदद मांगी। महिला का कहना है- पति अचानक दुबई से भारत लौट आए, लेकिन अब उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। प्लीज उन्हें ढूंढ दीजिए। महिला ने बताया- उसका नाम अर्श्विदर कौर है। वह साल 2020 से सुनील ठाकुर के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों के रिश्ते के बारे में सुनील और उसके परिवार के सदस्यों को जानकारी थी। महिला ने शनिवार देर शाम पुलिस से मदद के लिए आवेदन सौंपा है। अर्श्विदर ने बताया, मेरे हस्बैंड सुनील ठाकुर मेरे साथ दुबई में रहते थे। हमने 23 फरवरी 2025 को जबलपुर के सिविक सेंटर स्थित गुरुद्वारे में शादी की थी। शादी उनके रिश्तेदारों और अन्य लोगों की मौजूदगी में हुई थी। अब वह दुबई से यहां आ गए हैं। मैं उन्हें जबलपुर और सतना में ढूंढ रही हूं। पत्नी ने बताया- मुझे पता चला है कि वह सतना में अपनी बहन के घर आए हुए हैं। उनकी मां सुनीता रोरा, जो मेरी सास हैं, भी यहां आई हुई हैं। उन्हें वहां छिपाकर रखा गया है। मुझसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि मेरे साथ नहीं रहना है और उन्हें यहां जबरदस्ती लेकर आई हैं।

# पत्रकार कॉलोनी में जलभराव से रहवासी परेशान

### पांच वर्षों से समस्या झेल रहे कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार, मौके पर निरीक्षण और कार्रवाई की मांग





**दैनिक अवन्तिका » गुना**

पत्रकारों के नाम पर विकसित की गई पत्रकार कॉलोनी इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और जलभराव की समस्या से जूझ रही है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कॉलोनी का मूल नक्शा बदलकर पार्क, नाले और अन्य सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को कथित रूप से बेच दिया गया, जिसके चलते बारिश के पानी की निकासी बाधित हो गई है और रहवासियों का आवागमन तक प्रभावित हो रहा है।

कॉलोनीवासियों के अनुसार, करीब पांच वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के दौरान कॉलोनी की सड़कें और रास्ते पानी में डूब जाते हैं। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि लोगों का घरों से निकलना और कॉलोनी में आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। रहवासियों का कहना है कि यदि कॉलोनी के मूल नक्शे के अनुसार नालों और पार्कों की जमीन सुरक्षित रहती तथा पानी की निकासी के पर्याप्त इंतजाम होते तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

**नालों और पार्क की जमीन को लेकर गंभीर सवाल-** कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलोनी में जिन स्थानों से प्राकृतिक पानी की निकासी होती थी, उन नालों की जमीन पर भी कथित रूप से प्लॉट काटकर बिक्री कर दी गई। इतना ही नहीं, पार्क के लिए आरक्षित जमीन के संबंध में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी का नक्शा बदलने के कारण जल निकासी का पूरा सिस्टम प्रभावित हुआ है। मामले को लेकर कॉलोनीवासियों द्वारा गुना न्यायालय में जनहित में मामला भी लगाया गया है। इसके बावजूद रहवासियों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है।

**मंत्री, पूर्व मंत्री और कलेक्टर से भी लगा चुके हैं गुहार-** कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे अपनी समस्या को लेकर मंत्री, पूर्व मंत्री और जिला प्रशासन के अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

**एक बार फिर प्रशासन से लगाई मदद की गुहार-** समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों ने पूरे मामले को मौके पर आकर देखने और उनकी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का आग्रह किया है। रहवासियों ने कहा कि मौके पर वास्तविक स्थिति देखने के बाद ही समस्या की गंभीरता सामने आएगी। कॉलोनीवासियों ने इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा संबंधित अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करने और वास्तविकता सामने लाने का आग्रह किया है। कॉलोनीवासियों की मांग है कि कॉलोनी के स्वीकृत मूल नक्शे, पार्क, नाले, सड़क एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की जमीनों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में नाले अथवा पार्क की जमीन की अवैध बिक्री अथवा नक्शे में अनियमित बदलाव की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित लागू कानूनी धाराओं में कार्रवाई की जाए। रहवासियों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाना नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही जलभराव और आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान कराना है। प्रशासन तत्काल मौके का निरीक्षण कर रिकॉर्ड और मौके की स्थिति का मिलान करे तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करे।

## दोस्तयारी में धोखाधड़ी, शराब पिलाकर कमरे में दुष्कृत्य

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय महिला ने दो युवकों पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद बदहवास महिला ने अपने पूर्व पति को मैसेज कर पूरी बात बताई और आत्महत्या के इरादे से रेलवे स्टेशन पहुंच गई। सूचना मिलते ही पूर्व पति पुलिस को साथ लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचा और महिला को वहां से सुरक्षित लेकर आया। इसके बाद महिला ने सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए कथन में महिला ने बताया कि वह शहर की विंध्याचल कॉलोनी में अपने बेटे के साथ किराए से रहती है और घर से ही पार्लर का काम करती है। उसी मकान में उसकी सहेली शैफाली शाक्य भी किराए से रहती है। 5 सितंबर की शाम करीब 6 बजे शैफाली से मिलने उसका दोस्त गोलू रघुवंशी विनेका अपने साथी विवेक रघुवंशी के साथ आया था।

महिला के अनुसार कमरे में शैफाली, गोलू और विवेक शराब पी रहे थे। आरोप है कि विवेक ने महिला को भी शराब पिला दी। कुछ देर बाद शैफाली और गोलू कमरे से बाहर बात करने चले गए। कमरे में महिला और विवेक रह गए। आरोप है कि विवेक ने दरवाजे की कुंडी लगाने की कोशिश की। महिला ने इसका कारण पूछा तो उसने धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि उसने शोर भी मचाया, लेकिन उसकी आवाज किसी तक नहीं पहुंची। पीड़िता किसी तरह कमरे से बाहर आई और शैफाली व गोलू को पूरी घटना बताई। उसने थाने जाकर रिपोर्ट करने की बात कही तो आरोप है कि गोलू रघुवंशी विनेका ने उसके दोनों गालों पर थप्पड़ मारे और पुलिस में शिकायत करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। इसी दौरान महिला का परिचित अजय रघुवंशी वहां पहुंचा और बीच-बचाव किया।

घटना से आहत महिला ने इसके बाद अपने पूर्व पति को मैसेज कर पूरी बात बताई और आत्महत्या के इरादे से रेलवे स्टेशन चली गई। पूर्व पति पुलिस को लेकर स्टेशन पहुंचा और उसे सुरक्षित थाने लाया। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 523/26 में बीएनएस की धारा 64(1), 115(2), 351(3) और 127(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कलेक्टर श्री गुप्ता ने शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**खंडवा।** कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने शर्मा चेस एकेडमी, खण्डवा द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रविवार को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने सीनियर वर्ग के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की। इस शतरंज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जिया मंसूरी और जूनियर वर्ग में आर्यन सिंह सोलंकी ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खण्डवा में शतरंज खेल के विकास के लिए मुख्य प्रशिक्षक श्री सुनील शर्मा के निरंतर प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करते हुए अपने खेल में निरंतर सुधार करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि सीनियर वर्ग में प्रथम जिया मंसूरी, द्वितीय अक्षय सिंह तोमर, तृतीय स्वरित राठौर, चतुर्थ आर्यन सिंह सोलंकी एवं पंचम एकांश श्रीमाली रहे। जबकि जूनियर वर्ग में शर्मा चेस अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं अंतराष्ट्रीय अंपायर सुनील शर्मा ने बताया कि खण्डवा में शतरंज खेल को प्रोत्साहित करने तथा खिलाड़ियों को प्रतियोगी मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 28 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन स्विस लीग पद्धति से चार चक्रों में किया गया। शनिवार को जूनियर वर्ग तथा रविवार को सीनियर वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 500, 300 एवं 200 रुपये की नगद राशि तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आर्बिटर अर्पित गुप्ता एवं स्वरित राठौर तथा टेक्निकल डायरेक्टर अक्षय सिंह तोमर सहित पूरी तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जिले में 2.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई

**खण्डवा।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 2.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खंडवा में 0, हरसूद में 0 मिलीमीटर, पंधाना में 7, पुनासा में 3 तथा खालवा में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 6 सितंबर तक 677.6 मिली मीटर औसत वर्षा की गई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 622.6 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 774 मिलीमीटर, नया हरसूद तहसील में 538 मिलीमीटर, पंधाना तहसील में 678 मिलीमीटर, पुनासा तहसील में 500 मिलीमीटर तथा खालवा तहसील में 623 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका » गुना**



जिला सागर में जहरीली शराब की घटना के बाद संभागीय उड़नदस्ता उपायुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत आबकारी विभाग के कार्यपालक बल द्वारा वृत्त गुना-2 के ग्राम आटाखेड़ी एवं ग्राम सुमरदा में सघन गश्त एवं दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान कच्ची एवं अवैध शराब के विनिर्माण तथा भंडारण के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए लगभग 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं वृत्त चांचौड़ा प्रभारी एल.आर. करोटिया के नेतृत्व में मृगवास एवं अन्य क्षेत्रों में दबिश की कार्रवाई की गई। इसमें 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 350 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया गया तथा आबकारी एक्ट के अंतर्गत 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिले में की गई कार्रवाई में कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 650 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 35 हजार रुपये है।

## मिट्टी की गणपति प्रतिमा बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

**खंडवा।** 6 सितंबर 2026, कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता के निर्देशन में खंडवा जिले में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मिट्टी के गणपति स्थापना के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं को पी एम श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में मूर्तिकार श्री अंकुर व्यास द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट विद्यालय पुनासा, शासकीय कॉलेज हरसूद एवं शहीद टंट्या मामा कॉलेज पंधाना में प्रशिक्षण आयोजित किए गए। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि इस अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं।

## मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने रविवार को खंडवा शहर में संचालित मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सी.एम.एच.ओ., डॉ.अतुल माने, ड्रग इंस्पेक्टर श्री मंजीत जामले, ए.एस.ओ. श्री मेहबुब खान टीम के द्वारा मेडिकल स्टोरों की गहन जांच की गई। जांच में शासन के नियमों के अनुसार दवाओं के क्रय-विक्रय, रिकॉर्ड संधारण एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई।


### NAME CHANGE

I Ali Asgar S/o Murtaza Ali have changed my name as Ali Maimoon. Now I will known by my new name as Ali Maimoon. Add- 239, Kamri Marg, Behind Dargah Ujjain M.P.

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री मदनलाल पिता बलदेव वर्तमान निवासी-म. न. 44, वार्ड न. 3, नई आबादी मक्सी जिला शाजापुर म. प्र. के भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन में भूमि सर्वे क्र. 1497 रकबा 0.59 हे., सर्वे क्र. 1501 रकबा 0.53 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 1.12 हे० तथा सर्वे क्र. 1498 रकबा 1.18 हे. थी जिसे मेरे पक्षकार द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रित किया जा चुका है और उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार के क्रेता काबिज है। उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 1497 रकबा 0.59 हे. एवं भूमि सर्वे क्र. 1501 रकबा 0.53 हे. के संबंध में त्रुटिपूर्ण आधार लेकर गीतादेवी निवासी-मूलीखेड़ी शाजापुर जिला शाजापुर द्वारा गीताबाई बनकर एवं सर्वे क्र. 1498 रकबा 1.18 हे. के संबंध में रामगोपाल उर्फ गोपाल पिता दर्याव, निवासी ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन म. प्र. द्वारा अनुविभागीय अधिकारी महोदय तराना जिला उज्जैन के समक्ष मेरे पक्षकार के विरुद्ध भिन्न-2 अपील प्रस्तुत कर मेरे पक्षकार को अपील में एकपक्षीय करवाकर एकपक्षीय आदेश प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि पर गीतादेवी उर्फ गीताबाई द्वारा भूमि सर्वे क्र. 1497 रकबा 0.59 हे., सर्वे क्र. 1501 रकबा 0.53 हे. अपना नाम बाले बाले दर्ज करवा लिया गया है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई जो कि विचाराधीन है एवं अन्य अपील भूमि सर्वे क्र. 1498 रकबा 1.18 हे. के संबंध में भी प्रस्तुत की गई है जिसमें स्थगन भी दिया गया है। इन लोगो द्वारा एकपक्षीय आदेश की आड में स्वयं को स्वामी बताकर बाले बाले उक्त भूमि को विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका कोई अधिकार इनको नही है तथा इनका यह कृत्य अपराधिक कृत्य होगा। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में गीताबाई उर्फ गीतादेवी तथा रामगोपाल उर्फ गोपाल से कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत् होगा।

सो सूचित हो। दिनांक 7.9.26

राजपाल सिंह बैस एडवोकेट
कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, उज्जैन मप्र
मो. 098277-35354

### खंडन जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दैनिक अवंतिका के दिनांक 03.09.2026 को श्री राजपाल सिंह बेस एडवोकेट के द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन निम्नानुसार है कि- पवनसिंह पिता हटेसिंह चौधरी एवं उनकी माता श्यामुबाई निवासी-चिर्तामण, जवासिया उज्जैन के द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना मे जिस सर्वे नंबर की भूमि होने बतायी गई है। उक्त भूमि में मेरे पक्षकार ने विधिवत रूप से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर भूखंड क्रय किया है। तथा उक्त पवन चौधरी के विरूद्ध मेरे पक्षकार के हित में स्थायी निषेधाज्ञा का आवेदन पत्र भी स्वीकार किया गया है तथा जिला जज महोदय, उज्जैन के द्वारा उक्त अस्थायी निषेधाज्ञा के आदेश को भी स्वीकार किया गया है। मेरे पक्षकार के भूखंड से पवन चौधरी का कोई सबंध सरोकार नही है तथा राजस्व अभिलेख में भी मेरे पक्षकार का नाम दर्ज होकर अधिपत्य भी मेरे पक्षकार है। तथा उक्त पवन चौधरी के द्वारा अवैधानिक रूप से उक्त भूखंड पर कब्जा करने का पूर्व से प्रयास किया जा रहा है किंतु किसी भी न्यायालय के द्वारा पवन चौधरी के हित मे कोई स्थगन आदेश नही दिया गया है तथा उच्च न्यायालय के द्वारा भी किसी भी खरीदी बिकी के सबंध मे कोई स्थगन आदेश नही है। तथा अवैधानिक रूप से उक्त प्रकाशन किया गया है जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही है। दिनांक 07.09.2026

योगेश गोस्वामी एडवोकेट
कार्यालय-13/1 बेगमपुरा, उज्जैन
मो. 93022-39964

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि भूमिस्वामी के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 427/2 रकबा 0.2700 हेक्टेयर व सर्वे नम्बर 435 रकबा 1.0200 हेक्टेयर ग्राम पिपलियाहामा तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि सर्वे नम्बर में से कुल रकबा 0.8900 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार ने जीवन सिंह परिहार पिता पुरालाल जी, निवासी ग्राम गोयलबुजुर्ग जिला उज्जैन के माध्यम से भूमि स्वामी बाबूलाल पिता अमर जी, जाति बलाई, निवासी ग्राम पिपलियाहामा तहसील घटिया जिला उज्जैन से क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है जल्द ही शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना है उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित एवं अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, क्लेम या दावा मान्य नहीं होगा इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी प्रकार का भूमि क्रय करने का व्यवहार नहीं करें।

इति दिनांक 06-09-2026 द्वारा

दीपिका सावरकर अभिभाषक
ऑफिस शॉप नं. ए 17 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. 9827299159

## न्यूज-कॉलम

### राजस्थान रोडवेज की चलती बस का पहिया निकला, हादसा टला

**नीमच।** नीमच शहर से होकर जाने वाली राजस्थान रोडवेज की बस जो कोटा से बांसवाड़ा जा रही थी द्य इस चलती बस का शनिवार को रतनगढ़ घाट में पहिया खुलकर निकलने की घटना हुई लेकिन सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया । जिसमे 60 यात्रियों से भरी बस के पिछले पहिए चलते सभी बोल्ट निकल तभी दूसरा टायर भी पंचर हो गया। पहिया फ्री होने से लहराने लगी और से बस और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही एक शिक्षक की नजर समय रहते पहिए पर पड़ गई और उन्होंने चालक को सतर्क कर दिया। यह बस क्रमांक आर जे 02 पी ए 8775 प्रतिदिन कोटा से बांसवाड़ा चलती है द्य जो एक बड़ी दुर्घटना से बाल बाल बच गई द्य लोगों का मानना है की समयपुर चेतावनी ना मिलती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था लंबी दूरी पर चलने वाली बसों की बिना जांच किया सड़क पर दौड़ने से ऐसे हादसो की संभावना बढ़ जाती है।

### सांवलियाजी मंडफिया से निकली पैदल यात्रा मे गूंजे जयकारे

**नीमच ।** जिले भर से विभिन्न नगरों से कृष्ण भक्त मंडलों द्वारा सांवरिया जी तक यात्राएं निकाली जाती है ऐसी एक यात्रा श्री कृष्ण मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को प्रातः सांवलियाजी मंदिर कुकडेश्वर से सांवलियाजी मंदिर मंडफिया के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांवलिया मंदिर कुकडेश्वर पर सभी यात्रियों ने दर्शन किए तथा महाआरती में भाग लिया। इस यात्रा मे पैदल यात्री गले में दुपट्टा डाले सांवरिया सेठ के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस अवसर पर महेंद्र पटवा डॉ. नवीन व्यास, विनोद व्यास, विनोद मोदी, कैलाश घाटी वाला आदि उपस्थित रहे । पैदल यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कांग्रेस सेवा दल प्रभारी नंदलाल मालवीय ने भी भव्य स्वागत किया । यह दो दिवसीय यात्रा मण्डफिया पहुंचकर सांवलिया जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेगी।

### एक किलोग्राम अवैध अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** पिपलियामंडी थाना पुलिस ने देहात भ्रमण के दौरान नगर परिषद सम्पवेल ओवरब्रिज के पास पुलिस वाहन को देखकर भाग रहे एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करण (23) पिता कांतिलाल भील निवासी धामेड़ी, थाना पिपलौदा, जिला रतलाम बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के बैग से 1 किलोग्राम अवैध अफीम (अनुमानित कीमत 1 लाख रु.) और एक कीपैड मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है तथा मादक पदार्थ के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ जारी है।

### नरसिंह मंदिर, खाटू श्याम व श्री कृष्ण मंदिर मे मना जन्मोत्सव

**नीमच ।**शहर मैं जन्माष्टमी पर्व उल्लास के साथ मनाया गयाद्य शहर के उपनगर बघाना स्थित नरसिंह मंदिर पर भगवान श्री कृष्ण का जल्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ बनाया गया। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। इस मौके पर श्री नरसिंह का मनमोहक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया द्य जिसके दर्शन करने श्रद्धालू 12 बजे पहुंचे और भगवान श्री कृष्णा के जन्मोत्सव मनाया आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

### 70 घरों में गूंजे गायत्री मंत्र, निकली व्यसन मुक्ति रैली

**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे गृह-गृह यज्ञ अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले की सीतामऊ तहसील के ग्राम लदुना में विशेष आयोजन संपन्न हुआ। अभियान के तहत गांव के ७० घरों में एक साथ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आहुतियों के पश्चात गांव में नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान करते हुए व्यसन मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

# ई-स्कूटी ब्लास्ट मामला: 16 वर्षीय बेटी के बाद मां ने भी तोड़ा दम, 10 लाख के मुआवजे के बाद उठा शव; तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम,

शहर की विंध्यवासिनी कॉलोनी में 19 अगस्त की तड़के ई-स्कूटी में हुए भीषण विस्फोट और आगजनी हादसे में झुलसी मां बिंदु कुंवर (36) ने भी इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के 13 दिन बाद उनकी छोटी बेटी अंतिम (16) की मौत हो चुकी थी, जबकि बड़ी बेटी विजय लक्ष्मी (20) सुरक्षित हैं।

**10 लाख रुपये के मुआवजे पर बनी सहमति**

करीब तीन घंटे तक चले हंगामे और प्रदर्शन के बाद ई-स्कूटी संचालक की ओर से पीड़ित परिवार को कुल 10 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई, जिसमें 8 लाख रुपये का चेक और 2 लाख रुपये नकद शामिल हैं। आर्थिक सहायता मिलने के बाद परिजन और समाजजन शांत हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने पर सहमत हुए।

**प्रशासन को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन**

प्रदर्शन समाप्त होने के बाद करणी सेना और परिजनों ने जिलाधीश के नाम शहर तहसीलदार कुलभूषण शर्मा को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से घटना की उच्चस्तरीय फॉरेंसिक जांच, दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई, मॉडल की बिक्री पर रोक लगाने, इलाज के खर्च की प्रतिपूर्ति और बची हुई बड़ी बेटी विजय लक्ष्मी कुंवर को अनुकंपा नियुक्ति व विशेष आर्थिक सहायता देने की मांग रखी गई।

**अनुकंपा नियुक्ति का मिला आश्वासन**

तहसीलदार कुलभूषण शर्मा ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मृतका बिंदु कुंवर झाबुआ जिले के पेटलावद तहसील के ग्राम गुनावद में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थीं। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है और पात्रता के अनुसार बड़ी बेटी विजय लक्ष्मी की अनुकंपा नियुक्ति व अन्य शासकीय कागजी कार्यवाही जल्द पूर्ण कर ली जाएगी।

**शोरूम संचालक पर केस दर्ज**

दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव के अनुसार ई-स्कूटी संचालक के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता , प्रथम प्रयास में ही गोपालों ने फोड़ी मटकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस श्री कृष्ण जन्माष्टमी भव्य स्तर पर मनाई जाती है इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में यह आयोजन नीमच जिला मुख्यालय नीमच प्रखंड में भी आयोजित किया गया, जिसमें आयोजन का प्रबंधन नीमच प्रखंड द्वारा किया गया।

आयोजन की शुरूआत स्थानीय भारत माता चौराहे पर हुई जहां बड़ी संख्या में हिंदू समाज जन श्री कृष्ण भक्त गण मौजूद रहे। लगभग ८:०० बजे आयोजन की शुरूआत हुई। प्रथम दिन के प्रयास में चौथखेड़ा के श्री देव गुर्जर मित्र मंडल और नीमच की यदुवीर सेना ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निवेदन किया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों के बीच टॉस किया जिसमें यदुवीर सेना को प्रथम प्रयास मिला। यदुवीर सेना ने प्रथम प्रयास में ही लगभग ९:४० पर मटकी को फोड़ दिया। मौके पर मौजूद सभी गोपालों ने जमकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव मनाया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्राथमिक तौर पर 11 हजार की इनाम राशि रखी गई थी जो कुछ ही समय पर मौके पर मौजूद श्री कृष्ण भक्तों ने बोली लगाते हुए ?१६४०० कर दी। इस प्रकार विजेता टीम को 16400 की राशि प्रदान की गई। सभी ने विश्व हिंदू परिषद के सफल और आयोजन और प्रबंधन की तारीफ की। विश्व हिंदू परिषद की ओर से इस आयोजन में विभाग स्तर से लक्ष्मण राठौर, जिला स्तर से विजेश वाल्मीकि, दिनेश शर्मा, सूरज ग्वाला, कपिल बैरागी और राम अवतार शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष बंटी अग्रवाल, प्रखंड मंत्री नितिन बागड़ी, प्रखंड संयोजक पवन जयसवार, प्रखंड पदाधिकारी राजू धनगर, राहुल खटीक, बाबूलाल धाकड़, लक्ष्मण सेन, कार्तिक माली, विनोद माली, हरीश यादव रवि परिहार सहित कई कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



# रतलाम के वार्ड 34 के नकारा पार्षद के कारण भाजपा की हो रही है फजीहत

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम ।**रतलाम के वार्ड नंबर 34 के भाजपा पार्षद योगेश पोपटवाल की निष्क्रियता , उदासीनता और नक्कारापन के कारण टी आई टी रोड क्षेत्र की अनेक गलियों, बैंककॉलोनी, भूत बंगला क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लग गया है ,बदतर हालात से त्रस्त अनेक नागरिकगण कहने लगे हैं कि समस्याओं के कारण हम लंबे अरसे से परेशानी झेल रहे हैं और पार्षद को बताने के बावजूद वे निराकरण करने में विफल रहे हैं। ऐसे में पार्षद के कारण भाजपा से मोह भंग होने लगा है, अगली बार चुनाव में यह सोचना होगा कि वोट बीजेपी को दे या नोटा में डालें ?भाजपा की जनता के समक्ष फजीहत कराते ऐसे जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाना भाजपा के बड़े जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है अन्यथा पार्टी के लिए ऐसे लोग विपक्ष को फायदा पहुंचाने वाले साबित होंगे । बताया जाता है कि टीआईटी रोड के अनेक क्षेत्रों, गलियों ,सड़कों एवं वहां स्थित नालियों की 8 से 10 दिनों तक कोई सफाई नहीं की जाती है इससे गंदगी ,सड़ांध मच्छरों की भरमार के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही है । करीब तीन माह से सीवरेज एवं नालियों का दूषित पानी पाइपलाइन से होता घरों में नलो के माध्यम से बीमारियां परोस रहा है, क्षेत्र में बड़ी संख्या मे आवारा कुत्तों की बाढ़ आई हुई है जो झुंड में बच्चों, बुजुर्गों ,महिलाओं, वाहन चालकों पर हमलाकर उन्हें घायल कर रहे हैं।



## नियुद्ध एसोसिएशन 7 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**मंदसौर।** संभाग स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में नियुद्ध एयरगन शूटिंग एंड आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मंदसौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय स्पर्धा में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता के 10 मी. ओपन साइट अंडर-14 वर्ग में भाव्या वैष्णानी एवं अजीत सिंह राठौर ने प्रथम, अंडर-17 वर्ग में सानवी कालरा ने प्रथम, हिमाद्री सोनी ने द्वितीय तथा अर्पण भंडारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10 मी. पीप साइट के अंडर-14 में सार्थक गुर्जर द्वितीय और अंडर-17 में अर्पित सुथार तृतीय स्थान पर रहे। इंदौर में 7 से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाली 70वीं स्कूल गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी 7 खिलाड़ी उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करने हेतु इंदौर रवाना हो रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, नियुद्धाचार्य नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, अजयसिंह चौहान आदि ने बधाई दी है।

# विद्यार्थियों का जीवन सुधारने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान - अनम कडपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जावरा




शिक्षकों द्वारा दिया गया ज्ञान सच्ची दिशा प्रदान करता है विद्यार्थियों को निखारने में शिक्षकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्री राम विद्या मंदिर में अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अनम कडपा ने व्यक्त किये। सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी ने कहा कि शिक्षक की विशेषता के बारे में सदैव समाज का सकारात्मक सोच रहा है और इसीलिए शिक्षक को समाज में विशिष्ट स्थान प्राप्त है ।

श्री राम विद्या मंदिर के शिक्षकों जाकीर हुसैन मंसुरी, सुनिता गेहलोत , मेधा गुर्जर का सम्मान नगर पालिका अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ने शाल एवं श्रीफल से किया।

अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष अभय कोठारी, जगदीश उपमन्यु, वीरेंद्र सिंह चौहान ,सैयद अमजद अली, विनोद चौरसिया, विद्यालय के प्राचार्य जाकिर हुसैन मंसूरी कविता पांचाल, यास्मीन खान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में नूरजहां कडपा, सैयद अमजद अली, जाकिर मंसूरी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किया ।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

**मंदसौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लक्ष्मण दरवाजा क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ पर दबिश दी है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशों पर, एएसपी टी.एस. सिंह बघेल एवं सीएसपी जितेंद्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में यह कार्यवाही अंजाम दी गई। 5 और 6 सितंबर की दरमियानी रात मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने किला रोड स्थित लक्ष्मण दरवाजा क्षेत्र में घेराबंदी कर हार-जीत का दांव लगा रहे 17 जुआरियों को रंगे हाथों दबोच लिया। मौके से ताश के पत्तों के साथ



कुल 1 लाख 46 हजार 250 रुपये की नगद राशि बरामद की गई है।

पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने हनुमान नगर निवासी भगवान मेघनानी, प्रतापगढ़ निवासी रणजीत उर्फ रंगीला भाटी, लक्ष्मण दरवाजा निवासी अशोक होतवानी, मदार्दीन मोहल्ला निवासी अख्तर उर्फ भुरिया, दशरथ नगर निवासी बबलू उर्फ भगवान दास, अभिनंदन कॉलोनी निवासी जाहीद मेवाती, किटयानी निवासी फरियाद, खानपुरा निवासी विशाल राजपूत, दौलतपुरा निवासी हैदर मेव, ग्राम मुल्तानपुरा निवासी शाबीर मुल्तानी, खानपुरा निवासी राहुल मोची को गिरफ्तार किया।

## बहु कुंडी यज्ञ पूणार्हुती के साथ समापन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय आर्यसमाज द्वारा गत 28 अगस्त से 6 सितंबर 26 तक आयोजित दस दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह का 6 सितंबर 26 को आर्य समाज मंदिर पर ब्यावर के आर्य समाज प्रमुख भजनोपदेशक तथा विद्या वाचस्पति श्री अमरसिंह जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बहु कुंडी यज्ञ पूणार्हुती के साथ संपन्न हुआ वेद प्रचार सप्ताह । प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा भी उपस्थित हुए।

# मंडी के पीछे खड़े पिकअप से दो क्विंटल लहसुन चोरी, पुलिस गश्त की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी



कृषि उपज मंडी के पीछे रात्रि में खड़े लहसुन से भरे पिकअप वाहन से अज्ञात बदमाश करीब दो क्विंटल लहसुन चोरी कर ले गए। चोरी की घटना का पता रविवार सुबह चलने के बाद किसानों में आक्रोश फैल गया। धार, इंदौर और बड़नगर क्षेत्र से आए किसानों ने मंडी गेट नंबर-2 के बाहर धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों ने मंडी परिसर के पीछे वाहनों को खुले में खड़ा करवाए जाने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने पर मंडी प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार सिजावत (बड़नगर) निवासी सुनील पिता मनोहरलाल पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 14 जीसी 1695 में करीब सात किसानों का लहसुन लेकर पिपलिया कृषि उपज मंडी पहुंचा था। रात्रि में मंडी में प्रवेश नहीं दिए जाने के कारण पिकअप को करीब रात 1 बजे मंडी के पीछे खुले स्थान पर खड़ा करवाया गया। यहां पहले से भी कई किसानों के लहसुन से भरे वाहन खड़े थे। रात्रि के दौरान अज्ञात बदमाशों ने पिकअप वाहन पर लगा तिरपाल हटाया और रस्सियां काटकर वाहन में रखे लहसुन के कट्टों में से करीब दो क्विंटल लहसुन, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई गई है, चोरी कर लिया। रविवार सुबह जब ड्राइवर सुनील की नजर वाहन पर पड़ी तो तिरपाल और रस्सियां कटी हुई मिलीं तथा लहसुन के कट्टे गायब थे। चोरी की जानकारी मिलते ही किसानों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि सुनील उक्त पिकअप वाहन को महज 300 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी पर लेकर आया था। चोरी के बाद जिन किसानों का लहसुन चोरी हुआ, उन्होंने कथित तौर पर चोरी की भरपाई की जिम्मेदारी ड्राइवर पर डाल दी। यह बात अन्य किसानों को पता चली तो वे भी आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में मंडी गेट नंबर-2 के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे। धरने पर बैठे सगडोद (देपालपुर) निवासी किसान मुकेश प्रजापत ने कहा कि मंडी के पीछे किसानों के वाहनों को एकांत और अंधेरे स्थान पर खड़ा करवाया जाता है। यहां रात के समय चोरी का खतरा बना रहता है। किसानों द्वारा पूर्व में भी कई बार चोरी की शिकायतें की गई हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

## न्यूज कालम



### रणजीत सिंह ने नवनिर्वाचित विधायक को शपथ ग्रहण पर दी शुभकामनाएं

**पिपलिया मंडी।** 6 सितंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के पश्चात कुंवर घनश्याम सिंह जी के शपथ ग्रहण करने पर उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की। दतिया विधानसभा क्षेत्र की गरीब, मजलूम, यतीम, विधवा,अबला,माता बहनों के साथ ही साथ निम्न श्रेणी में बैठे हुए किसान,मजदूर की भावनाओं को समझते हुए उनके दुख और पीड़ा में हर संभव खड़ा रहने हेतु उनसे अपील की। आपने कुं घनश्याम सिंह को जिस प्रकार से दतिया की जनता ने आशीर्वाद देकर उन्हें विजय बनाया इसी तरह वे समस्त जनता की भावनाओं पर खड़ा उतरेंगे, इस प्रकार का विश्वास जताया और मध्य प्रदेश की जनता से कुंवर शक्तावत ने अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार से दतिया की जनता ने कुंवर घनश्याम सिंह जी को विधायक बनाया है इस तरह 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने हेतु सभी आशीर्वाद दाता तैयार रहें और इस निरंकुश भाजपा सरकार से निजात पाने हेतु हर संभव हर आशीर्वाद दाता प्रयत्न करें तभी इस प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली बिखरेगी।

### बारबर ट्रेनर की बेंच ने मंत्री चेतन कश्यप से की मुलाकात



**जावरा ।** पीएम विश्वकर्मा एडवांस्ड बार-बर ट्रेनिंग के तहत स्क्रिस्प भोपाल में आयोजित ट्रेनिंग के पश्चात तीसरी बेंच के जिले भर के ट्रेनर प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन कश्यप से मुलाकात कर इन्हें विभिन्न जानकारियां से अवगत करवाया गया ।इस मौके पर विश्वकर्मा मास्टर ट्रेनर अनुपम बोडाना, प्रतिभागी संजय डाबी ,भारत परमार ,प्रवीण रोजाना, संजय डोडिया, दिनेश सोलंकी, सहित अन्य कई प्रतिभागी मौजूद थे।

### गोगा नवमी पर भव्य निशान के साथ जुलूस निकला



**नीमच।** गत वर्ष अनुसार शहर में शनिवार को गोगा नवमी के अवसर पर भव्य निशान ढोल धमाके के साथ निकले। शहर के प्रमुख मार्गो से निकले जुलूस में ढोल नगाड़े के साथ युवा एवं बच्चे अखाडा करतब दिखाते चल रहे थे। जुलूस का टैगोर मार्ग पर विधायक दिलीप से परिहार ने भी सम्मिलित होकर समाज जनों का साफा बांधकर अभिनंदन कर निशान को नमन किया गोगा देव की जय के जय कारों के साथ युवा और बुजुर्ग झूमते, नाचते चल रहे थे। इस तरह इस पर्व के अवसर पर समाज प्रमुख सहित सभी का पुष्प वर्षा से जगह-जगह अभिनंदन किया गया।

### शिवना शुद्धिकरण अभियान में नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने का दोहराया संकल्प



**मंदसौर।** वर्षा ऋतु के बीच भी शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत रविवार को 141वें दिन श्रमदान का कार्य निरंतर जारी रहा। सुबह 7 से 9 बजे तक समाजसेवियों, युवाओं, महिलाओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने नदी में उतरकर जलकुंभी, प्लास्टिक कचरा और जलकुंभी-फूलमालाएं बाहर निकालीं तथा किनारे पर उगी गाजर घास की सफाई की। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने भी अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। विधायक श्री जैन ने कहा यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शिवना पूरी तरह साफ और स्वच्छ नहीं हो जाती। उन्होंने नगरवासियों से हर रविवार सुबह दो घंटे श्रमदान के लिए समय निकालने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, महिला नेत्रियां और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### घर-घर कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**नीमच ।**शहर व जिले मे शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रमुख मंदिरों के साथ-साथ भक्तों ने घर-घर श्री कृष्णा का जन्मोत्सव मनाया। जन्माष्टमी पर्व पर घरों में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकियां सजाई गई। लोगों ने अपने छोटे बच्चों का रंगबिरंगी परिधान और पोशाक धारण कराकर आकर्षक श्रृंगार कर श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजाया । नगर में दिनभर कई घरों में बच्चों के बाल गोपाल स्वरूप का मनमोहक नजारा दिखाई दिया।

## एडीएम ने मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**सुसनेर।** नगर परिषद में होने वाले नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेरसिंह मीना के निर्देश पर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने सुसनेर पहुंचकर निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा इंतजाम और निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली।

## उपचुनाव को लेकर भाजपा की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**सुसनेर।** नगर परिषद अध्यक्ष के उपचुनाव को लेकर भाजपा की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव की तैयारियों एवं संगठन स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उज्जैन उत्तर विधानसभा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी एवं जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, बद्रीलाल सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिंतामण राठौर, जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत, सजन सिंह कलारिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजपाल सिंह कलारिया, जनपद सदस्य कालू सिंह, मंडल महामंत्री लखन सेन, कालुसिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरु पूजन कर शिक्षकों का किया सम्मान

**सुसनेर।** समीप ग्राम लोलकी में शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय लोलकी में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने गुरु पूजन कर शिक्षकों का स्वागत एवं सम्मान किया तथा उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान शिक्षकों ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा अपने जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा किए। विद्यार्थियों के स्नेह और सम्मान से विद्यालय में गुरु-शिष्य परंपरा का आत्मीय वातावरण नजर आया। कार्यक्रम में शाला प्रभारी अजय जैन, योगेश राठौर, दयाराम ओसारा, मोहनलाल शर्मा सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना विकसित करना रहा।

# शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षक दिवस समारोह मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर







सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल , प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं सिस्टर पुष्पा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्रा परी पोरवाल, सिद्धि उथरा की ओर से स्वागत भाषण के साथ एवं नीलम चैहान और उनके समूह द्वारा प्रार्थना गीत से हुआ। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीत, नृत्य और नाटिका के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि जीवन को गढ़ने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के माध्यम से जिस उत्साह का आपने प्रदर्शन किया यह उत्साह आपके जीवन में सदैव बना रहे और नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करते रहें। शिक्षकों से मूल्य एवं ज्ञान ग्रहण कर एक आदर्श छात्र के रूप में स्वयं को स्थापित करें केवल एक दिन ही नहीं बल्कि प्रतिपल शिक्षकों के लिए आभारी रहें। सीखने की यह प्रक्रिया आपके जीवन में यूं ही बनी रहे। मंच पर जो आपने सुंदर एवं अद्भुत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इसकी में हृदय से सराहना करता हूँ। मै पुनः सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। अंत में विद्यालय के प्राचार्य सोबी थॉमस सर नें अपने धन्यवाद भाषण के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले एवं कार्यक्रम का आयोजन करने वाले छात्रों का, मार्गदर्शक शिक्षकों का एवं सहयोगी कर्मचारियों का धन्यवाद प्रेषित किया एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में स्वरुचिभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### खाचरोद

नगर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान , नपाध्यक्ष गोविद भरावा, अश्विन डिढोलकर, उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद प्रतिनिधि दशरथ वाकतरीय राजेंद्र धाकड़,का स्वागत सत्कार प्राचार्य जुझार सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान प्रशंसनीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक चौहान द्वारा सभा को संबोधित करते हुवे कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी शिक्षकगणों को उनके समर्पण, सेवा एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए हृदय से अभिनंदन करता हु। इस अवसर पर नपाध्यक्ष गोविद भरावा द्वारा कहा गया कि शिक्षक की शिक्षा से ही नई पीढ़ी में संस्कार ओर राष्ट्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी शिक्षकों का सम्मान कर आभार प्राचार्य ने माना।

### बड़ौद

स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में शिक्षक दिवस के अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह कार्यंक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर किया गया। कार्यक्रम कें मुख्य अतिथि प्रदीप जोशी (सेवानिवृत्त प्राचार्यं विद्या भारती मालवा प्रांत), विशेष अतिथि मुकेश कुमार तरवेचा (सचिव हं.शि.स.बड़ौद), विनोदकुमार मोदी (कोषाध्यक्ष हं.शि.स.बड़ौद) , कमलेशकुमार जैन (सहसचिव हं.शि.स.बड़ौद) , भगवतस्वरुप शर्मा (सा.स.सदस्य हं.शि.स.बड़ौद), नारायणसिंह मल्डावदिया (संस्था प्राचार्यं) एवं अध्यक्षता विजयकुमार जैन (संस्था अध्यक्ष) ने की । अतिथि परिचय मुकेशरावधुले ने कराया। अतिथि स्वागत दिनेश भावसार. जैनम जैन , महेन्द्रसिंह ने किया। पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्यं मुकेशरावधुले एवं ईश्वर शर्मां ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथि विजयकुमार जैन एवं कमलेशकुमार जैन ने गुरु की महत्ता का बखान करते हुए कहा की बीना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना असंभव है। एवं मुख्य अतिथि प्रदीप जोशी द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्पूर्णं जीवन वृत्त की जानकारी भैंया/बहिन को साझा की गई ।एवं बताया की डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक शिक्षक से देश के प्रथम नागरीक राष्ट्रपति के रुप में केसे सम्मानित हुए। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन एक प्रेरणा है जो हर शिक्षक को अपने जीवन में उतारना होगा। पश्चात हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन हंसवाहिनी शिक्षा समिति बडौद द्वारा रखा गया । जिसमें आचार्य परिवार एवं समस्त स्टॉफ को कुमकुम-तिलक लगाकर गणवेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को उत्कृष्ट शिखर पर ले जाने वाले प्राचार्य नारायणसिंह मल्डावदिया का स्वागत हंसवाहिनी शिक्षा समिति परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त आचार्य/दीदी एवं भैंया/बहिन उपस्थित रहें। संचालन ईश्वर शर्मां ने किया।

## फसल नष्ट कर झगड़ा नातरा कुप्रथा में 30 लाख की मांग करने वाले चारों आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



जिला राजगढ़ में नातरा झगड़ा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंदसिंह राठौर के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नातरा झगड़ा के नाम पर अवैध धनराशि की मांग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली राजगढ़ में फरियादी मुकेश पिता हरचन्द तंवर 28 वर्ष, निवासी ग्राम रामगढ़ द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि उसकी बहन ज्योति की शादी ग्राम निपानिया में बनेसिंह तंवर के लड़के नैनकराम से हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते नैनकराम एवं उसके परिजन द्वारा फरियादी से विवाद कर झगड़े के रूप में 30 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। आरोपियों द्वारा पूर्व में भी उससे 20 हजार रुपये लिए गए थे। झगड़ा कुप्रथा में मांगी गई राशि 30 लाख रुपये पूरे नहीं देने के कारण रात्रि में आरोपियों द्वारा फरियादी एवं अन्य ग्रामीणों के खेतों में खड़ी सोयाबीन एवं मक्का की फसल काटकर नष्ट कर दी गई, जिससे लगभग 05 लाख रुपये का नुकसान होना बताया गया। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा झगड़े के रुपये नहीं देने पर और अधिक नुकसान करने एवं जान से मारने की धमकी भी दी गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी लखन पिता बानेसिंह तंवर, बनेसिंह पिता घीसालाल तंवर 58 वर्ष, नानकराम पिता बानेसिंह तंवर 21 वर्ष, अजबसिंह पिता बानेसिंह तंवर 22 वर्ष, लखन पिता बनेसिंह तंवर 27 वर्ष सर्व निवासीगण ग्राम निपानिया थाना कालीपीठ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



ब्रह्माकुमारीज शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र ब्यावरा के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि लौकिक जगत में लोग इस दिन को केवल व्रत, उपवास और झांकियों तक सीमित रखते हैं। परंतु आज बेहद के परमपिता परमात्मा शिव बाबा की श्रीमत के प्रकाश में इस महापर्व के यथार्थ आध्यात्मिक और गुप्त रहस्यों को समझेंगे। ताकि हम अपने जीवन को श्रीकृष्ण जैसा श्रेष्ठाचारी और पावन बना सकेंगे।

शास्त्रों में दिखाया गया है कि श्रीकृष्ण का जन्म आधी रात को, कंस की जेल में हुआ था। यह बेहद का एक बहुत सुंदर और गहरा आध्यात्मिक रहस्य है. रात्रि का अर्थ क्या है? यह स्थूल रात नहीं है। यह कलियुग के अंत का अज्ञान का अंधकार है जब आत्माएं काम , क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के वश होकर पूरी तरह अंधकार में जी रही हैं। कंस की जेल क्या है? यह लोहे की बनी जेल नहीं है, बल्कि हमारा यह पांच तत्वों का शरीर और यह कलियुगी पुरानी दुनिया है, जहां हर आत्मा अपने ही विकारों के बंधन में कैद है। कलियुग के इस घोर अंधकार में, दुखों की चरम सीमा पर, स्वयं परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर दिव्य अवतरण करते हैं, तो वे ज्ञान और राजयोग के बल से हमारे भीतर भगवान श्रीकृष्ण जैसी पावन चेतना को जन्म देते हैं। जब ज्ञान सूर्य परमात्मा प्रकट होते हैं, तो अज्ञान के सारे ताले (बंधन) अपने आप टूट जाते हैं, पहरेदार (माया-विकार) सो जाते हैं और आत्मा को मुक्ति व जीवन मुक्ति का मार्ग मिल जाता है।

## बाजार में नई मूंगफली की आवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

क्षेत्र के बाजारों में इस बार नई मूंगफली की आवक होने लगी है, जिसके चलते स्थानीय खुले बाजार में फसल की आवक तेजी से शुरू हो गई है। बाजार में मूंगफली के बेहतरीन दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। इस बार किसानों को खुले बाजार में शानदार भाव मिल रहा है, जिससे उन्हें उम्मीद से बेहतर आमदनी हो रही है।

### तेल में तेजी से बढे दाने के दाम

बाजार में मूंगफली बेचने पहुंचे राजेश सिंह ने बताया कि इस बार खाने के तेल के दामों में आई तेजी के कारण मूंगफली के दानों की मांग काफी बढ गई है। मजबूत घरेलू मांग और तेल मिलों की ओर से लगातार की जा रही खरीदारी के कारण बाजार में आवक ज्यादा होने के बावजूद भाव काफी मजबूत बने हुए हैं।

## सारंगपुर में प्याज 60 रुपए किलो तक पहूंचा

### अदरक के दाम तीन गुना बढ़े, ग्राहक और होटल व्यापारियों का बजट बिगड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शहर के बाजार में प्याज के दाम 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। थोक मंडी की तुलना में खुदरा और हाट बाजार में कीमतें बढने से आम लोगों का रसोई बजट प्रभावित होने लगा है। मौसम बदलने के साथ हरी सब्जियों के दामों में भी अचानक तेजी आई है।

स्थानीय व्यापारी जाबिर अंसारी ने बताया कि पिछले सप्ताह प्याज 40 रुपए किलो बिक रहा था, जो अब बढ़कर 50 से 60 रुपए किलो हो गया है। सब्जी विक्रेता सुरेश पुष्पद ने बताया कि प्याज के अलावा गिलकी 50 रुपए किलो और फूलगोभी व पत्तागोभी 20 से 30 रुपए प्रति नग बिक रही हैं।

### अदरक 50 से बढ़कर 150 रुपए किलो हुआ

स्थानीय बाजार में कई सब्जियां दोगुने से तीन गुने दाम पर बिक रही हैं। सबसे ज्यादा तेजी अदरक के भाव में देखने को मिली है। कुछ दिन पहले तक 50 रुपए किलो बिकने वाला अदरक अब 150 रुपए किलो तक पहुंच गया है। प्याज, टमाटर और अदरक जैसी रोजाना इस्तेमाल होने वाली सब्जियों के दाम बढ़ने से आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# मंदिरों में गूंजा नंदलाला का जयघोष, आधी रात को मनाया जन्मोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया तथा भगवान के मनमोहक श्रृंगार किए गए। रात्रि 12 बजते ही मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया और महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

श्रीराम मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष रूप से गोपी वस्त्र हरण लीला की आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। वहीं श्रीराम-जानकी मंदिर में खाटूश्यामजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विशेष सजावट के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सुंदर व्यवस्था की गई। लक्ष्मीनारायण मंदिर में भी भगवान मनमोहक श्रृंगार किया गया जिसे देखने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। इसी प्रकार सत्यनारायण मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में शंख-घंटियों की गूंज के बीच महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे नगर में देर रात तक नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजते रहे।

इसी प्रकार आगर रोड स्थित स्कूल में नंदोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के आकर्षक स्वरूप में तैयार कर विद्यालय भेजा गया, जिससे विद्यालय परिसर कृष्णमय नजर आया।

नंदोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी और अपनी टीम भावना एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### बिछड़ौद

नगर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण मंदिरों में सुबह 6 बजे से ही दर्शन- पूजन को लेकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने बड़ी शांति और सद्भावना के साथ मंदिरों में श्रीकृष्ण- राधा सहित अन्य देवी- देवताओं का दर्शन- पूजन किया। इस दौरान बच्चें राधा- कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजधज के भी निकले। नगर में जन्माष्टमी पर्व को लेकर कई आयोजन संपन्न हुए। स्थानीय गोपाल मंदिर परिसर की विद्युत- फूलों एवं गुब्बारों से आकर्षक साज- सज्जा की गई। मंदिर परिसर में स्थित श्रीकृष्ण-राधाजी की प्रतिमा का आकर्षक एवं विशेष रूप से श्रृंगार किया। रात्री 8 बजे करीब मंदिर परिसर में सांस्कृतिक आयोजन करते हुए इंडियन मेलोडी ग्रुप तराना द्वारा भजन- कीर्तन हुए। साथ ही गोपाल मंदिर के अधिष्ठाता पुरुषोत्तम शर्मा 'पटेल' द्वारा सैनिक कृष्णपालसिंह गोहिल, रजत शर्मा, विरेंद्रसिंह चौहान, नंदकिशोर पाटीदार आदि को रूपचंद्र पटेल, घनश्याम पटेल शौर्य सम्मान एवं प्रतिभावन विद्यार्थियों को चुन्नीलाल पटेल मेधावी सम्मान से सम्मानित किया गया। नगर में स्थित श्री मारुतिनंदन हनुमान मंदिर, त्रिवेदी समाज के श्रीराम-जानकी मंदिर, नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के श्रीराम मंदिर, क्षत्रीय राठौर समाज के श्रीराम मंदिर, दर्जी समाज श्रीराम मंदिर, दलित समाज श्रीराम मंदिर आदि में भी कई आयोजन संपन्न हुए।

### मक्सी

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयघोष गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान के बाल स्वरूप के दर्शन किए और दूध, दही, घी, शहद व गंगाजल से अभिषेक किया। वहीं नया बाजार क्षेत्र में हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बजरंग मोहल्ला की गोविंदा टोली, राजू लावरे टीम ने मटकी फोड़कर जीत हासिल की। विजेता टीम को 5100 रुपये की पुरस्कार राशि और शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजजन मौजूद रहे।



## सेन्ट मार्टिन स्कूल में जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

**बड़नगर।** जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में धूमधाम से मनाया गया एवं आज शिक्षक दिवस पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस मनाते हुए सेन्ट मार्टिन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व विद्यालय में विभिन्न प्रकार के आयोजन हुए । फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कई बच्चे राधा एवं कृष्ण की वेश भूषा में आये कोई नरेंद्र मोदी बन कर आया तो कोई डॉक्टर बन कर आया। कार्यक्रम में पलकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था , उनकी भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता , चेयर रेस , एवं बलून फोड़ने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता को पुरुस्कृत किया गया , विद्यालय परिसर नंद गोपाल के भजनों से सरोबार हो गया था। कार्यक्रम का संचालन सुनील सर द्वारा किया गया। आज हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस है जो कि शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज सेन्ट मार्टिन स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमे बच्चों द्वारा अलग अलग प्रस्तुतियां दी गयी।

## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व



**बड़नगर।** विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल, बड़नगर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण एवं राधा की वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी एवं गीता के संदेश पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों की राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में भजन, नृत्य एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय संचालक मनोज संगतानी, निर्देशक विश्वास संगतानी एवं प्राचार्या इंदु पंजाबी सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सद्भाव, कर्म एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन श्रीकृष्ण के जयकारों एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## रॉयल हाइट्स स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा



**जीरापुर।** रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संचालक रणधीर सिंह चौहान, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह एवं प्राचार्य शैलेंद्र जोशी ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया। जन्मोत्सव के दौरान विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। नन्हे विद्यार्थियों ने कृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर बाल लीलाओं तथा भजनों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा और उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। संस्था संचालक रणधीर सिंह चौहान ने कहा कि कृष्ण जन्मोत्सव प्रेम, कर्म, सत्य और सदाचार का संदेश देता है।

# दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें महंगी, शक्कर 11.9% और अनाज के दाम 2.2% बढ़े, युद्ध और खराब मौसम से बिगड़े हालात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों के दाम अगस्त में बढ़कर 2022 के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। पिछले महीने शक्कर के दाम 11.9% और अनाज के दामों में 2.2% की बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था के मुताबिक, यूरोप में भीषण गर्मी-सूखे और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बाजार में अनाज की सप्लाई घटने का डर है। अगस्त में ग्लोबल फूड प्राइस इंडेक्स बढ़कर 133.3 अंक पर आ गया, जो जुलाई में 130.8 अंक था।

हालांकि, यह मार्च 2022 के ऑल-टाइम रिकॉर्ड स्तर से अभी भी 17% कम है। यूरोप में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और सूखे की वजह से मक्का और शुगर बीट की फसलों के साथ-साथ पशुधन के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा, अलनीनो मौसम चक्र के खतरे ने एशिया में पाम ऑयल और शक्कर के उत्पादन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिर्फ मौसम ही नहीं, बल्कि यूक्रेन-रूस युद्ध और



अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से पैदा हुए व्यापारिक व्यवधान ने भी कृषि बाजारों को प्रभावित किया है। इससे अनाजों के दाम 3 साल के उच्चतम स्तर पर और शक्कर की कीमतें एक साल के पीक पर पहुंच गई हैं। ब्लैक सी क्षेत्र में हमलों के बढ़ने से रूस और यूक्रेन से होने वाला अनाज का शिपमेंट प्रभावित हुआ है। दोनों देशों के बीच पिछले साढ़े 4 सालों से संघर्ष जारी है। दूसरी ओर, अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के कारण फसलों के लिए जरूरी फर्टिलाइजर की सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ रहा है,

### अनाज उत्पादन में 34 लाख टन की कटौती का अनुमान

एक अलग रिपोर्ट में एजेंसी ने वर्ष 2026 के लिए वैश्विक अनाज उत्पादन के अनुमान को जुलाई के मुकाबले 34 लाख मीट्रिक टन घटाकर 2.980 अरब टन कर दिया है। यह आंकड़ा 2025 के मुकाबले 2.0 प्रतिशत कम है, जो 2018 के बाद से सबसे बड़ी वार्षिक गिरावट है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद यह अनुमानित उत्पादन इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड उत्पादन होगा। वित्तवर्ष 2026-27 के अंत में दुनिया भर में अनाज के वैश्विक भंडार का अनुमान भी 1.1 प्रतिशत घटाकर 947.2 लाख टन कर दिया गया है।

### एक हफ्ते में सोना 4694 और चांदी 8436 सस्ती

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 4,694 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए हो गया है।

इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 28 अगस्त को करीब 1.60 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.44 लाख रुपए किलो से घटकर 2.35 लाख रुपए पर पहुंच गई है, इसकी कीमत 8,436 रुपए बढ़ी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 22 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.55 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.35 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

## गूगल को-फाउंडर का यॉट नौसेना के जहाज जितना बड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन का लगभग 4,250 करोड़ रुपए का आलीशान सुपरयॉट 'ड्रैगनफ्लाई' इन दिनों अपनी विशाल बनावट और फ्यूलिंग के तरीके को लेकर चर्चा में है। 466 फीट लंबा यह यॉट आम प्राइवेट यॉट मरीना के हिसाब से बहुत बड़ा है। इसी वजह से इसे ईंधन भरवाने के लिए स्पेनिश नेवी के क्रूज बर्थ का इस्तेमाल करना पड़ा।

पानी के जहाजों, बोट्स और यॉट को खड़ा करने, साफ-सफाई करने और उनमें ईंधन भरने के लिए समुद्र के किनारे बनाई गई खास जगह को 'मरीना' कहा जाता है। ड्रैगनफ्लाई के विशाल आकार का अंदाजा इसके ईंधन की जरूरत से लगाया जा सकता है। यदि इसे 11.6 लाख लीटर की क्षमता से फुल रीफिल किया जाए, तो इसका बिल ?13.04 करोड़ से ?13.61 करोड़ तक पहुंच जाता है। पाइपलाइन से ईंधन भरने में लगभग 12.5 घंटे लगते हैं।

यदि इतने बड़े यॉट को सड़क मार्ग से आने वाले सामान्य डीजल टैंकरों से भरा जाए, तो 11.6 लाख लीटर ईंधन की आपूर्ति के लिए लगभग 60 टैंकर ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। ट्रकों के जरिए ईंधन भरने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता है। इसी वजह से जिब्राल्टर जैसे औद्योगिक स्तर के फ्यूलिंग हब का इस्तेमाल किया जाता है, जहां 3,200 मीट्रिक टन और 13,350 मीट्रिक टन क्षमता के बड़े-बड़े डीजल स्टोरेज टैंक मौजूद हैं।

# 35 रुपए किलो प्याज बेचने के बाद भी कीमतें बढ़ी

## देशभर में औसत भाव 50.79 पहुंचा; दिल्ली में 65 और चेन्नई में 63 बिका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के बफर स्टॉक से सस्ती दर पर प्याज बेचने के बावजूद कीमतें नहीं घटी है। सरकार 28 अगस्त से 17 शहरों में 35 प्रति किलो के भाव पर प्याज बेच रही है। इसके बावजूद पूरे देश में प्याज का औसत खुदरा भाव 48.5 प्रति किलो से बढ़कर 50.79 प्रति किलो पहुंच गया है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस योजना के पहले 10 दिनों में लगभग 4,000 टन बफर प्याज की बिक्री की जा चुकी है। इसके बावजूद महानगरों में प्याज के दाम ऊंचे बने हुए हैं। 5 सितंबर को देश के प्रमुख शहरों में प्याज की कीमतों में बड़ा अंतर




देखा गया। दिल्ली में प्याज 65 प्रति किलो, मुंबई में 53 प्रति किलो, चेन्नई में 63 प्रति किलो और रांची में 40 प्रति किलो के भाव पर बिका। वहीं, देश भर में प्याज का औसत थोक भाव 42.79 प्रति किलो दर्ज किया गया। सरकार साल 2026 के लिए बनाए गए अपने 1.21 लाख टन के बफर स्टॉक में से प्याज जारी कर रही है। यह काम नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन और नैफेड के जरिए हो रहा है। उत्पादक राज्यों से प्याज को ट्रकों और रेलवे की विशेष मालगाड़ी 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए उन शहरों में भेजा जा रहा है जहां कीमतें ज्यादा बढ़ रही हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि दिल्ली और चेन्नई के लिए भारी मात्रा में प्याज भेजा जा चुका है।

### अफसरों का दावा- बफर सेल से कीमतों में 2 से 3 रुपए की कमी आई

निधि खरे के मुताबिक, बफर स्टॉक जारी होने से स्थानीय स्तर पर कीमतों में हल्की नरमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकारी बफर का प्याज साइज और क्वालिटी में निजी व्यापारियों के प्याज के बराबर ही है। वहीं, अनिस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि उनकी एजेंसी ने अब तक अलग-अलग शहरों में 1,500 टन बफर प्याज बेच दिया है। उनका फोकस रिटेल स्तर पर 35 प्रति किलो के भाव पर सीधे उपभोक्ताओं तक प्याज पहुंचाने पर है।

# फॉक्सवैगन में 50,000 कर्मचारियों की छंटनी होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूरोप की सबसे बड़ी कार कंपनी फॉक्सवैगन ने अपने खर्च घटाने और बिजनेस सुधारने के नए प्लान को मंजूरी दे दी है।

इसके तहत दुनिया भर में 50,000 और कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा। यह कटौती पहले से निकाली जा रही 50,000 नौकरियों के अलावा होगी।

इस बड़े ऐलान के बाद फ्रैंकफर्ट शेयर बाजार में फॉक्सवैगन के शेयर्स में 7.9% की जोरदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों को संभावित अभूतपूर्व संकट से राहत मिलती दिखी। इस समझौते से फॉक्सवैगन मैनेजमेंट का अपनी कर्मचारी यूनियनों और दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक 'लोअर सेक्सनी' राज्य सरकार के साथ होने वाला बड़ा विवाद टल गया है।

इससे पहले विरोध के बावजूद मैनेजमेंट जबरदस्ती इस प्लान को लागू करने के लिए इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की तैयारी में था। नए फैसले से फॉक्सवैगन का कामकाज आसान हो जाएगा और बड़े फैसलों में बोर्ड का दखल कम होगा, जहां फिलहाल यूनियनों और सरकार का दबदबा था। इसके अलावा, पैसेंजर कार और पार्ट्स बिजनेस को अलग कंपनी बनाने का पुराना प्लान भी अब रद्द कर दिया गया है।

# Sport

### विमेंस टी-20- शेफाली 3 हजार रन बनाने वाली यंगेस्ट खिलाड़ी; हरमनप्रीत ने बतौर कप्तान 150वां मैच खेला

# पाकिस्तान ने अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने विमेंस एशिया कप में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। दुबई में पाकिस्तान की टीम सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई, जो महिला टी-20 इंटरनेशनल में उसका सबसे छोटा स्कोर है।

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा सबसे कम उम्र में 3 हजार टी-20 रन बनाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं, हरमनप्रीत कौर 150 टी-20 मैच में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। पाकिस्तान ने विमेंस टी-20 इंटरनेशनल का अपना सबसे लोएस्ट स्कोर बनाया। वह शनिवार को सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले टीम 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 56 रन ही बना पाई थी। शेफाली वर्मा ने 22 साल 220 दिन की उम्र में 3 हजार टी-20 इंटरनेशनल रन पूरे किए। उन्होंने आयरलैंड की गैबी लुईस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 24 साल



347 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया था। शेफाली ने पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया। उन्होंने दूसरी बार यह कारनामा किया, जो विमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा बार का रिकॉर्ड है। इससे पहले उन्होंने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भी ऐसा किया था। दोनों ही मौकों पर शेफाली के सामने पाकिस्तान की गेंदबाज सादिया इकबाल थी। हरमनप्रीत ने बतौर कप्तान अपना 150वां मैच खेला। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाली मेंस और विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की पहली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे नंबर पर 121 मैच के साथ श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं।

### भारत आने वाली ब्राजील टीम का ऐलान 9 को

ब्राजील की मेंस फुटबॉल टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी 9 सितंबर को भारत के खिलाफ होने वाले सीबीएफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए 26 सदस्यीय टीम का ऐलान करेंगे। ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने 2 सितंबर को इसकी जानकारी दी। भारत और ब्राजील के बीच मैच 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 31 अगस्त को अपनी टीम घोषित कर चुका है, लेकिन ब्राजील के भारत आने वाले खिलाड़ियों के नाम अभी सामने नहीं आए हैं। सीबीएफ के मुताबिक, एंसेलोटी 9 सितंबर को ब्रासीलिया समयानुसार दोपहर 3 बजे 26 खिलाड़ियों के नाम घोषित करेंगे। यही टीम सितंबर और अक्टूबर में होने वाले ब्राजील के तीन इंटरनेशनल फ्रेंडली मैचों में खेलेगी। ब्राजील 25 सितंबर और 29 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले खेलेगा। इसके बाद 3 अक्टूबर को भारत से भिड़ेगा।

### रुमेश पाथिरागे ने जीता डायमंड लीग फाइनल

**कोलंबो।** श्रीलंका के जेवलिन थ्रोअर रुमेश थारंगा पाथिरागे ने डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत लिया। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 89.04 मीटर का थ्रो किया और लीग में पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही रुमेश डायमंड लीग फाइनल जीतने वाले श्रीलंका के पहले एथलीट बन गए। खराब और ठंडे मौसम के बावजूद उन्होंने यह शानदार प्रदर्शन किया। रुमेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने पहले प्रयास में 80.42 मीटर और दूसरे प्रयास में 79.73 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पूर्व ओलिंपिक चैंपियन केशॉर्न वालकोट ने 83.99 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली।

### नैनो न्यूज

- **भारत ने पाकिस्तान को हराया** – महिला एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। पाकिस्तान सिर्फ 55 रन पर सिमटा।
- **भारत सेमीफाइनल में पहुंचा** – पाकिस्तान पर जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।
- **श्री चरानी की शानदार गेंदबाजी** – श्री चरानी ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 रन देकर 3 विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।
- **हरमनप्रीत का 150वां कप्तानी मैच** – हरमनप्रीत कौर ने 150 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने वाली पहली खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया।
- **शमी का 100वां फर्स्ट-क्लास मैच** – मोहम्मद शमी आज दलीप ट्रॉफी फाइनल में अपना 100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेल रहे हैं। उनके नाम 382 विकेट हैं।
- **शमी की वापसी पर चर्चा** – पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा कि चयनकताओं को शमी के लिए राष्ट्रीय टीम का दरवाजा बंद नहीं करना चाहिए।
- **सात्विक-चिराग फाइनल में** – सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चाइना मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे, जहां वे खिताब के लिए उतरेंगे।
- **डायमंड लीग में बड़ा उलटफेर** – रुमेश पाथिरागे ने 89.04 मीटर के थ्रो के साथ डायमंड लीग फाइनल जीता।

# हॉकी एशिया कप- भारतीय मेंस टीम ने ड्रॉ खेला

## जापान के खिलाफ आखिरी 59 सेकंड में अनमोल ने गोल किया; महिला टीम जीती

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

चीन में चल रहे जूनियर हॉकी एशिया कप में रविवार को भारत और जापान का मैच 3-3 की बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने मलेशिया को 11-1 से हराया।

पुरुषों के मैच में भारत ने पिछड़ने के बाद आखिरी मिनट में गोलकर बराबरी की। कप्तान अनमोल एका ने भारत को हार से बचाया। उन्होंने चौथे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। भारत ने अपने पहले पूल मैच में इंडोनेशिया को 14-0 से हराया था। भारत ने मैच के चौथे मिनट में बढ़त बनाई। फाउल के बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान अनमोल गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। भारत ने 10वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी की। पेनल्टी कॉर्नर पर आशु मौर्य ने गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

जापान ने इसके तुरंत बाद 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। यूंशिन सासाकी ने इस मौके को गोल में बदलकर स्कोर 2-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने लगातार हमले किए। भारत अपनी बढ़त बढ़ाना चाहता था, जबकि जापान बराबरी के गोल की तलाश में था। किसी भी टीम को निर्णायक मौका नहीं मिला और हाफ टाइम तक भारत 2-1 से आगे रहा।

तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने नियंत्रण के लिए कड़ी कोशिश की। जापान ने कुछ अच्छे मौके बनाए और एक पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन उसे गोल में नहीं बदल सका। भारत के डिफेंस ने अपनी मामूली बढ़त बचाए रखी। चौथे क्वार्टर में जापान ने बराबरी के लिए दबाव बढ़ाया।



उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। दोबारा दिए गए पेनल्टी कॉर्नर पर जापान के कप्तान काजुकी नाकानिशी ने 48वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के आखिरी पांच मिनट में जापान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस बार जापान का फ्लिक गोल से बाहर चला गया।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR


## न्यूज कॉलम

### आदिवासी अंचल तक पहुंची रेल, कल से टांडा रोड-प्रतापनगर ट्रेन दौड़ेगी

**धार।** धार जिले के आदिवासी अंचल में अब रेल सुविधा पहुंचने जा रही है। छोटा उदयपुर-धार रेल परियोजना के तहत टांडा रोड रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाइन का काम पूरा हो चुका है। 8 सितंबर को टांडा रोड स्टेशन से बड़ोदरा के प्रतापनगर स्टेशन के बीच नई ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी। नई रेल सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने धार सांसद सावित्री ठाकुर को आमंत्रित किया है। इसी दौरान बड़ोदरा में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का उद्घाटन भी किया जाएगा। कॉरिडोर पर चार मालगाड़ियों को भी रवाना किया जाएगा। सांसद सावित्री ठाकुर 2014 में पहली बार सांसद चुने जाने के बाद से ही धार लोकसभा क्षेत्र को रेल सुविधा से जोड़ने के प्रयास करती रही हैं।

### जुआ खेलते चार लोग पकड़े पुलिस ने गांव में पैदल घुमाया

**धार।** धार के तिरला थाना पुलिस ने शनिवार रात आहू गांव में जुआ खेल रहे 4 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 1,430 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए। चारों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया गया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस चारों को सायरन बजाते हुए गांव की गलियों में पैदल लेकर गई। इस दौरान चारों से सार्वजनिक रूप से यह कहलवाया गया कि वे आगे जुआ नहीं खेलेंगे। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों में आहू निवासी महेश पिता भगीरथ डावर (33) और कालू पिता रामाजी भूरिया (35) हैं। इनके अलावा लेटगांव निवासी गौतम पिता बलराम डावर (23) और बलराम पिता मांगीलाल डावर (45) को भी पकड़ा गया।

### खलघाट ब्रिज से नर्मदा में कूदे महिला-पुरुष के शव मिले

**धामनोद।** खरगोन जिले के बड़वाह से लापता एक महिला और पुरुष की धार जिले के धरमपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई। दोनों ने खलघाट एबी रोड स्थित संजय सेतु ब्रिज से नर्मदा नदी में छलांग लगा दी थी। जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को बड़वाह थाने में मोगरगांव निवासी गंगाबाई पति भोला और नादिया निवासी लखन पिता लालाजी मानकर की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। गंगाबाई का ससुराल बलवाड़ा के बरझर में है और उसकी ढाई साल की एक बच्ची है। वहीं लखन 3 सितंबर को घर से निकला था और 4 सितंबर को राखी बंधवाने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद उसने कदम उठा लिया।

### एकलव्य स्कूल में 9 बच्चे अचानक बीमार



**बुखार के चलते सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, सभी की हालत में सुधार**

**झाबुआ।** पेटलावद के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शनिवार दोपहर अचानक कई बच्चों की तबीयत खराब हो गई। बुखार से पीड़ित होने के कारण कुल नौ बच्चों को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन बच्चों में वैभव सरदार भगोरा (12 साल), पूजा विनोद भाबर (14 साल), सुनीता, अनाया समरथ डामर (15 साल), मोना नाथु गरवाल (12 साल), खुशी रमेश निनामा (14 साल), ज्योति धन्नालाल बारिया (11 साल), पिंटू पप्पू राणा (10 साल) और जीवन राजू सिंगाड़ (12 साल) शामिल थे। एक साथ इतने बच्चों के बीमार होने की खबर मिलते ही परिजन में चिंता फैल गई। अस्पताल में प्राथमिक इलाज और देखरेख के बाद बच्चों की हालत ठीक हो गई। इसके चलते रात आठ बजे तक इन सभी बच्चों के परिजन उन्हें अस्पताल से छुट्टी कराकर अपने घर ले गए। हालांकि, इस दौरान छात्र जीवन राजू सिंगाड़ का इलाज सिविल अस्पताल में जारी रहा।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर मेट्रो से व्यापार बढ़ेगा-** 17 किलोमीटर के नए मेट्रो कॉरिडोर से इंदौर के व्यापार, उद्योग, पर्यटन और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होने की उम्मीद है।
- **मेट्रो विस्तार से उद्योगों को-** इंदौर मेट्रो को पीथमपुर, महू, देवास, उज्जैन और मक्सी तक बढ़ाने की योजना से औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलने की संभावना है।
- **एयरोसिटी में पांच सौ करोड़-** एयरपोर्ट के पास करीब 11 हेक्टेयर में एयरोसिटी विकसित होगी। परियोजना में 500-600 करोड़ रुपए निवेश की उम्मीद जताई गई है।
- **एयरोसिटी में होटल ऑफिस बनेंगे-** प्रस्तावित एयरोसिटी में होटल, कार्यालय, आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को जगह मिलेगी। एयरपोर्ट से इसकी दूरी करीब 500 मीटर होगी।
- **पश्चिमी इंदौर लॉजिस्टिक्स हब बनेगा-** पश्चिमी इंदौर में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश से लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस और औद्योगिक परियोजनाएं विकसित होने की जानकारी सामने आई है।
- **प्लास्ट पैक में निवेश अवसर-** 27 से 30 नवंबर तक इंदौर में प्लास्ट पैक-2026 होगा। आयोजन के जरिए प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग में निवेश आकर्षित किया जाएगा।
- **तेईस शहरों में रोड शो होंगे-** प्लास्ट पैक-2026 के प्रचार के लिए 23 शहरों में रोड शो होंगे। निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों को इंदौर आयोजन में आमंत्रित किया जाएगा।
- **निर्यात कारोबारियों की बैठक होगी-** एफआईईओ 15 सितंबर को इंदौर में एलिजिबल मैन्युफैक्चरर इंपोर्टर योजना पर जागरूकता सत्र आयोजित करेगा।

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने इंदौर पहुंचकर रेलवे की तैयारियों और विकास कार्यों का लिया जायजा

# सिंहस्थ-2028 में 125 से ज्यादा ट्रेनें चलाएगा रेलवे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सिंहस्थ के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए रेलवे 125 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है।

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने रविवार को इंदौर पहुंचकर रेलवे की तैयारियों और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के दौरान यात्रियों की सुविधा और भीड़ को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि यात्रियों को यात्रा के लिए ज्यादा किराया नहीं चुकाना पड़े।

चेयरमैन सतीश कुमार ने इंदौर स्टेशन, शास्त्री ब्रिज और आसपास चल रहे रेलवे से जुड़े विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से स्टेशन रीडेवलपमेंट, यात्री सुविधाओं और इंदौर से जुड़े महत्वपूर्ण रेल प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इंदौर-मनमाड़, इंदौर-खंडवा और इंदौर-उज्जैन रेल सेक्शन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**सिंहस्थ के लिए 125 से ज्यादा ट्रेनें, यात्रियों के किराए पर भी फोकस-** सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने अभी से यात्री परिवहन की योजना पर काम शुरू कर दिया है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ के दौरान 125 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

इन ट्रेनों के जरिए उज्जैन के साथ इंदौर और आसपास के शहरों को जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। रेलवे का प्रयास होगा कि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित रेल यात्रा मिल सके। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ यात्रियों पर अतिरिक्त किराए का बोझ न पड़े, इस पर भी ध्यान दिया जाएगा।

इंदौर से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने पर काम इंदौर से अलग-अलग शहरों के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने की मांग पर भी रेलवे काम कर रहा है। चेयरमैन ने कहा कि इंदौर से संचालित होने वाली कुछ स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने की दिशा में प्रक्रिया जारी है।

### पूरी रूपरेखा जनरल मैनेजर और उनकी टीम के साथ साझा

उन्होंने अधिकारियों को बताया कि स्टेशन के विकास की पूरी रूपरेखा जनरल मैनेजर और उनकी टीम के साथ साझा की गई है। इसे रेलवे बोर्ड के स्तर पर भी प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि यात्री सुविधाओं को बेहतर करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। शास्त्री ब्रिज का निरीक्षण, नए रेलवे ओवरब्रिज पर भी चर्चा सतीश कुमार ने इंदौर के शास्त्री ब्रिज का भी निरीक्षण किया। ब्रिज के कारण यातायात और भविष्य में बढ़ने वाले दबाव को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है, उसके दौरान वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बेहद जरूरी होगी। नए एलाइनमेंट को लेकर दिए गए सुझावों पर भी रेलवे गंभीरता से विचार कर रहा है। नए शास्त्री रेलवे ओवरब्रिज के शुरूआती दौर का काम जल्द शुरू करने की दिशा में काम किया जाएगा। सुरक्षा के लिए एआई वाले कैमरे, चेहरा भी स्कैन कर सकेंगे रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक वाले कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। इन कैमरों के जरिए स्टेशन परिसर में होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी।

### व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी

इंदौर स्टेशन के रीडेवलपमेंट में तेजी के निर्देश रेलवे बोर्ड चेयरमैन ने इंदौर स्टेशन के रीडेवलपमेंट की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जून 2025 में भी उन्होंने स्टेशन का रिव्यू किया था। उस समय की स्थिति और वर्तमान स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के विकास और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आगे और क्या व्यवस्थाएं की जा सकती हैं, इस पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी।

इंदौर में छात्रों की गूंज के लिए मांगी परमिशन, चौकसे बोले- उनके नाम का फोबिया हो गया

# राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए कलेक्टर से मिले कांग्रेसी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम छात्रों की गूंज को लेकर कांग्रेस की तैयारियां जारी हैं, लेकिन कार्यक्रम स्थल को लेकर अब भी असमंजस बना हुआ है।

कांग्रेस नेता रीजनल पार्क के सामने आईडीए के खाली मैदान की अनुमति के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा भंवरकुआं इलाके में भी वैकल्पिक जगह तलाशने की कवायद चल रही है। दरअसल, 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों की गूंज कार्यक्रम प्रस्तावित है। कांग्रेसजन इसकी तैयारियों में जुटे हैं। छात्रों को जोड़ने के साथ बैठकों का दौर भी जारी है। हालांकि, कार्यक्रम स्थल अब तक तय नहीं हो पाया है। कांग्रेस ने रीजनल पार्क के सामने आईडीए के खाली मैदान में कार्यक्रम की अनुमति मांगी है, लेकिन अभी तक परमिशन नहीं मिली है। कांग्रेस की मांग है कि इन तीनों में से किसी एक स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाए।

**बीजेपी से जुड़े नेता ने कांग्रेस नेता को किया फोन-** इधर, पश्चिम क्षेत्र के बीजेपी से जुड़े एक नेता ने कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल को फोन किया। खंडेलवाल ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीजेपी से जुड़े नेता ने फोन कर अपने परिवार के बच्चों की राहुल गांधी से मुलाकात को लेकर चर्चा की। खंडेलवाल के मुताबिक, उन्होंने बीजेपी नेता को इस संबंध में जीतू भैया या सज्जन भैया से बात करने के लिए कहा है।

### सरकार को राहुल गांधी के नाम का फोबिया हो गया

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि सभी को पता है कि 19 सितंबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों की गूंज कार्यक्रम इंदौर में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम छात्रों के हितों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार से कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम देने की उम्मीद की थी, लेकिन अनुमति नहीं मिली। चौकसे ने आरोप लगाया कि सरकार राहुल गांधी से डरती है और उसे राहुल गांधी के नाम का फोबिया हो गया है। इसी कारण नियम-कायदे और कानून का हवाला देकर नेहरू स्टेडियम देने से इनकार किया जा रहा है। तीन जगह में से एक जगह देने की मांग पर चौकसे ने कहा कि कांग्रेस ने कलेक्टर से तीन स्थानों में से किसी एक जगह पर कार्यक्रम की अनुमति मांगी है। इनमें रीजनल पार्क के सामने खाली मैदान, खंडवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी का खाली ग्राउंड और जीएसीसी कॉलेज के पीछे का खाली मैदान शामिल है।

# रिटायर्ड डीसीपी की स्कॉर्पियो से कई वाहनों की टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में जोन-4 से रिटायर्ड हुए डीसीपी सुनील मेहता को आवंटित शासकीय स्कॉर्पियो कार ने शहर में कई वाहनों को टक्कर मार दी। घटना के वक्त गाड़ी का ड्राइवर शराब के नशे में धुत बताया जा रहा है। सुभाष नगर से राजकुमार ब्रिज के बीच करीब दो किलोमीटर तक राहगीरों ने स्कॉर्पियो का पीछा कर वीडियो बनाए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

वायरल वीडियो के अनुसार, सफेद रंग की स्कॉर्पियो (जिस पर 'डीसीपी' लिखा हुआ था) ने सबसे पहले एक मोपेड सवार को टक्कर मारी। इसके बाद बेकाबू वाहन ने रास्ते में आ रहे अन्य वाहनों को भी चपेट में ले लिया। राहगीरों ने गाड़ी को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस अफसर का वाहन होने के कारण कोई सामने आने की हिम्मत नहीं जुटा सका। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो डीआरपी लाइन के अंदर जाकर खड़ी हो गई। सुनील मेहता इंदौर के जोन-4 में डीसीपी के पद पर तैनात थे और करीब एक सप्ताह पहले ही सेवानिवृत्त हुए हैं। शासन द्वारा यह वाहन उन्हें ही आवंटित किया गया था। वर्तमान में उनके जोन का अतिरिक्त प्रभार जोन-1 के डीसीपी नरेंद्र रावत के पास है। मामला तुकोगंज, परदेशीपुरा और एमजी रोड थाना क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। पुलिस का कहना है कि घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन अब तक किसी भी पीड़ित या घायल ने थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत या एफआईआर दर्ज नहीं कराई है।

## दुर्घटना में पत्नी की मौत, शव को गोद में रखकर रोता रहा पति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बायपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का पहिया महिला के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पति काफी देर तक पत्नी के शव को गोद में रखकर परिजनों को फोन करता रहा और रोता रहा। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, दुर्घटना बायपास स्थित होमगार्ड मैदान के पास हुई। 32 वर्षीय रेखा अपने पति मनीराम के साथ बाइक से जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान महिला ट्रक की चपेट में आ गई और उसके सिर के ऊपर से पहिया गुजर गया। हादसे में महिला का सिर बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



## गैस भभकने से बुजुर्ग महिला की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में दो अलग घटनाओं में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला और 41 वर्षीय सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। लसूडिया में गैस भभकने से झुलसी महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि टिकरिया बादशाह में तांत्रिक बाधा से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगा ली। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

लसूडिया पुलिस के अनुसार घटना बजरंग नगर की है। 24 अगस्त को 65 वर्षीय तेजूबाई पति स्व. दयाराम छोटे सिलेंडर पर अपने लिए दलिया (थूली) बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस भभक गई। तेजूबाई अनियंत्रित होकर गिर पड़ीं और उनके कपड़ों में आग लग गई। गंभीर हालत में उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उनके मूल मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। इसके कारण तेजूबाई ने पास में ही एक कमरा किराए पर लिया था। हादसे के समय वह घर में अकेली थीं। उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्य काम पर गए हुए थे। उनके पति की पहले ही बीमारी के कारण मौत हो चुकी है।

दूसरी घटना टिकरिया बादशाह की है। यहां 41 वर्षीय जितेंद्र पुत्र चत्तर सिंह ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। जितेंद्र सब्जी विक्रेता थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। परिजनों के मुताबिक जितेंद्र तांत्रिक बाधा से परेशान थे। उन्हें लगता था कि किसी ने उन पर कुछ करा दिया है। उनका इलाज भी चल रहा था।

## अयोध्या गृह निर्माण संस्था के फर्जीवाड़े में कोर्ट सख्त

### संस्थापक सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर से 145 फ्लैट-9 दुकानें बनाने का मामला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अयोध्या गृह निर्माण सहकारी संस्था में करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़े के मामले में जिला कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। संस्था के पदाधिकारियों पर फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेजों के जरिए 145 फ्लैट और 9 दुकानों वाली बहुमंजिला इमारत का निर्माण कराने का आरोप है। मामले में कोर्ट ने एरोड्रम थाना पुलिस को संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं।

यह आदेश शिकायतकर्ताओं की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 175(3) के तहत लगाए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया गया। शिकायत के मुताबिक अयोध्या गृह निर्माण सहकारी संस्था की स्थापना वर्ष 1989 में 16 संस्थापक सदस्यों ने की थी। उद्देश्य सदस्यों को मकान और प्लॉट उपलब्ध कराना था। उस समय सदस्यों से कुल 31,080 रुपए एकत्र कर छोटा बांगड़दा क्षेत्र में करीब 1.48 एकड़ कृषि भूमि खरीदी गई थी। 2007 के मास्टर प्लान में जमीन का उपयोग आवासीय होने के बाद सदस्यों को प्लॉट देने का निर्णय लिया गया। आरोप है कि विवाद तब शुरू हुआ, जब 30 दिसंबर 2017 को नई कार्यकारिणी ने संस्था की कमान संभाली। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नई कार्यकारिणी ने मूल संस्थापक सदस्यों को जानकारी दिए बिना बहुमंजिला भवन बनाने की योजना तैयार की।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# स्वच्छता के बाद स्वच्छ-हवा में भी इंदौर ने मारी बाजी

### देश के टॉप-3 शहरों में जगह, आज होगा आधिकारिक ऐलान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्वच्छता के बाद अब स्वच्छ वायु के मामले में भी इंदौर ने देशभर में अपनी पहचान कायम रखी है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 के परिणामों में इंदौर को देश के टॉप-3 शहरों में जगह मिली है। हालांकि आधिकारिक रैंकिंग की घोषणा 7 सितंबर को नई दिल्ली में होगी। सूत्रों के मुताबिक, इंदौर ने सर्वेक्षण में दूसरा स्थान हासिल किया है।

नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा ऑडिटोरियम में होने वाले स्वच्छ वायु दिवस समारोह में इंदौर को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महापौर और निगमायुक्त को आमंत्रित किया गया है। निगम अधिकारियों तक भी पुरस्कार संबंधी जानकारी पहुंच चुकी है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव परिणामों की औपचारिक घोषणा करेंगे। नगर निगम के मुताबिक, शहर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई स्तरों पर काम किया गया। इनमें सड़क की सफाई से लेकर निर्माण मलबे के वैज्ञानिक निपटान और सार्वजनिक परिवहन में ई-वाहनों को बढ़ावा देने जैसे प्रयास शामिल हैं।



- **सड़कों की सफाई:** धूल नियंत्रण के लिए स्वीपिंग मशीनों का इस्तेमाल बढ़ाया गया।
- **ग्रीन बेल्ट:** शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन बेल्ट विकसित किए गए।
- **मलबे का वैज्ञानिक निपटान:** निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाले मलबे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान।
- **रीसाइकिल-रीयूज:** निर्माण मलबे के अधिकतम हिस्से को दोबारा उपयोग और रीसाइकिल करने के प्रयास किए गए।
- **ई-वाहनों को बढ़ावा:** सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम किया गया।
- इंदौर के दूसरे स्थान पर रहने की जानकारी फिलहाल सूत्रों के हवाले से सामने आई है। 7 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले समारोह में आधिकारिक परिणाम जारी होने के बाद ही अंतिम रैंकिंग स्पष्ट होगी।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com